धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, रविवार 28 जुलाई 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 110 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.2 | 26.9 |
| जमशेदपुर | 30.5 | 25.8 |
| डालटनगंज | 34.0 | 25.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.




पेज 08

**भड़का आक्रोश :** संसद में भाजपा सांसद के बयान पर बिफरा झामुमो

# राज्य भर में निशिकांत दुबे का पुतला दहन कर जताया विरोध

विशेष संवाददाता। रांची

संसद के मॉनसून सत्र के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के सदन में दिये गए बयान का झामुमो के साथ ही साथ ही जदयू ने भी जोरदार विरोध किया है. सांसद दुबे ने सदन में अपनी बात रखते हुए कहा था कि संथालपरगना, बिहार और बंगाल को मिलाकर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया जाए. भाजपा सांसद के वक्तव्य से बिफरे झामुमो कार्यकर्ताओं ने शनिवार शाम राजधानी रांची सहित संथालपरगना के पांच जिलों साहिबगंज, गोड्डा, दुमका, देवघर, पाकुड़, चाईबासा, जमशेदपुर, हजारीबाग, सहित राज्य भर में सांसद दुबे का पुतला दहन कर विरोध जताया. झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि सांसद दुबे ने संसद में झारखंड को बांटनेवाला बयान देकर न सिर्फ झारखंड, बल्कि यहां करोड़ों जनता व आदिवासियों का अपमान किया है. यह सांसद की झारखंड और आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है.

**झारखंड को बांटने का कुचक्र रच रही भाजपा :** पांडेय ने कहा कि भाजपा झारखंड को बांटने का कुचक्र रच रही है. कभी हिंदु-मुस्लिम की बात कर समाज को बांटने की कोशिश करती है, तो कभी आदिवासियों-मूलवासियों के लंबे संघर्ष के बाद बने झारखंड अलग राज्य को बांटने का बयान देकर भ्रम फैलाती है, जिसे यहां की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी. उन्होंने कहा कि भाजपा को इंटरल सर्वे में इस बात का पता चल गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में वे सत्ता में आनेवाली नहीं है, इसलिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है.

**गोड्डा में सांसद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी :** निशिकांत दुबे के संसदीय क्षेत्र में गोड्डा जिला मुख्यालय के कारगिल चौक पर केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मंडल के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए दुबे का पुतला दहन किया. कार्यकर्ता भाजपा, प्रधानमंत्री और सांसद के विरोध में नारे लगा रहे थे. भाजपा मुर्दाबाद, निशिकांत दुबे मुर्दाबाद जैसे नारे लगा रहे थे. झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य राजेश मंडल ने सभा को संबोदित करते हुए कहा कि भाजपा एक षड्यंत्रकारी पार्टी है. उसकी मंशा किसी न किसी रूप में झारखंड की खनिज संपदा को उद्योगपतियों के हाथों नीलाम करने की है, जिससे झामुमो भलीभांति परिचित है.

### गांव-गांव में भाजपा की पोल खोलेंगे झामुमो कार्यकर्ता

झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे राजधानी रांची के अलबर्ट एक्का चौक पर झारखंड विरोधी भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का पुतला दहन किया, आलम ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार निश्चित जानकर भाजपा अब राज्य को ही बांटने के फिराक में लग गयी है, ताकि यहां की खनिज संपदा लूट सके, लेकिन झामुमो कार्यकर्ता ऐसा नहीं होने देंगे. झामुमो कार्यकर्ता राज्य भर की जनता को भाजपा व इसके सांसद निशिकांत दुबे की झारखंड विरोधी ओछी मानसिकता की जानकारी देगी.

### लंबे संघर्ष के बाद बने झारखंड को बांटना चाहती है भाजपा : पांडेय



गोड्डा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का पुतला दहन करते झामुमो के कार्यकर्ता.

निशिकांत दुबे के बयान पर जदयू भी भड़का, कहा-

## ये तनाव बढ़ाने वाला बयान

**नयी दिल्ली।** गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान से जदयू सहमत नहीं है और पलटवार किया है. निशिकांत दुबे के बयान पर जदयू के राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन ने शनिवार को तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे कुछ राज्यों के कई जिलों को मिला कर केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग जो वह कर रहे हैं, इसे बेहद अव्यवहारिक, बचकाना, अज्ञानता पूर्ण, तनाव बढ़ाने वाला बयान कह सकते हैं. राजीव रंजन ने कहा कि एक वरिष्ठ सांसद के तौर पर राज्यों के पुनर्गठन और इससे जुड़े संवैधानिक प्रावधानों की जिस तरह से उन्होंने धज्जियां उड़ाई हैं, ऐसे नासमझी भरे बयान सुर्खियां तो बटोर सकते हैं, लेकिन इन बयानों को कोई गंभीरता से नहीं लेता है. ऐसे बयानों को खारिज करना चाहिए. इसके अलावा और कोई विकल्प नहीं बचता है.

**क्या बोले थे सांसद निशिकांत**

बांग्लादेश से घुसपैठ हमारे यहां लगातार बढ़ रही है, जो आदिवासी महिलाएं हैं उनके साथ बांग्लादेशी घुसपैठिये शादी कर रहे हैं. हमारे यहां से चुनाव लड़ने वाली आदिवासी महिलाओं के पति मुसलमान हैं. जिला परिषद की जो अध्यक्ष हैं उनके पति मुसलमान हैं. हमारे यहां एक लाख आदिवासी मुखिया हैं, जिनके पति मुसलमान हैं. बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी कर उन्हें मुसलमान बना रहे हैं. 25 सीटों पर मुस्लिम आबादी 123% तक बढ़ी है. बंगाल के मालदा, मुर्शिदाबाद, बिहार के अररिया, किशनगंज, कटिहार और झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र को यूटी बनाइए नहीं तो हिंदू खाली हो जाएंगे.

नीति आयोग की बैठक को बीच में ही छोड़ कर बाहर आईं ममता , कहा-

# मुझे बोलने तक नहीं दिया मेरा माइक बंद कर दिया

- हेमंत सोरेन समेत इंडिया गठबंधन का कोई भी सीएम बैठक में नहीं हुआ शामिल

एजेंसी। नयी दिल्ली

नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक में शनिवार को भी सियासी हंगामा जारी रहा. दरअसल, बजट में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कुछ गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस बैठक से किनारा कर लिया. वहीं, विपक्षी गठबंधन की ओर से एकमात्र पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसमें शामिल हुईं. मगर थोड़ी देर बाद ही वह भी बैठक को बीच में ही छोड़ कर बाहर आ गईं.

उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया. हालांकि, सरकार ने उनके आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ममता को बोलने के लिए दिया गया समय समाप्त हो गया था. पांच मिनट के बाद उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया, जबकि अन्य लोगों को अधिक देर तक बोलने की अनुमति दी गई. टीएमसी प्रमुख ने कहा, यह अपमानजनक है. मैं आगे से किसी भी बैठक में हिस्सा नहीं लूंगी. उन्होंने बैठक से बाहर आने के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं बैठक का बहिष्कार करके बाहर आई हूं. आंध्र प्रदेश के सीएम मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को बोलने के लिए 20 मिनट दिए गए. असम, गोवा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने 10-12 मिनट तक बात रखी. मुझे पांच मिनट बाद ही बोलने से रोक दिया गया. यह अनुचित है. ममता ने कहा, विपक्ष की तरफ से मैं यहां अकेली नेता हूं. मैंने बैठक में इसलिए हिस्सा लिया, क्योंकि सहकारी संघवाद को मजबूत किया जाना चाहिए. बैठक में भाजपा और एनडीए के मुख्यमंत्री ही शामिल हुए. विपक्ष की तरफ से एकमात्र ममता बनर्जी पहुंची थीं, लेकिन उन्होंने भी बैठक का बहिष्कार कर दिया. - शेष पेज 7 पर

**मैं बोलना चाहती थी...**



गुस्साईं ममता बनर्जी ने बताया, मैंने बैठक में कहा कि आपको (केंद्र सरकार) राज्यों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए. मैं बोलना चाहती थी, लेकिन मुझे केवल पांच मिनट बोलने की अनुमति दी गई. विपक्ष की ओर से केवल मैं ही इस कार्यक्रम में भाग ले रही थी, लेकिन फिर भी मुझे बोलने नहीं दिया गया. यह अपमानजनक है. उन्होंने आरोप लगाया, जब मैं बोल रहीं थी, तो मेरा माइक बंद कर दिया गया. मैंने पूछा कि मुझे क्यों बोलने से रोका गया. मेरे साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है. आपको अपनी पार्टी और सरकार को अधिक अवसर देने के बजाय इस पर खुश होना चाहिए कि मैं बैठक में शामिल हुई. और आप मुझे बोलने से रोक रहे हैं. यह बंगाल का अपमान नहीं बल्कि यह सभी क्षेत्रीय दलों का अपमान है.

नीति आयोग की बैठक से पीएम ने दिया संदेश

## लक्ष्य हासिल करने का मौका

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना हम सबकी महत्वाकांक्षा है और राज्य इस लक्ष्य को हासिल करने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि वे लोगों से सीधे जुड़े हुए हैं.

उन्होंने कहा, यह दशक तकनीकी और भू-राजनीतिक बदलावों के साथ-साथ अवसरों का भी है. भारत को अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपनी नीतियों को अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए अनुकूल बनाना चाहिए. यह भारत को एक विकसित देश बनाने की दिशा में प्रगति का रास्ता है. बैठक 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने पर केंद्रित है। इस बैठक का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच सहभागी संचालन तथा सहयोग को बढ़ावा देना, वितरण तंत्र को मजबूत करके ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है. नीति आयोग की शीर्ष संस्था शासी परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं. प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं. बैठक में पिछले साल दिसंबर में आयोजित मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर भी गौर किया गया.



**देश के लोगों की महत्वाकांक्षा है 2047 तक विकसित भारत**

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 64,700 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### कुपवाड़ा में मुठभेड़ सेना का जवान शहीद

**श्रीनगर।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के कमकारी सेक्टर में शनिवार को पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) के हमले को नाकाम कर दिया. हालांकि, इस दौरान मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया और एक कैप्टन सहित चार अन्य सैन्यकर्मी घायल हो गए. सेना के सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया भी मारा गया.

### भाजपा के मुख्यमंत्रियों के साथ पीएम ने बैठक की

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया. भाजपा द्वारा नियमित अंतराल पर होने वाली मुख्यमंत्री परिषद का उद्देश्य राज्यों में योजनाओं की समीक्षा, सर्वोत्तम शासन प्रथाओं का पालन करना और केंद्र की विभिन्न कल्याणकारी पहल का क्रियान्वयन करना है. मोदी के अलावा, बैठक के पहले दिन अमित शाह और जेपी नड्डा समेत सभी मुख्यमंत्री शामिल हुए.

### नवी मुंबई में इमारत ढही, तीन लोग मरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर इलाके में शनिवार तड़के चार मंजिला एक आवासीय इमारत के ढह जाने की घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गए.

### 'लिव-इन' को संरक्षण द्विविवाह को बढ़ावा देना


**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा है कि 'लिव-इन' में रहने के इच्छुक लोगों को संरक्षण प्रदान करना गलत काम करने वालों को प्रोत्साहित करने और द्विविवाह प्रथा को बढ़ावा देने जैसा होगा.

अब अमित शाह पर भड़के शरद पवार, बोले

## तड़ीपार न दें नसीहत

एजेंसी। मुंबई

एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने गृह मंत्री अमित शाह पर उनके बयान पर पलटवार किया है. दरअसल शाह ने बीते दिनों शरद पवार को राजनीति में भ्रष्टाचार का सरगना करार दिया था.



अब पवार ने शाह पर भी पलटवार किया है.

पवार ने कहा कि ये हैरानी की बात है कि एक व्यक्ति जिसे सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात से बाहर किया था, वो अहम मंत्रालय संभाल रहा. पवार ने कहा कि कुछ दिन पहले गृह मंत्री शाह ने मेरे खिलाफ बयान दिया और कुछ बातें कही थीं. हैरानी है कि एक ऐसा व्यक्ति देश का गृह मंत्री है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात से बाहर कर दिया था. पवार ने कहा, जिस व्यक्ति को तड़ीपार किया गया था, वो आज देश का गृह मंत्री है. ऐसे में हमें सोचना चाहिए कि हम किस तरफ जा रहे हैं. वह देश को गलत दिशा में लेकर जा रहे हैं और हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है. शाह को साल 2010 में सोहराबुद्दीन शेख एनकाउंटर मामले में दो साल के लिए राज्य से निर्वासित किया गया था. हालांकि बाद में उन्हें इस मामले से बरी कर दिया गया था.

**अमित शाह ने पवार पर लगाए थे गंभीर आरोप**

हाल ही में अमित शाह ने पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान पवार पर तीखा हमला बोला था. शाह ने पवार को देश में भ्रष्ट लोगों का सरगना बताया था. कहा था कि विपक्ष हम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाता है, लेकिन देश की राजनीति में भ्रष्टाचार के सबसे बड़े सरगना शरद पवार हैं. अगर किसी राजनेता ने सरकार में भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाया तो वे शरद पवार थे और मुझे ये कहने में जरा भी संकोच नहीं है.

**झारखंड में बड़ी पहल:** अटल मुहल्ला क्लीनिक में चिकित्सकों को मिलेंगे रोज 1400 रुपये

# स्वास्थ्य प्रहरी का काम करेगा सहिया ऐप

रवि भारती। रांची

झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की कवायद जोरों पर है. राज्य में चल रही कई स्वास्थ्य योजनाओं में परिवर्तन कर उसे और सुदृढ़ बनाया जा रहा है. जिससे आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके.




इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजना के तहत चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए झारखंड स्वास्थ्य प्रहरी योजना शुरू की जा रही है. इसके सुचारू रूप से संचालन के लिए सहिया ऐप डेवलप किया जाएगा. इस पर राज्य सरकार तीन करोड़ पांच लाख 20 हजार रुपए खर्च करेगी. इस योजना में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत ग्राम स्तरीय सहिया (आशा) को जोड़ा जाएगा. इन्हीं के जरिए सहिया ऐप का संचालन होगा.

**अटल मुहल्ला क्लीनिक की व्यवस्था होगी सुदृढ़ :** वहीं पहले से चल रही अटल मुहल्ला क्लीनिक की व्यवस्था और सुदृढ़ की जाएगी. इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 18 करोड़ चार लाख 32 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है. राज्यभर में 140 अटल मुहल्ला क्लीनिक का संचालन हो रहा है.

अटल मुहल्ला क्लीनिक में एमबीबीएस डॉक्टर को प्रतिदिन 1400 रुपए दिए जाएंगे. इस तरह महीने के 26 दिन सेवा देने के पर 36400 रुपए दिए जाएंगे. आयुष चिकित्सकों को प्रति माह 20 हजार रुपए, एएनएम को प्रतिमाह 13000 रुपए, एलटी को प्रति माह 13000 रुपए, सर्पोट स्टाफ को प्रतिमाह 5000 और क्लीनिक के प्रबंधन और संचालन के लिए प्रतिमाह 20 हजार रुपए दिए जाएंगे.

### अब ये होगी नई व्यवस्था

प्रत्येक मुहल्ला क्लीनिक में लैब टेस्ट की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी. सभी अटल मुहल्ला क्लीनिक में पोस्टर के माध्यम से बीमारियों के लक्षणों के संबंध में जागरूकता के प्रसार के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. इस क्रम में अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा राज्य के सभी अटल मुहल्ला क्लीनिकों में प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार से संबंधित पोस्टर एवं पंपलेट उपलब्ध कराए जाएंगे. अटल मुहल्ला क्लीनिक में कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमीट्रिक सिस्टम का अधिष्ठापन किया जाएगा. इस क्रम में जिले के सिविल सर्जन के द्वारा उपायुक्त के साथ पारस्परिक समन्वय स्थापित करते हुए यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी. प्रतिमाह दवा की खपत का आकलन किया जाएगा.

### भविष्य में जुड़ेंगी और चिकित्सीय सुविधाएं

अटल मुहल्ला क्लीनिक में टीकाकरण, एएनसी तथा गैर संचारी रोग के तहत उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा तीन सामान्य प्रकार के कैंसर (मौखिक, स्तन एवं ग्रीवा) की यूनिवर्सल स्क्रीनिंग प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान इस योजना के तहत किया गया है. भविष्य में अन्य सुविधाओं को इस योजना में जोड़ा जा सकेगा. वर्तमान में इन क्लीनिकों में ओपीडी, टीकाकरण, पूर्व प्रसव तथा प्रसवोत्तर देख-भाल और परिवार नियोजन परामर्श और गर्भनिरोधक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं. सभी मुहल्ला क्लीनिक के परिचालन का समय सामान्यतया सुबह आठ बजे से दोपहर 12:00 बजे तक है. शाम में इनके परिचालन का समय शाम चार से रात के आठ बजे तक होगा. यह नियमित रूप से जारी रहेगा.



**इन योजनाओं पर होगा काम**

- सिविल सर्जन के द्वारा आपात स्थिति को देखते हुए आवश्यक दवाओं की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर भी की जा सकेगी.
- उपलब्ध दवाओं की विवरणी जनसाधारण की जानकारी के लिए सूचनापट्ट पर अलग से प्रदर्शित की जाएगी.
- स्ट्रेचर, व्हील चेयर एवं अन्य उपस्कर सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी.
- मरीजों के निबंधन सह-दवा पर्ची के लिए मरीज चिकित्सा पुस्तिका की व्यवस्था की जाएगी.

**रहें सावधान** खराब जीवनशैली, तंबाकू और शराब के ज्यादा सेवन से बढ़ रहा रोग

# देश में तेजी से बढ़ रहा सिर और गर्दन का कैंसर

एजेंसी। नयी दिल्ली

एक स्टडी के अनुसार, भारत में सिर और गर्दन के कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है. इन कैंसर के मामलों की संख्या कुल मामलों का 26% है. इस बढ़ोतरी के पीछे तंबाकू और शराब का अत्यधिक सेवन, खराब जीवनशैली प्रमुख कारण हैं.

देश भर में 1,869 कैंसर रोगियों पर किए गए अध्ययन के निष्कर्ष शनिवार को मनाए गए विश्व सिर और गर्दन कैंसर दिवस पर जारी किए गए. इसके मुताबिक, भारत में 26% कैंसर रोगियों के सिर और गर्दन में ट्यूमर है, और देश में ऐसे मामलों में वृद्धि का ट्रेंड बना हुआ है. दिल्ली स्थित संगठन कैंसर मुक्त भारत फाउंडेशन ने 1 मार्च से 30 जून तक अपने हेल्पलाइन नंबर पर मिले कॉल से डेटा एकत्र करके यह शोध किया. भारत में कैंसर मुक्त भारत का नेतृत्व कर रहे ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा कि भारत में सिर और गर्दन के कैंसर के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, खासकर युवाओं में. यह तंबाकू के बढ़ते सेवन और ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण के कारण है. 80-90% मुंह के कैंसर के मरीज किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते पाए गए हैं. और गर्दन के कैंसर के अधिकांश मामलों को रोका जा सकता है, जबकि अन्य कैंसरों के मामलों का कारण अज्ञात है.



### रोक सकते हैं लाइलाज रोग

यह एक रोकथाम योग्य कैंसर है, जिसे जीवनशैली में बदलाव कर रोका जा सकता है. गुप्ता ने कहा, तंबाकू छोड़ने के लिए जागरूकता बढ़ाने और बीमारी का जल्द पता लगाने के लिए समय पर जांच कराने की जरूरत है. भारत में कैंसर के लगभग दो तिहाई मामलों का पता देर से चलता है. इसका कारण ये है कि लोग उचित जांच नहीं कराते हैं. गुप्ता ने कहा कि कैंसर मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य शिक्षा और समय पर पहचान के माध्यम से व्यक्तियों और समुदायों पर कैंसर की घटनाओं और प्रभाव को कम करना है. उन्होंने कहा, यदि पहले या दूसरे चरण में ही इसका पता चल जाए, तो 80% से अधिक रोगियों के सिर व गर्दन के कैंसर का इलाज संभव है. हमें लगभग हर सप्ताह नई दवाइयां मिली हैं, जिनसे कैंसर का बेहतर तरीके से इलाज किया जा सकता.

**जारी किया हेल्पलाइन नंबर :** कैंसर मुक्त भारत अभियान के तहत, एक मुफ्त हेल्पलाइन नंबर (93-555-20202) शुरू किया गया है, जो सोमवार से शनिवार तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चालू रहता है.कैंसर के मरीज इस नंबर पर कॉल करके सीधे प्रमुख ऑन्कोलॉजिस्ट से बात कर सकते हैं या बिना किसी शुल्क के चर्चा करने के लिए वीडियो कॉल भी कर सकते हैं.

सिर व गर्दन के कैंसर के बाद गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर का नंबर आता है. यह 16% है. भारत में 15% मामले स्तन कैंसर और रक्त कैंसर के हैं. ये डेटा भारत पर नवीनतम ग्लोबोकॉन डेटा के अनुरूप हैं (एक डेटाबेस जो वैश्विक कैंसर के आंकड़े देता है).

## सरकार में आते ही खत्म करेंगे अग्निपथ योजना: अखिलेश

एजेंसी। लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा सेवानिवृत्त अग्निवीरों के लिए आरक्षण की घोषणा किए जाने के एक दिन बाद शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दोहराया है कि वह सत्ता में आते ही सैनिकों की भर्ती की इस अल्पकालिक अग्निपथ योजना को 24 घंटे में रद्द कर देंगे. पुरानी व्यवस्था बहाल करेंगे.

अखिलेश यादव ने हाल में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान अपनी लगभग सभी रैलियों में विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर अग्निवीर भर्तियों को रद्द करने का वादा किया था. अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, सत्ता में आते ही 24 घंटे में (अग्निपथ योजना) रद्द होगी. उन्होंने इसे देश की सुरक्षा से समझौता करनेवाली और सैनिकों के भविष्य से खिलवाड़ करनेवाली भर्ती योजना बताया है. अखिलेश ने सेना में भर्ती की पुरानी प्रक्रिया को बहाल किए जाने की मांग करते हुए कहा, अग्निवीर पर यही मांग हमारी, पुरानी भर्ती की फिर हो बहाली.



बता दें कि यूपी के सीएम ने शुक्रवार को एक बयान मेंकहा था कि सेवानिवृत्त अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी बल (प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी) में महत्व (वेटेज) दिया जाएगा.

### पीएम मोदी के संग मुलाकात के बाद उपजे सियासी चर्चा पर लगा विराम

# हम साथ-साथ हैं, नीति आयोग की बैठक से सीएम ने किया किनारा

प्रमुख संवाददाता। रांची

इंडिया गठबंधन से एकजुटता दिखाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को नीति आयोग की बैठक से किनारा कर लिया. कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, दिल्ली, पंजाब और केरल के बाद झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए. सीएम हेमंत के शामिल नहीं होने पर पिछले दिनों पीएम मोदी से साथ दिल्ली में हुई मुलाकात से उपजे सियासी कयासों को भी विराम लग गया है. शनिवार की सुबह तक राजनीतिक गलियारों में चर्चा होती रही कि सीएम हेमंत सोरेन नीति आयोग की बैठक में हिस्सा ले सकते हैं. लेकिन नीति आयोग की बैठक सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होनी थी. उस समय तक सीएम हेमंत सोरेन अपने आवास में ही थे. इससे भी साफ हो गया कि वे बैठक का हिस्सा नहीं बनेंगे.





**सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले ने दी ताकत :** नीति आयोग की बैठक के किनारा करने की दूसरी वजह यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से ताकत दी है. 25 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि खनिजों पर राज्यों का केवल रॉयल्टी का ही हक नहीं है, बल्कि कर लगाने का भी अधिकार है. वहीं पहले हेमंत सोरेन सरकार खनिजों से मिलने वाले लाभ में झारखंड को उपेक्षित करने का आरोप केंद्र सरकार पर लगातार लगाती रही है. विधानसभा चुनाव की दहलीज पर इस मामले में काफी सियासी संभावना भी है. हालांकि इससे पहले सीएम के नीति आयोग की बैठक में शामिल होने की बात कही जा रही थी. इसके लिए मुख्यमंत्री ने झारखंड की मांग जोरदार तरीके से उठाने के लिए कुछ खास आंकड़ों को तैयार करने का निर्देश भी दिया था. केंद्र की ओर से झारखंड के साथ हो रही नाइंसाफी को दिखाने वाले कुछ खास आंकड़ों की फेहरिस्त तैयार की गई. इनमें साफ तौर पर दिखाया गया कि केंद्र किस तरह से झारखंड की हकमारी कर रहा है.

#### खास बातें

- हेमंत सोरेन भी नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए
- पिछले दिनों पीएम मोदी से दिल्ली में हुई थी मुलाकात

#### केंद्रीय अनुदान 12 से घट कर नौ हजार करोड़

हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के बाद भारत सरकार केंद्रीय योजनाओं के लिए मिलने वाले अनुदान में लगातार कमी कर रही है. 2019-20 के वित्तीय वर्ष में भारत सरकार की ओर से 12 हजार करोड़ केंद्रीय अनुदान के मद में दिया गया था. साल दर साल घटते हुए यह 2023-24 में यह 9100 करोड़ पर आ गया है. वहीं केंद्र ने 2024-25 के बाद हर घर जल योजना का अनुदान बंद करने की घोषणा की है. इस कारण झारखंड पर सालाना 6500 करोड़ का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा. इससे झारखंड सरकार को दूसरी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं में कटौती करनी पड़ सकती है. आंगनबाड़ी की एक योजना में भी ऐसा ही हुआ है.

# हेमंत और उनकी पुलिस को देना होगा जवाब : बाबूलाल मरांडी

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सरकार में झारखंड की यही रीत बन गई है कि पहले पुलिस द्वारा आदिवासी छात्रों को बेरहमी से पीटा जाता है, उसके बाद उन्हीं छात्रों पर केस दर्ज करा दी जाती है. साथ ही साथ ऐसी घटनाओं को अंजाम देने उपद्रवियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रोमोट कर दिया जाता है. ट्वीट में आगे लिखा है कि हेमंत जी कानून के हाथ लंबे हैं, इसका यह मतलब नहीं कि वह प्रदेश की जनता की गर्दन तक पहुंच जाए. अब अगर हाथ पहुंच ही गया है, तो यह याद रहे कि आदिवासी समाज अपने हाथों का उपयोग कर आपकी अहंकारी बाजुओं को कंधे समेत उखाड़ फेंकने को तैयार बैठा है.

#### मरांडी ने उठाए सवाल

- आदिवासी छात्रावास में रात एक बजे कौन सी जांच करने गई थी पुलिस ?
- राजकीय सुरक्षा के लिए कौन सा खतरा बन गए थे आदिवासी छात्र, जिसके लिए सुबह तक का इंतजार नहीं किया जा सका?
- जांच करने के लिए रात के अंधेरे को ही क्यों चुना गया?
- सुनियोजित हमले के पीछे हेमंत और उनकी पुलिस की मंशा क्या थी ?
- कौन सी मुसीबत आपके द्वार आ खड़ी थी जिसके लिए इतना अचौक निरीक्षण जरूरी हो गया था?
- आदिवासी छात्रावास और आदिवासी छात्रों को ही क्यों टारगेट बनाया गया?

## ब्रीफ खबरें

### कंट्री क्रिकेट क्लब की ईओजीए आज

**रांची।** कंट्री क्रिकेट क्लब (सीसीसी) की विशेष आम सभा (ईओजीएम) 28 जुलाई को झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) स्टेडियम कैंपस रांची में होगी. इस बार एक्सट्रा ऑर्डिनरी जेनरल मीटिंग (ईओजीएम) काफी हंगामेदार हो सकती है. जानकारी के अनुसार, ईओजीएम में 2013 में गठित कंट्री क्लब के बायलॉज के 63 में से 51 क्लॉज समेत सीसीसी और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन (एओए) में संशोधन किया जा सकता है. संशोधन के जरिये एक साल के कार्यकाल को दो साल करने की तैयारी है. ऐसे में संशोधन को लेकर सत्ताधारी गुट और विरोधी गुट में तनातनी की स्थिति है. इसके अलावा तीन नये डायरेक्टर भी बनाये जाने की तैयारी चल रही है, जिनके पास क्लब के सदस्यों को निष्कासित करने का अधिकार होगा.

### आईजी ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**रांची।** सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर के आईजी साकेत कुमार सिंह ने शनिवार को शहीद जवानों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की. सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर धुर्वा स्थित सीआरपीएफ के मुख्य कार्यालय में साकेत कुमार सिंह ने सीआरपीएफ कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्थापना दिवस की बधाई दी. गौरतलब है कि सीआरपीएफ ने अपनी स्थापना के बाद से ही राष्ट्रीय सुरक्षा को अपना मिशन बना लिया है. बल के बहादुर जवानों ने अपनी जान की परवाह किये बिना इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और हर बार विजयी हुए हैं.

27 जुलाई को मनाया जाता है सीआरपीएफ स्थापना दिवस

सीआरपीएफ स्थापना दिवस हर साल 27 जुलाई को मनाया जाता है. इसी दिन 1939 में क्राउन प्रेपरेटरी फोर्स के रूप में इसकी स्थापना की गयी थी.

### बिना बताए गए वकालत पढ़ने, हो गए सस्पेंड

**रांची।** राज्य सरकार ने सेक्शन ऑफिसर धर्मेंद्र कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया है. इसका आदेश कार्मिक ने जारी कर दिया. जारी आदेश में कहा गया है कि सस्पेंशन की अवधि में धर्मेंद्र कुमार का मुख्यालय दक्षिण छोटानागपुर के कमिश्नर कार्यालय में होगा. धर्मेंद्र कुमार सिंह पर आरोप है कि 20 मार्च 2023 से वे दिल्ली यूनिवर्सिटी में लॉ का थ्री इयर डिग्री कोर्स करने गए थे. उनपर आरोप लगा कि वे अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे. उन्होंने अपने बचाव में कहा कि ई-मेल के जरिए अवकाश स्वीकृति के लिए आवेदन दिया जाता रहा.

### सीट शेयरिंग पर जिच बरकरार, नहीं बन रही बात, शिव कृपा पर भरोसा

# अब काम नहीं आ रही है आजसू की प्रेशर पॉलिटिक्स!

प्रमुख संवाददाता। रांची

एनडीए का घटक दल आजसू की प्रेशर पॉलिटिक्स काम नहीं आ रही है. अब आजसू को शिव कृपा पर ही भरोसा है. अगर झारखंड भाजपा के विधानसभा प्रभारी शिवराज सिंह चौहान की कृपा रही, तो सीट शेयरिंग पर बात बन सकती है. फिलहाल आजसू ईचागढ़, गांडेय, चंदनकियारी, पाकुड़ और लोहरदगा सीट पर पर भी दावेदारी ठोंक रही है. शेष सिल्ली, गोमिया, रामगढ़, बड़कागांव, तमाड़ और मांडू पर पिक्चर क्लीयर है. आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो इस मसले पर दिल्ली में बीजेपी के कई आला नेताओं से मुलाकात भी कर चुके हैं. राजनीतिक हलकों में जो चर्चा है उस हिसाब से बीजेपी आजसू को छह से सात सीट देने को राजी है. पर आजसू राज्य में कम से कम एक दर्जन सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है.

**जयराम की पार्टी आजसू के लिए परेशानी का सबब :** राजनीति के गलियारों में इस बात की चर्चा हो रही है कि जयराम की पार्टी विधानसभा चुनाव में आजसू के लिए परेशानी का सबब भी बन सकती है. वहीं दूसरी ओर बीजेपी हर हाल में जीत हासिल कर सत्ता में वापसी करना चाहती है. इसलिए बीजेपी जीत के लिए हर संभावनाओं को तलाशने में जुटी हैं और इंडिया अलायंस को पराजित करने की रणनीति तैयार की जा रही है. चर्चा यह भी है कि बीजेपी के कई नेता सरयू राय और जयराम महतो का भी नब्ज टटोलने में लगे हैं. इससे आजसू भी फूंक-फूंक कदम रख रही है.

**आजसू का भाजपा से गंभीरता से विचार करने का आग्रह :** जिन सीटों पर जिच कायम है, उस पर आजसू ने बीजेपी से गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया है. बात करें लोहरदगा सीट की तो पहले आजसू ने वहां से जीत हासिल की थी. चंदनक्यारी से भी आजसू जीत हासिल कर चुका है. लेकिन 2014 के बाद से चंदनकयारी का सीट भाजपा का सीटिंग सीट है, जो नहीं छोड़ेगी. वहीं, ईंचागढ़ सीट पर भाजपा ने कहा है कि आजसू कभी नहीं जीती है और भाजपा के विधायक वहां से कई बार जीत चुके हैं. भाजपा को लोकसभा चुनावों में भी काफी बढ़त मिली है. इस कारण अभी ईंचागढ़ सीट आजसू को नहीं दी जा सकती.

**सरयू राय बना रहे तीसरा कोण :** झारखंड की राजनीति में सरयू राय भी तीसरा कोण बना रहे हैं. जो कहीं न कहीं आजसू के लिए परेशानी खड़ा कर सकता है. जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को पराजित कर सरयू राय ने सभी को चौंका दिया था. इस बार सरयू राय की पार्टी भारत जन मोर्चा जेडीयू के साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहती है. नीतीश कुमार से सरयू राय की हाल के दिनों में दो बार मुलाकात हो चुकी है. नीतीश कुमार भी बीजेपी के साथ गठबंधन कर झारखंड में आठ से दस सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं.

#### जदयू का सरयू राय के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर, पार्टी करेगी स्वागत



**रांची।** प्रदेश जदयू ने निर्दलीय विधायक सरयू राय के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर रखा है. पार्टी ने कहा है कि अगर सरयू राय जदयू के साथ आते हैं तो उनका स्वागत है. जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि पार्टी झारखंड की सभी विधानसभा सीटों पर तैयारी कर रही है. इसको लेकर भाजपा के आला नेताओं से भी बातचीत जारी है. शनिवार को बिहार के सीएम नीतीश कुमार के साथ झारखंड प्रदेश के जदयू नेताओं ने विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन किया. जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने मीडियो को बताया कि फिलहाल 11 सीटों की सूची नीतीश कुमार को सौंपी गई है. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार झारखंड का दौरा भी करेंगे.

**झारखंड में जदयू अच्छी उपस्थिति दर्ज कराने में होगी सफल :** मीडिया से बातचीत में झारखंड जदयू के प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि इस बार के विधानसभा चुनाव में जदयू झारखंड में अच्छी उपस्थिति दर्ज कराएगी. चुनाव को लेकर मंथन किया जा रहा है. साथ ही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. जदयू झारखंड में गठबंधन के साथ ही चुनाव लड़ेगी. वहीं कुर्मी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने भी बिहार के सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की. कुर्मी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग की.

**झारखंड में जदयू फिर एक बार तलाश रहा जमीन :** झारखंड में जदयू एक बार फिर से सियासी जमीन तलाश कर रहा है. 2005 में जदयू के छह विधायक थे. फिर 2014 में जदयू ने झारखंड विधानसभा की 45 सीटों पर चुनाव लड़ा, जिसमें एक भी सीट जदयू के खाते में नहीं गई. 2019 में जदयू ने 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा, इस बार भी जदयू को एक भी सीट नहीं मिली. झारखंड में 2019 और 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में भी जदयू एनडीए का हिस्सा था, लेकिन एक भी सीट में उम्मीदवार नहीं दिया.

## कोर्ट की खबरें

# कमलेश को ईडी ने कोर्ट में किया पेश, जेल

संवाददाता। रांची

जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को ईडी ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में पेश किया गया. इस दौरान एजेंसी ने कोर्ट से कमलेश से पूछताछ के लिए रिमांड देने का आग्रह किया. इसके बाद कोर्ट ने कमलेश को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार भेज दिया. वहीं कमलेश की रिमांड पर कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा. बता दें कि लैंड स्कैम से जुड़े केस में ईडी ने बीते 21 जून को कमलेश के किराए के फ्लैट में छापेमारी की थी. इस दौरान एजेंसी ने फ्लैट से एक करोड़ कैश और राइफल की 100 गोलियां बरामद की थीं. इसके बाद ईडी के अधिकारियों के आग्रह पर रांची के कांके थाना में कमलेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी. इसके बाद ईडी ने कमलेश को पांच समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी ऑफिस बुलाया. लेकिन वो ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे. इसके बाद ईडी ने छठा समन जारी कर 26 जुलाई को दिन के 11 बजे रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने को कहा. कमलेश कुमार शुक्रवार की दोपहर एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी ऑफिस पहुंचा. ईडी ने करीब छह घंटे तक उससे पूछताछ की. लेकिन कमलेश ईडी के सवालों का स्पष्ट रूप से जवाब नहीं दे सका. इसके बाद ईडी ने कमलेश को देर रात गिरफ्तार कर लिया.

### हाईकोर्ट ने अनुकंपा पर नौकरी देने का दिया आदेश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने दिवंगत होमगार्ड के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का आदेश दिया है. दरअसल साल 2014 में होमगार्ड जवान तारिणी कुमार ज्योतिषी की ड्यूटी से घर जाने के दौरान मौत हो गयी थी. तारिणी के परिजनों ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी की मांग की थी. लेकिन सरकार ने उनकी मांग नहीं सुनी. इसके बाद दिवंगत होमगार्ड के बेटे राकेश कुमार ने हाईकोर्ट की शरण ली.

### चेक बाउंस मामले में आरोपी को मिली सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में अर्जुन प्रसाद यादव को चार महीने की सजा और 70 हजार का जुर्माना लगाया है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माना की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे अर्जुन ने चेक दिया था जो बाउंस हो गया.

### आरोपी को चार साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के सफाई कर्मचारी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी संजय सिंह को कोर्ट ने चार साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है. अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना नहीं देने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी.

### आलमगीर की बेल पर विशेष कोर्ट में हुई सुनवाई


**रांची।** टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल पर रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई. इस दौरान आलमगीर आलम की ओर से उनके अधिवक्ता ने अपनी दलीलें रखी. अब कोर्ट ईडी का पक्ष सुनेगा. बता दें कि आलमगीर आलम को ईडी ने लंबी पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था.

### समाहरणालय, अनुमंडल, प्रखंड व अंचल का कार्य बाधित रहा

# समाहरणालय संवर्ग का आंदोलन जारी

संवाददाता। रांची

झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) राज्य इकाई के आह्वान पर जिला इकाई रांची द्वारा नौ सूत्री मांगों के समर्थन में 22 जुलाई से आंदोलनरत है. शनिवार को छठे दिन भी आंदोलन जारी रहा. अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण समाहरणालय, अनुमण्डल, प्रखण्ड एवं अंचल का कार्य बाधित रहा. जिला अध्यक्ष अभय प्रभाकर तिर्की, जसीम अख्तर, राजीव रंजन दुबे, सचिन कुमार आदि ने धरना स्थल पर संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जबतक अनुसचिवीय कर्मियों की जायज मांगें नहीं मान ली जातीं, तबतक अनिश्चितकालीन हड़ताल आगे भी जारी रहेगी. इसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी. हड़ताल के कारण आवासीय, आय, जाति, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र लंबित है व न्यायालय कार्य, सरकार की विकास योजनाएं, भू-अर्जन का कार्य, अभिलेखागार का कार्य, प्रखंड एवं अंचल का महत्वपूर्ण कार्य मुख्य रूप से प्रभावित रहा.



अनुसचिवीय कर्मियों की अपनी नौ सूत्री मांगों में ग्रेड पे में सुधार करने, उच्च स्तरीय कमेटी की अनुशंसा के आलोक में पद सृजन की कार्रवाई करने, निम्नवर्गीय लिपिक से उच्च वर्गीय लिपिक में प्रोन्नति के लिए निर्धारित कालावधि 8 वर्ष से घटाकर 4 वर्ष करने, एमएसीपी की कालावधि 10 वर्ष से घटाकर 8 वर्ष करने, लिपिकों के पदनाम में संशोधन करने, समाहरणालय व अधीनस्त सभी कार्यालय में कार्यालय अधीक्षक का पद सृजित करते हुए कार्यालय अधीक्षक के पद को राजपत्रित घोषित करने सहित अन्य मांगों को लेकर डटे रहे.

मुख्य रूप से अनिल कुमार, विकास दुबे, ललन कुमार, संजय कुमार, मेरी ग्रेस टोप्पो, शिलवन्ति शान्ति एक्का, धर्मेन्द्र उरांव, अमिला कुमारी, शैलेन्द्र कुमार, कुमार हिमांशु, विभा रानी दुबे, मंजू देवी, त्रिलोक उरांव आदि शामिल थे.

**झारखंड** एक दशक पहले 131 थाना क्षेत्रों में था नक्सलियों का दबदबा

# 7 जिलों के 18 थाना क्षेत्रों में सिमटे नक्सली

सौरभ सिंह। रांची

आज से एक दशक पहले यानी साल 2014 में झारखंड के 23 जिले के 131 थाना क्षेत्रों में नक्सलियों का प्रभाव था. लेकिन सुरक्षाबलों के द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियानों की वजह से वर्तमान में झारखंड के सिर्फ सात जिलों के 18 थाना क्षेत्रों में नक्सलियों का प्रभाव बचा है. यानी पिछले एक दशक में झारखंड के 16 जिले के 113 थाना क्षेत्र को नक्सलियों के प्रभाव से मुक्त करा लिया गया है.

#### साल 2014 में 23 जिले के इन 131 थाना क्षेत्र में नक्सलियों का था दबदबा

- **गढ़वा :** खरौंदी, भवनाथपुर, कांडी, नगर उटारी, रमना, चिनिया, रंका, भंडरिया व धुरकी.
- **पलामू :** लेस्लीगंज, पांकी, मनातू, हैदरनगर, मोहम्मदगंज और हरिहरगंज.
- **लातेहार :** मनिका, हेरहंज, बालूमाथ, चंदवा, गारू, बरवाडीह, नेतरहाट, महुआडांड़,
- **चतरा :** लावालौंग, टंडवा, सिमरिया, इटखोरी, राजपुर, पिपरवार. सदर
- **लोहरदगा :** किस्को, कुड़, भंडरा, कैरो, जोबांग
- **गुमला :** डुमरी, चैनपुर, रायडीह, पालकोट, कामडारा, घाघरा, गुरदारी.
- **खूंटी :** तोरपा, मुरहू, खूंटी, अड़की, रनिया.
- **सिमडेगा :** कोलेबिरा, जलड़ंगा, बोलबा.
- **रांची :** नामकुम, दशम फॉल, बेडो, अनगडा, सिल्ली, बुढ़मू, मैक्लुस्कीगंज, बुंडू.
- **चाईबासा :** टोंटो, सोनूवा, टेबो, बंदगांव, गोईलकेरा, मुफ्फसिल, कराईकेला, टोकलो, छोटानागरा, गुवा, नोवामुंडी, किरीबुरू, ज़राइकेला.
- **हजारीबाग :** चौपारण, कटकमसांडी, बरही, बड़कागांव, केरेडारी, चुरचू, विष्णुगढ़, उरीमारी, बरकट्ठा.
- **रामगढ़ :** गोला.
- **बोकारो :** कसमार, महुआडांड़, गोमिया, नावाडीह, बीटीपीएस, तेनुघाट, बेरमो.
- **कोडरमा :** मरकच्चो, जयनगर, डोमचांच.
- **गिरिडीह :** देवरी, निमियाघाट, बगोदर, सरिया, पीरटांड, जमुआ, बेंगाबाद, तीसरी, गावां, भेलवाघाटी.
- **धनबाद :** बरवाअड्डा, टुंडी, राजगंज, निरसा.
- **देवघर :** जसीडीह, मधुपुर, मोहनपुर.
- **सरायकेला :** खरसावां, चौका, चांडिल, ईचागढ़, कुचाई, कोवाली.
- **जमशेदपुर :** श्यामसुंदरपुर, गुड़ाबांदा, धालभूमगढ़, चाकुलिया, पोटका, घाटशिला, एमजीएम, पटमदा, बोराम.
- **जामताड़ा :** नाला, कुंडहित.
- **दुमका :** शिकाडीपाड़ा, गोपीकांदर.
- **गोड्डा :** सुंदरपहाड़ी, मेहरामा,
- **पाकुड :** लिट्टीपाड़ा, पाकुड़िया

**वर्तमान में झारखंड के सात जिले के 18 थाना क्षेत्र में बचा है नक्सलियों का प्रभाव**

- **पलामू :** मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पांकी.
- **चतरा :** लावालौंग.
- **लातेहार :** चंदवा, नेतरहाट.
- **लोहरदगा :** कैरो, जोबांग.
- **हजारीबाग :** कटकमसांडी, केरेडारी.
- **गिरिडीह :** डुमरी, पीरटांड़,
- **चाईबासा :** टोंटो, छोटानागरा, जाराईकेला, गोईलकेरा, टेबो, कराईकेला.

क्लासिफाइड



























राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

धनबाद, रविवार 28 जुलाई 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 110

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### रामेश्वर प्रसाद धनबाद, दिलीप बने गोविंदपुर के अवर निबंधक

**धनबाद ।** झारखंड सरकार ने राज्य में बड़े पैमाने पर अवर निबंधकों का तबादला किया है. इसे लेकर झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दिया गया है. अधिसूचना के तहत कोडरमा के रामेश्वर प्रसाद सिंह को स्थानांतरित करते हुए धनबाद के नए जिला अवर निबंधक बनाए गए हैं जबकि दिलीप कुमार सिंह को पदस्थापित करते हुए गोविंदपुर के नए अवर निबंधक बनाए गए है. जमुआ गिरिडीह के अवर निबंधक दीपिका कुमारी को डुमरी गिरिडीह का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. जबकि पाकुड़ के जिला अवर निबंधक सौरभ वर्मा को स्थानांतरण करते हुए बोकारो जिला अवर निबंधक के पद पर पदस्थापित किया गया है.

### अनुसचिवीय कर्मचारी संघ को राज सिन्हा का समर्थन

**धनबाद।** झारखण्ड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ द्वारा पिछले 22 जुलाई से सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में चल रहें अनिश्चितकालीन धरना के दौरान शनिवार को धनबाद समाहरणालय के समक्ष धरना स्थल पर उपस्थित होकर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने अपना नैतिक समर्थन दिया. राज सिन्हा ने कहा कि कर्मचारियों की सारी मांगे पूरी होनी चाहिए. उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी से बात किया. जिसपर उन्होंने आश्वस्त किया कि भाजपा की सरकार बनते ही कर्मचारियों की सारी मांगे पूरी की जाएगी.

### फूलो झानो सदन को किया गया पुरस्कृत

**गोविंदपुर।** प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी मे शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर पूरे सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए फूलो झानो सदन को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ मीरा सिंह ने सदन प्रमुख संचिता कर, सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रशांत कुमार दीक्षित व मिंटू रविदास को सम्मान प्रदान किया। 12वीं कॉमर्स का शत प्रतिशत परीक्षा फल के लिए भी पीजीटी संचिता कर को पुरस्कृत किया गया । इस मौके पर विगत रेल प्रोजेक्ट परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले सभी वर्गों के विद्यार्थियों को भी पुरस्कार दिया गया।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ उग्र आंदोलन : जयराम

**गोविंदपुर ।** जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने डाक बंगला गोविंदपुर में शनिवार को युवा मोर्चा के महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता का पूरा समर्थन मिलने पर बेहतर स्थानीय नीति और नियोजन नीति देंगे. वर्तमान बहालियों में 75% दूसरे राज्यों के लोग नौकरी हथिया रहे हैं, उन्हें रोका जाएगा. गोविंदपुर प्रखंड और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला है. सीओ बिना पैसा का कोई काम नहीं करते. इसके खिलाफ उग्र आंदोलन चलाया जाएगा.

धनबाद की खबरें पेज : 6 पर भी

ऑनर किलिंग

# पिता ने बेटी का गला काट डाला

## गांव-घर के तानों से था परेशान, बेटी नहीं जाती थी ससुराल

▪ देवरी थाना क्षेत्र के महेशियादिघी गांव की है घटना

संवाददाता। गिरिडीह



गिरिडीह के महेशियादिघी गांव में ऑनर किलिंग का एक मामला सामने आया है जहां पिता ने अपनी 40 वर्षीया शादीशुदा और दो बच्चों की मां को इस लिए मौत के घाट उतार दिया कि वह नैहर में रह रही थी और लंबे समय से ससुराल वापस जाने से मना करती आ रही थी. हत्यारे पिता ने कबूल किया कि गांववासी उसकी बेटी के विषय में तरह तरह की बातें करते थे जिससे वह परेशान था और बेटी को समझने बुझाने के बाद भी वह अपने ससुराल वापस जाने को तैयार नहीं थी , पिता ने हत्या के बाद पकड़े जाने पर कबूल किया कि इसी वजह से उसने बेटी को धारदार कत्ते से मार डाला. जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी प्रभु सिंह ने अपनी 40 वर्षीय बेटी मंजू देवी की शुक्रवार की रात कत्ता से वार कर हत्या कर दी. पुलिस के समक्ष पिता प्रभु सिंह ने हत्या की बात स्वीकार की है. उसने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी पिछले 20 वर्षो से ससुराल नहीं जा रही हैं, जिस कारण उसे तरह-तरह की बातें सुनना पड़ता है.

घटना की सूचना मिलने पर देवरी थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू और एसआई गणेश कुमार यादव घटनास्थल पर पहुचे. पुलिस ने प्रभु सिंह को हिरासत में ले लिया है. हत्या के बाद शौचालय की छत पर रखा कत्ता भी बरामद कर लिया गया. पुत्री की हत्या करने वाला प्रभु सिंह बिहार के छपरा जिले का रहने वाला है. उसकी बेटी की ससुराल देवरिया में है. बेटी के ससुराल नहीं जाने से पिता पिछले कई महीनों से काफी परेशान था.

### रात आठ बजे घटना को दिया अंजाम

**आरोपी प्रभु सिंह के मुताबिक रात तकरीबन आठ बजे हत्या की घटना को अंजाम दिया गया . इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे देवरी थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू, एसआई गणेश कुमार यादव हत्या के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया . थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू ने बताया कि महिला की हत्या हुई है . मृतका की पिता ने हत्या करने की बात स्वीकार की है . मामले की जांच पड़ताल की जा रही है .**

### पिट वाटर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, हंगामा

**लोयाबाद।** कनकनी कोलियरी में संचालित रामअवतार आउटसोर्सिंग कंपनी के परियोजना विस्तारीकरण को लेकर जमीन समतल करने और रास्ता बनाने के दौरान पिट वाटर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से नाराज़ सेन्द्रा-4 नंबर के ग्रामीणों ने हंगामा किया और कार्य रोकवा दिया. दोपहर के समय कंपनी के कर्मचारी जमीन को समतल तथा रास्ता बना रहे थे. इसी दौरान पीट वाटर पाइप उखड जाने से पानी सप्लाई ठप हो गया. इसी बात को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और कार्य रोकवा दिया. ग्रामीणों का कहना था कि कंपनी के कर्मियों ने जान बूझकर हॉलपैक मशीन चलाकर पाइपलाइन को उखाड़ा. हॉलपैक चालक को मना किया तो वह गाड़ी से उतरकर ग्रामीणों से उलझ पड़ा. कोलियरी प्रबंधक से पेयजल व्यवस्था करने का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण शांत हुए.

# रेडिसन इंडिविजुअल के प्रबंधक समेत पांच के खिलाफ शोषण का मुकदमा

खास बातें

- होटल में कार्यरत महिला कर्मी ने लगाया आरोप
- महिला थाने में दर्ज हुई शिकायत

संवाददाता। धनबाद




धनसार थाना क्षेत्र स्थित रेडिसन इंडिविजुअल होटल में कार्यरत एक महिला कर्मी ने होटल प्रबंधक समेत पांच के खिलाफ मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है. बयान के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले के छानबीन शुरू कर दी है.

धनबाद थाना क्षेत्र के रहने वाली युवती ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि वह होटल में शुरुआती दौर से जुड़ी है.होटल में काम करने के दौरान यहां के वरीय कर्मचारी उसे पर गंदी निगाह रखते थे, साथ ही बात-बात पर प्रताड़ित करते थे, उनकी गलत मंशा पूरी नहीं होने के कारण अक्सर उसको प्रताड़ित किया जाता था. इसे क्रम में एक दिन उसकी हाजरी काट दी गई. जब इस बात की शिकायत उसने होटल के अन्य बड़े लोगों से की तो उसके साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किया गया, मारपीट कर काम से भी निकाल दिया गया. इस मामले को लेकर उसने होटल प्रबंधक प्रतीक मोहन, एचआर के एस मोनालिसा, राजीव गोस्वामी, संजीत कुमार, ऐश्वर्या के खिलाफ महिला थाना में मुकदमा दर्ज कराया है. बातचीत के दौरान पीड़ित ने बताया कि महिला थाना पुलिस ने उसे कल रविवार 11 बजे होटल चलने को कहा है, जहां उसके आरोपों का रिक्रियेशन होगा और उन स्थानों की पहचान भी कराई जायेगी. जहां आरोप के अनुसार उसके साथ शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया गया था.

### 35 दिन तक काटती रही महिला थाने के चक्कर

पीड़िता के अनुसार वह इस मामले को लेकर वह पिछले 35 दिनों से महिला थाना के चक्कर काट रही थी . लेकिन न तो उसकी शिकायत सुनी जा रही थी और न ही कोई सीधे मुंह बात करने वाला था . अंततः थक हारकर वह अपनी फरियाद लेकर धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा के



यहां पहुंची और उन्हें अपनी शिकायत दर्ज कराई . उन्होंने इस मामले को धनबाद के एसएसपी को अग्रसारित कर दिया और वहां से आदेश मिलने पर महिला थाना सक्रिय हुआ और वहां मामला दर्ज किया गया जिसके आधार पर धनबाद कोर्ट में 164 का बयान भी दर्ज हुआ .

## बोकारो पुलिस ने किया खुलासा, शूटर बिहार के

# शंकर रवानी हत्याकांड में पाँच आरोपी गिरफ्तार

खास बातें

- शूटर को 10 लाख की दी गई थी सुपारी
- शंकर रवानी के रेकी के लिए तीन लोगों को रखा था

संवाददाता। बोकारो



बोकारो के हरला थाना पुलिस ने लोहा व्यापारी शंकर रवानी हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए पांच आरोपी को गिरफ्तार किया है. शंकर रवानी की हत्या ठेकेदारी में वर्चस्व बनाये रखने के लिये राजू दूबे ने शूटरो की मदद से इस हत्याकांड की घटना को अंजाम दिया. मामले को लेकर एसपी ने बताया कि शंकर रवानी की हत्या के लिए शूटर बिहार से मंगवाया गया था और इसके लिए 10 लाख की सुपारी दी गई थी. इस घटना को अंजाम देने के लिए राजू दूबे ने शंकर रवानी के रेकी के लिये तीन लोगो को रखा था. गिरफ्तार आरोपी में हरला थाना क्षेत्र के महुआर निवासी राजेन्द्र दूबे उर्फ राजू दूबे, प्रक्षित सिंह उर्फ राजा, श्याम कुमार रवानी, अमित कुमार रवानी और चास थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा कालोनी पंजाबी मुहल्ला निवासी अशोक सिंह उर्फ अशोक सम्राट का नाम शामिल है. आरोपी के पास से एक बाईक, एक कार (JH09V 4374), एक स्कापियो (JH01BB 9206 3), आधा दर्जन मोबाईल और बीएसएल प्रशासनिक भवन का इन्ट्री पास पुलिस ने बरामद किया है. मामले के उद्भेदन के लिये सिटी डीएसपी के नेतृत्व में गठित एसआईटी की टीम ने मुख्य षडयंत्रकारी राजेन्द्र दूबे उर्फ राजू दूबे और अशोक सिंह उर्फ अशोक सम्राट को पहले गिरफ्तार किया. राजू दूबे ने पूछताछ में बताया कि यह घटना ऐस पॉण्ड में ठीकेदारी के कार्य में वर्चस्व को बनाये रखने के लिये अशोक सम्राट के साथ मिलकर षडयंत्र रचा एवं प्रतिद्वंदी शंकर रवानी की शूटरों की मदद से हत्या करवा दिया. इस घटना को अंजाम देने के लिए राजू दूबे ने महुआर के प्रक्षित सिंह उर्फ राजा, श्याम कुमार रवानी एवं अमित कुमार रवानी को पिछले कुछ दिनों से रेकी करने के लिये रखा गया था.

# जमीन कारोबारी के घर पर गोली चलाने वाला शेख गुड्डू गिरफ्तार

▪ रंगदारी की मांग को लेकर गोलीबारी व बमबाजी करवाने का आरोप

संवाददाता। कतरास



धर्माबांध बस्ती निवासी जमीन कारोबारी दीपक रवानी के घर बमबाजी व गोलीबारी मामले के अभियुक्त कांग्रेस नेता शेख गुड्डू को पुलिस ने शनिवार को मधुपुर से गिरफ्तार कर लिया है. देर शाम गुड्डू को पुलिस टीम कतरास लाकर पुछताछ कर रही है.हालाकि पुलिस गिरफ्तार को लेकर कुछ भी कहने से परहेज़ कर रही है . मालूम हो कि कांग्रेस नेता शेख गुड्डू जमीन कारोबारी के घर रंगदारी के मांग को लेकर गोलीबारी व बमबाजी करवाने के अलावे मधुबन थाना परिसर में गोलीबारी तोड़फोड़ सहित अन्य मामले में फरार चल रहा था पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी। लेकिन गुड्डू लगातार पुलिस नजरों से फरार चल रहा था। गुड्डू के खिलाफ बाघमारा अनुमंडल के विभिन्न थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### कार्यालय परिसर में जलजमाव, प्रदर्शन

**तेतुलमारी।** बीसीसीएल एरिया चार के वेस्ट मोदीडीह कोलियरी कार्यालय परिसर में बरसात का पानी से जल जमाव होने से परेशान कर्मीयों ने कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. कर्मीयों ने कहा कि प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा है कि कार्यालय परिसर पानी घुस रहा है परियोजना पदाधिकारी से कई बार शिकायत किया गया कि कार्यालय के बाहर पानी के लिए बना नाली की साफ सफाई करवाऐं लेकिन कुछ नहीं सुना गया। इससे कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मी को काफी परेशानियों की सामना करना पड़ता है,प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो हम लोग अपने-अपने कार्य का बहिष्कार कर देंगे। मौके पर ब्रह्मदेव साहू, शिवकुमार महतो आदि शामिल थे।

# आरक्षण काउंटर पर दलालों का कब्जा

▪ टिकट दलालों को आरपीएफ का भी सपोर्ट

▪ गोपाल, शमी, रोहित, शहजादा इस गिरोह के हैं मास्टरमाइंड

संवाददाता। धनबाद



धनबाद में इन दिनों रेल टिकट के दलाल काफी सक्रिय है.हर दिन टिकट रिजर्वेशन काउंटर के लाइन में इन्हें देखा जा सकता है. यहां हालात यह है कि यदि आपको रिजर्वेशन में टिकट लेना है तो या तत्काल में टिकट लेना है तो अगर टिकट दलालों से बच जाए तो ही आपको टिकट मिलेगा. धनबाद में टिकट दलालों का एक पूरा सिंडिकेट काम कर रहा है जो न सिर्फ धनबाद बल्कि देश के कई बड़े शहरों से भी जुड़ा हुआ है.

रोहित, गोपाल, शमी, शहजादा यह लोग इस गिरोह के मास्टरमाइंड है. इन सबके पास 8 से 10 लड़के होते हैं, जो टिकट बनाने के लिए लाइन में लगने का काम करते है.यह लोग बाहर का एजेंट का ज्यादा काम करता है. बाहर का एजेंट का काम करने में 6000 से 7000 रोजाना कि कमई होती है, इस गिरोह को आरपीएफ का भी सपोर्ट होता है. टिकट लाइन में पब्लिक द्वारा हंगामा किए जाने पर संभालने को जिम्मेवारी भी इनकी होती है, इसके लिए इन्हें भी बंधी बंधाई रकम मिलती है. टिकट लेने वाले यदि इनके खिलाफ बोलता है या लोग रोजाना आ रहा है लेकिन टिकट नहीं मिल रहा है तो दलाल लोग दो फॉर्म रखता है,पब्लिक को दूसरा फॉर्म दिखाता है, बोलता है कल टिकट नहीं बना था, इस कारण आज आएं हैं. लाइन लगाने का काम पप्पू करता है और पप्पू भी लाइन में लगता है लेकिन पप्पू ही डिसाइड करता है कौन नंबर में लगेगा, इस तरह पूरी लाइन में ही ये लोग कब्जा कर लेते हैं और आम लोगों को टिकट नहीं मिल पाता है.

### काउंटर के बाहर कोई गड़बड़ी नहीं : पंकज



**धनबाद आरपीएफ थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने कहा की रिजर्वेशन काउंटर के बाहर कोई गड़बड़ी नहीं . वर्तमान में रेल पुलिस के जवान काउंटर के सामने विधि व्यवस्था बनाने में लगे रहते है . उन्होंने कहा की अब तक कोई टिकट दलाल के सक्रिय होने की उनके पास कोई सूचना नहीं है .**

राजनीति

## मासस के शामिल होने से दोनों सीटों पर गठबंधन होगा मजबूत

# मासस का भाकपा माले में विलय के बाद बदलेगा निरसा-सिंदरी का समीकरण


अरूप चटर्जी


आनंद महतो


अशोक मंडल


फूलचंद मंडल

संवाददाता। धनबाद

भाकपा माले में मासस के विलय की तैयारी चल रही है. सूत्रों की माने तो सिर्फ आधिकारिक घोषणा ही बाकी है. जो आगामी दस से पंद्रह दिन में किये जाने की संभावना है. मासस के भाकपा माले में विलय के बाद धनबाद के दो विधानसभा क्षेत्र पर इसका विशेष प्रभाव पड़ना तय है. भाकपा माले गठबंधन में शामिल हैं. ऐसे में मासस के नेताओं को गठबंधन के आधार पर सीटें मिलेंगी. धनबाद में निरसा एवं सिन्दरी विधानसभा को मासस का गढ़ माना जाता है.

निरसा से मासस के अरूप चटर्जी तो वहीं सिन्दरी से आनंद महतो कद्दावर नेता हैं. मासस के गठबंधन में शामिल होने पर दोनों सीटों पर गठबंधन मजबूत होगा. अभी तक झारखंड मुक्ति मोर्चा और मासस दोनों इन दोनों सीटों पर लड़ती आयी है. 2019 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो निरसा में मासस से अरूप चटर्जी एवं झामुमो से अशोक मंडल ने चुनाव लड़ा था. वहीं सिन्दरी में मासस से आनंद महतो और झामुमो से पूर्व विधायक फूलचंद मंडल ने चुनाव लड़ा था .

### किस विधानसभा के किस नेता पर दांव लगाएगा गठबंधन

निरसा और सिन्दरी विधानसभा क्षेत्र में मासस और झामुमो में से गठबंधन किस पार्टी के किस नेता पर दांव लगता है, यह तो वक़्त बताएगा . निरसा से अरूप चटर्जी पहले विधायक रह चुके हैं और झामुमो के अशोक मंडल ने एक बार भी चुनाव नहीं जीता है . सूत्रों की माने तो निरसा से गठबंधन अरूप चटर्जी पर ही दांव लगाएगी लेकिन सिन्दरी विधानसभा में गठबंधन का प्रत्याशी तय करना आसान नहीं होगा . सूत्रों के अनुसार आनंद महतो अपने बेटे के लिए टिकट की मांग कर सकते हैं तो वहीं फूलचंद मंडल भी अपने बेटे धरणीधर मंडल को टिकट दिलाने की जुगत में लगे हैं . जानकारी के मुताबिक धरणीधर मंडल ने अभी से ही बूथ कमिटी बनाना शुरू कर दिया है .

### क्या कहते हैं पिछले चुनाव के आंकड़े

2019 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो भाजपा को मासस ने दोंनो विधानसभा क्षेत्र में कड़ी टक्कर दी थी . जबकि तीसरे स्थान पर झामुमो रहा . निरसा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता को 89082 वोट मिले थे . वहीं मासस के अरूप चटर्जी को 63624 एवं झामुमो के अशोक मंडल को 47168 वोट मिले थे . इसी प्रकार सिन्दरी विधानसभा में भाजपा के इंद्रजीत महतो को 80967 वोट मिले थे . वहीं आनंद महतो को 72714 और झामुमो के फूलचंद मंडल को 33583 वोट मिले थे . मासस के गठबंधन में शामिल होने के बाद दोनों विधानसभा सीटों के समीकरण बदल जाएंगे . मासस और झामुमो का वोट मिलकर भाजपा को बड़ी मुश्किल में डाल देगा . पिछले विधानसभा में मासस और झामुमो को मिले मतों को जोड़ दिया जाए तो भाजपा उसके मुकाबले काफी पीछे हो जा रही है .

# तीन नए कानून पर बार एसोसिएशन में सेमिनार

संवाददाता। धनबाद

एक जुलाई से पूरे देश में तीन नए कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) लागू हो गए. नए कानूनों में ऐसे कई प्रावधान किए गए हैं जिसकी जानकारी के लिए धनबाद बार एसोसिएशन में शनिवार को सेमीनार का आयोजन किया गया. सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता मनोज कुमार सिंह उपस्थित थे. इसके पूर्व सेमिनार का उद्घाटन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय वरीय अधिवक्ता सोमनाथ चौधरी, पीके भट्टाचार्य शाहनवाज ने दीप प्रज्वलित कर किया. दंड प्रक्रिया संहिता मे कुल 11 नए प्रावधान जोड़े गए हैं.

### न्याय प्रक्रिया को बनाया जायेगा तेज और प्रभावी

- राजनीतिक दबाव में मुकदमे वापस लेने पर रोक लगेगी.
- पीड़ित को कोर्ट में अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिलेगा.
- समयबद्ध न्याय के लिए पुलिस और कोर्ट के लिए सीमाएं निर्धारित की गई हैं.
- छोटे अपराधों में सजा के तौर पर सामुदायिक सेवा का प्रवधान किया गया है.
- पुलिस अनुसंधान में तकनीक का उपयोग अधिक से अधिक होगा.
- महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है.
- दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामलों में जांच दो माह के भीतर पूरी करने की व्यवस्था की गई है.

## ब्रीफ खबरें

### भाकपा माले ने मनाई डीपी बक्शी की पुण्यतिथि

**मैथन।** मैथन रोड स्थित भाकपा माले कार्यालय में पार्टी के संस्थापक सदस्य व पोलित ब्यूरो सदस्य डीपी बक्शी की पुण्यतिथि शुक्रवार की शाम मनाई गई. इसका आयोजन पार्टी की निरसा एरिया कमेटी ने किया था. इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा गया. मौके पर माले के राज्य कमिटी सदस्य नागेन्द्र कुमार ने कहा कि डीपी बक्शी पार्टी के संस्थापक नेताओं में से एक थे. वे आजीवन कम्यूनिस्ट आंदोलन को गति प्रदान करते रहे. उन्होंने झारखंड समेत कई राज्यों में मजदूर-किसान आंदोलन को मजबूती की थी. देश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति में उनके बताए रास्ते पर चलकर ही कम्यूनिस्ट आंदोलन को मजबूत किया जा सकता है तथा लोकतंत्र व संविधान विरोधी केन्द्र सरकार को आगे बढ़ने से रोका जा सकता है.

### चिरकुंडा नगर परिषद् ने किया पौधरोपण

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद् की ओर से सुंदरनगर स्थित एफएसटीपी प्लांट समेत आसपास के इलाके में शनिवार को पौधरोपण किया गया. सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि इस दौरान 55 पौधे लगाए गए. स्वच्छ पर्यावरण और चिरकुंडा को हरा-भरा रखने के लिए पौधरोपण किया गया है. पौधे वैसे जगहों में लगाए गए जहां उसकी देखभाल किया जा सके. मौके पर सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन के अलावा सुपरवाइजर अमर दास,चिन्मय बनर्जी, ओंकार नाथ श्रीवास्तव, अनिल साव, बैजू साव, अनूप कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### दो बाइक की टक्कर में उलझे दो गुट

**धनसार।** जोड़ाफाटक मुख्य मार्ग कुमार टाकिज के पास शनिवार को दो बाइक सवार मे टक्कर हो गई.जहां एक बाइक सवार के कमर मे चोट आ गई.इस घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई.इस दौरान अप्पू नामक युवक का सिर फट गया.इस संबंध मे एक पक्ष के विकास कुमार ने धनसार थाना में लिखित शिकायत की है.वहीं बाइक.से गिरे व्यक्ति का इलाज जोड़ाफाटक स्थित एक नर्सिंग होम में कराया जा रहा है.बताया जाता है कि शनिवार को दो बाइक के बीच टक्कर हुई.एक बाइक सवार आमटाल का रहने वाला था.वहीं दूसरा बाइक सवार जोड़ाफाटक प्रेम नगर का विकास कुमार बताया जाता है.टक्कर के बाद आमटाल वाले व्यक्ति ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया.इसके बाद पहुंचे लोग विकास कुमार की पिटाई करने लगे. यह देख अप्पू सहित कई लोग विकास के पक्ष मे वहां पहुंच मारपीट करने से रोकने लगे. जहां विवाद बढ़ गया. इसके बाद दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई. सूचना पाकर धनसार पुलिस पहुंच लोगों को समझाबुझाकर शांत कराया.

### निर्माणाधीन मकान से समान की चोरी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत नेहरू रोड स्थित लोयला स्कूल के समीप निर्माणाधीन शुभम अग्रवाल के मकान में चोरों ने शुक्रवार की रात्रि ठीकेदार द्वारा कार्य किये जा रहे समान की चोरी कर ली. इस संबंध में ठीकेदार शमसुद्दीन मीर ने चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि वह शुभम अग्रवाल के घर पर 18 माह से कार्य कर रहे हैं. शनिवार की सुबह में जब वह आए तो देखा कि कार्य में प्रयुक्त समान जिसमें मोटर तीन पीस, हैंड मशीन व कटर मशीन एक पीस, रिंग रड 200 पीस, डाई 6 पीस, केबल तार 2 क्वायल की चोरी हो गई है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

## परेशानी : रोजी-रोटी पर आफत, कब तक गुलजार रहेगा वेंडिंग जोन, संशय बरकरार

# एक सप्ताह पूर्व नर्सरी वालों को निगम ने बसाया वेंडिंग जोन में

रणजीत कुमार सिंह । धनबाद



नगर निगम के दबाव में वेंडिंग जोन में आकर बसे नर्सरी वाले कब तक इसे गुलजार रग सकेंगे इसपर संशय बरकरार है.हीरापुर फुटपाथ पर फूलों के पौधे बेचने वालों के पास ग्राहक नहीं पहुंच पा रहे हैं जिससे इनकी रोजी-रोटी पर मुसीबत आ पड़ी है . धनबाद के कोहिनूर मैदान स्थित नगर निगम द्वारा बनाया गया वेंडिंग जोन आज काफी गुलजार दिख रहा है लेकिन दुकानदारों के चेहरे उदास हैं. दर्जनों नर्सरी फुटपाथ दुकानदारों को इस वेंडिंग जोन में स्थाई जगह मिल गई है. यह सभी दुकानदार रणधीर वर्मा चौक से हटिया मोड़ तक सड़क किनारे अपनी दुकान लगा कर अपना जीवन यापन करते थे. फिलहाल कुछ दिनों से निगम के द्वारा शहर में चलाये जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के कारण इनकी रोजी रोटी पर संकट गहराने लगा था. जिसके बाद निगम ने इन सभी नर्सरी फुटपाथ दुकानदारों को कोहिनूर मैदान में बने वेंडिंग जोन में जगह दे दी .इससे वीरान पड़ा वेंडिंग जोन तो गुलजार हो गया लेकिन दुकानदार मुसीबत में घिर गए हैं .

### निगम ने नर्सरी वालों को साजिश के तहत वीराने में बसा दिया : रवि



इस संबंध में नर्सरी दुकानदार रवि कुमार ने कहा कि निगम ने नर्सरी वालों को साजिश के तहत सड़क किनारे से हटा कर इस वीरान स्थल में बसा दिया है . यह वेंडिंग जोन मुख्य सड़क से काफी अंदर है .जहां दुकानदारी पूरी तरह चौपट हो रही है . उन्होंने कहा कि यह वेंडिंग जोन सब्जी विक्रेता, मछली विक्रेता, फल विक्रेता आदि फुटपाथ दुकानदारों को बसाने के लिए बनाया गया था पर इसमें आने से सभी ने मना कर दिया . इसकी वीरान स्थिति को देखते हुए हम नर्सरी वालों को बल पूर्वक इस वेंडिंग जोन में बसा दिया .जबकी आज भी पुलिस लाइन ,हटिया मोड़ आदि जगहों पर खुले में खाने पीने की सामग्री बिक रही है . इन लोगों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है .रवि ने निगम के अधिकारियों से इस वेंडिंग जोन से हटा कर दूसरे स्थान पर दुकान देने की गुहार लगाई है .ताकि रोजगार सुचारू रूप से चल के . उन्होंने कहा अगर निगम के अधिकारी नर्सरी वालों की मांगे नहीं माने तो फिर से सड़क किनारे दुकान लगाने पर वे मजबूर हो जाएंगे . इसके लिए वे लाठी खाने को भी तैयार हैं .

### पिछले एक सप्ताह से बोहनी के लिए तरस रहे हैं : संजीत



वहीं संजीत कुमार ने कहा कि निगम के इस फैसले से दुकानदारों का रोजगार चौपट हो रहा है . प्रतिदिन 1000– 1500 रुपया कमाने वाले दुकानदार पिछले एक सप्ताह से बोहनी के लिए तरस रहे हैं . पौधा बर्बाद हो रहा है . अगर यही हाल रहा तो बहुत जल्द भुखमरी के साथ साथ बच्चों का भविष्य भी अधर में लटक जाएगा .उन्होंने कहा कि सड़क किनारे नर्सरी की दुकान होने से अच्छी दुकानदारी होती है क्योंकि मुख्य सड़क से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं . और मुख्य सड़क से हट कर बना यह वेंडिंग जोन नर्सरी वालों के लिए किसी काम का नही . इसलिए विभाग हम दुकानदारों के प्रति सोचे व उचित स्थान में बसाने की कृपा करे ताकि हम दुकानदारों का रोजगार फिर से सुचारू रूप से चल सके .

# 4 किलो गांजा समेत 2 गिरफ्तार

**खास बातें**
- गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की छापेमारी

संवाददाता । तेतुलमारी



तेतुलमारी थाना क्षेत्र में शक्ति चौक के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने शनिवार को बाइक सवार दो युवकों को चार किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया. यह जानकारी बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति मिंज ने पत्रकारों को दी. कहा कि धनबाद एसएसपी को शक्ति चौक के समीप गांजा ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी. यह जानकारी तेतुलमारी थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी को दी गई. थान प्रभारी ने तत्काल 8 लाइन सड़क पर शक्ति चौक के समीप वाहन जांच अभियान चलाया. बाइक सवार दोनों युवकों की तलाशी लेने पर एक बैग से दो पैकेट गांजा बरामद किया गया, जिसका वजन 4 किलो है. बाइक का नंबर जेएचसीएच 3101 है. गिरफ्तार गांजा तस्करों के नाम सरायढ़ेला निवासी उमाशंकर सिंह और आकाश शर्मा है. पुलिस दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पूछताछ कर रही है. वाहन जांच अभियान में तेतुलमारी थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी के अलावा श्रवण राम, नारायण महतो, चंदन कुमार महतो, प्रमोद कुमार तिवारी शामिल थे.

## सूरज की पत्नी को मिला नियोजन, 20 लाख मुआवजा

संवाददाता । झरिया

**एटी देवप्रभा हादसा**

सुशी आउटसोर्सिंग में पेटी कॉन्ट्रैक्टर एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग के वर्कशॉप में शुक्रवार को होलपैक वाहन की चपेट में आने से नॉर्थ जियलगोरा भूली निवासी 28 वर्षीय सूरज कुमार माली की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जोड़ापोखर थाने में देर रात 12.30 बजे पुलिस, परिजनों और प्रबंधन की उपस्थिति में मृतक की पत्नी को नौकरी और 20 लाख रुपए देने पर सहमति बनी. वहीं शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद सूरज का शव घर पहुंचते ही परिजन चित्कार मारकर रोने लगे. पत्नी रेणु देवी अपने पति के शव से लिपटकर बार-बार कह रही थी कि अब बच्चों का क्या होगा? मृतक चार भाईयों में सबसे बड़ा था. अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्री और एक पुत्र छोड़ गया है. मृतक का दाह संस्कार मोहलबनी घाट पर किया गया. मुखाग्नि उसके दो वर्षीय पुत्र बाबू ने दिया. मृतक सूरज माली एटी देवप्रभा कंपनी में रोजगार मांगने करीब दस दिनों से जा रहा था. शुक्रवार को भी वह बायोडाटा लेकर वर्कशॉप कैंप पहुंचा था. इसी दौरान होलपैक वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई. हादसे के बाद मृतक के परिजनों और नॉर्थ जियलगोड़ा के ग्रामीण आक्रोशित हो गए. ग्रामीणों ने घटनास्थल पर शव को नहीं देखा. ग्रामीणों ने शव गायब करने का आरोप लगाकर वर्कशॉप पर हमला किया. ग्रामीणों का हमला देख वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने बचाव में तीन राउंड फायरिंग की, जिससे ग्रामीणों का गुस्सा और भड़क गया. देखते ही देखते माहौल हिंसक हो गया. ग्रामीण पत्थरबाजी करने लगे. इतना ही नहीं दो हॉलपैक, एक डोजर, एक कैंपर, पर्सनल विभाग के दो कमरों के अलावा कई दोपहिया वाहनों को आग के हवाले कर दिया. करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए. सूचना पाकर डीएसपी विनोद कुमार, झरिया सीओ रामसुमन, एसडीपीओ भूपेंद्र राउत, जोड़ापोखर थानेदार राजेश सिन्हा, जोड़पोखर सर्किल इंसपेक्टर उषा समेत अन्य पुलिस अधिकारी सदलबल घटनास्थल पर पहुंचे. देर रात विधायक पूर्णिमा सिंह भी घटनास्थल पर पहुंची और त्रिपक्षीय वार्ता की पहल की. जोड़ापोखर थाने में देर रात 12.30 बजे पुलिस, परिजनों और प्रबंधन की उपस्थिति में मृतक की पत्नी को नौकरी और 20 लाख रुपए देने पर सहमति बनी. इसी दौरान पुलिस सूरज माली का शव थाना लेकर पहुंची. इसके बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीण शांत हुए.

# छठ तालाब के अतिक्रमण का लोगों ने किया विरोध

**खास बातें**
- सीओ ने भराई कार्य रोकने का दिया आदेश

संवाददाता । मैथन



गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के मोहुल बागान कॉलोनी के लोगों ने एकजुट होकर छठ तालाब के अतिक्रमण का विरोध शनिवार को किया. जीटी हार्डकोक प्रबंधक पर इस तालाब के अतिक्रमण का आरोप है. प्रबंधक जेसीबी और हाइवा से तालाब भराई करवा रहे थे. तभी कॉलोनी के लोग दोनों वाहनों के सामने जाकर खड़े होकर कार्य रोकवा दिया. सूचना पाकर भाजपा नेता प्रशांत बनर्जी, रंजीत मोदी, मुखिया काकुली मुखर्जी और उप प्रमुख विनोद दास मौके पर पहुंचे. सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि आस्था से जुड़े छठ तालाब को बचाने के लिए हर तरह की लड़ाई लड़ने के लिए हमलोग तैयार हैं. किसी भी सूरत में जीटी हार्डकोक प्रबंधन के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे. इसके बाद भाजपा नेताओं ने मुखिया काकुली मुखर्जी के नेतृत्व में एग्यारकुण्ड सीओ कृष्ण कुमार मरांडी से उनके कार्यालय जाकर मुलाकात की. सीओ को बताया कि पचास वर्षों से स्थानीय लोग उक्त तालाब में छठ पूजा करते आ रहे हैं. पिछले साल छठ पूजा से पहले ईसीएल ने तालाब में घाट का निर्माण कराया था. जीटी हार्डकोक प्रबंधक विनोद पोद्दार ने अपने पैड पर ईसीएल राजपुरा कोलियरी एजेंट को लिखित रूप से एनओसी भी दिया था. अब जबरन तालाब की भराई करा रहे हैं. लोगों का आरोप है कि हार्ड कोक प्रबंधक अंचल कार्यालय कर्मियों की मिलीभगत से जमीन की प्लॉटिंग कर ऊंचे दामों में बेचना चाहते हैं. स्थानीय पुलिस भी इस खेल में शामिल है. गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी नीतीश कुमार तालाब अतिक्रमण का विरोध करने वालों को केस करने की धमकी देते हैं. भाजपा नेताओं से बातचीत के बाद सीओ ने हार्डकोक प्रबंधक को अपने कार्यालय बुलाकर तत्काल काम रोकने का निर्देश दिया. सीओ ने उनसे जमीन की डीड मांगी, लेकिन वे प्रस्तुत नहीं कर सके. वहीं इस मामले में हार्डकोक प्रबंधक विनोद पोद्दार का कहना है कि पोड़ा कोयला की आग बुझाने के लिए गड्ढा खोदा गया था.

## झामुमो में शामिल हुए दर्जनों युवा

**निरसा ।** निरसा प्रखंड के देवियाना पंचायत अंतर्गत सिंहपुर गांव में शनिवार को दर्जनों युवाओं ने झामुमो का दामन थाम लिया. पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मंडल ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया. इस अवसर पर अशोक मंडल ने हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सविस्तार जानकारी पार्टी में शामिल हुए नए सदस्यों और ग्रामीणों को दी.




## निर्माणाधीन सड़क का ग्रामीणों ने किया विरोध

**खास बातें**
- पड़ने लगी है दरारें
- घटना सामग्री इस्तेमाल का लगाया आरोप

संवाददाता । तोपचांची

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तोपचांची प्रखंड में बेलमी से गणेशपुर तक पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है. करीब 3.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण में साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत आएगी. गणेशपुर के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाकर शनिवार को विरोध किया.

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा. इन सामग्रियों के इस्तेमाल से सड़क जल्दी ही टूट जाएगी. 22 जुलाई को सड़क की ढ़लाई हुई थी, शाम होते ही दरारें आने लगी. ऐसा इसलिए हो रहा है कि सीमेंट कम और बालू का इस्तेमाल ज्यादा किया जा रहा है. गार्डवाल का भी निर्माण किया जा रहा है, लेकिन सड़क और गार्डवाल के बीच सिर्फ गिट्टी व बालू देकर छोड़ दिया गया. ऐसे में भारी बारिश होने पर गार्डवाल गिर सकता है. ग्रामीणों का कहना है सड़क निर्माण में सरकारी मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है. उसी का नतीजा है कि जगह-जगह दरारें पड़ने लगी है. वहीं गार्डवाल के निर्माण में बीसीसीएल के खराब पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा है. गार्डवाल में जगह-जगह पानी निकासी के लिए पाइप लगाया जाना है, लेकिन अधिकतर जगहों में पाइप नहीं लगाया जा रहा है. मौके पर सुनील महतो, अजीत, कुणाल, धनेश्वर, युगल, विजय, उपासी देवी, भुखली देवी, चिन्ता देवी उपस्थित थे.

## इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज का धनबाद में खुला रिटेल स्टोर

**खास बातें**
- आकर्षक सिल्क साड़ियां खरीद पाएंगे ग्राहक

संवाददाता । धनबाद



सस्ते दाम पर सिल्क साड़ियों के व्यापक संग्रह के लिए प्रसिद्ध बंगाल की अग्रणी रिटेल चेन इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज का धनबाद में रिटेल स्टोर खुल चुका है. शनिवार को इसका उद्घाटन एजेंसीज की संस्थापिका प्रतिभा दुधोरिया ने फीता काटकर किया. मौके पर उन्होंने कहा कि यह एजेंसीज पूर्वी भारत में सबसे बड़ा सिल्क साड़ियों का रिटेल चेन है, जो गुणवत्ता, शिल्प कौशल और ग्राहक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है. इस एजेंसीज का उद्देश्य सस्ती कीमतों पर गुणवत्ता युक्त उत्पाद ग्राहकों को उपलब्ध कराना है. पूरे देश में एजेंसीज के रिटेल स्टोर का विस्तार हो रहा है. उन्होंने कहा कि प्रत्येक साड़ी के साथ हम शिल्प विरासत को आगे बढ़ाते हैं. यह शिल्प कौशल की विरासत है जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती है. सिल्क साड़ियों के प्रत्येक धागे लचीलापन, रचनात्मकता और सांस्कृतिक गौरव की कहानी बयां करता है. धनबाद में अपनी यात्रा शुरू कर हमें नई यादें और नई सफलता की उम्मीद है. वहीं एजेंसीज के निदेशक दर्शन दुधोरिया एवं लिपिका दुधोरिया ने कहा कि गुणवत्ता युक्त शिल्प कौशल के लिए हम पूरे भारत में बुनकर समुदायों के साथ मिलकर काम करते हैं. बनारसी सिल्क साड़ियों से लेकर पश्चिम बंगाल की जीवंत बलूचरी साड़ियां अपने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की निशानी है. इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज भारतीय एथनिक ड्रेस के लिए बेहतर गंतव्य स्थल है.




# डीएवी मुनीडीह में स्पोर्ट्स मीट



**प्रतियोगिता के परिणाम**

**400 मीटर दौड़ अंडर-14 गर्ल्स**
प्रथम सलोनी यादव, कुसुंडा,द्वितीय शाना हैदर, कोयलानगर, तृतीय कुमारी, लोदना

**लॉन्ग जम्प अंडर-17 गर्ल्स -**
प्रथम डौली कुमारी, सिंदरी, द्वितीय राधा, अल्कुसा तृतीय श्रेया सहाय, कोयलानगर

**4X100 रिले बॉयज अंडर-19**
प्रथम महावीर एंड टीम मुनिडीह

**4X100 रिले गर्ल्स अंडर-17**
प्रथम डॉली एंड टीम सिंदरी द्वितीय मेधात्री एंड टीम कोयला नगर

**1500 मीटर दौड़**
प्रथम शोर्य नाथ सिंह , सिंदरी ,द्वितीय शिवम् कुमार महतो, मुनीडीह ,तृतीय प्रतिश कुमार, अल्कुसा .

संवाददाता । पुटकी

डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल एक दिवसीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन मुनीडीह में हुआ. मुख्य अतिथि झरखंड जोन सी धनबाद के क्षेत्रीय सहायक अधिकारी एनएन श्रीवास्तव ने उद्घाटन किया.प्रभारी प्राचार्य एस के मोहंती से अतिथि व एथलीटों का स्वागत किया. एथलेटिक्स मीट में डीएवी लोदना, कोयलानगर, अलकुसा, कुसुंडा, सिंदरी, मुगमा और मुनीडीह की टीमों ने भाग लिया. तीन सौ एथलीटों ने 16 इवेंट में भाग लिया. विजेताओं को मुख्य अतिथि ने विजेता के नाम की घोषणा की. डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल एथलेटिक्स मीट में कुल 07 डीएवी स्कूलों (लोदना, कोयलानगर, अल्कुसा, कुसुंडा, सिंदरी, मुगमा और मुनीडीह ने भाग लिया. प्रभारी प्राचार्य ने समापन की घोषणा की.

## केंद्रीय विद्यालय में फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत

संवाददाता । मैथन



केंद्रीय विद्यालय मैथन में शनिवार को रांची संभाग के तीन दिवसीय क्षेत्रीय फुटबॉल अंडर 14 प्रतियोगिता की शुरुआत शनिवार को हुई. प्रतियोगिता की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि दामोदर घाटी निगम के उप महाप्रबंधक अनूप पुरकायस्थ और विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार माथुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. प्रतियोगिता में पांच केंद्रीय विद्यालय गुमला, दीपाटोली, मेघहतुबुरू, लातेहार एवं मैथन की टीम के कुल 80 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. प्रतियोगिता 27 जुलाई से 29 जुलाई तक चलेगा. मुख्य अतिथि अनूप पुरकायस्थ ने बच्चों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया. कहा कि खेल का संबंध मनोरंजन के साथ-साथ शरीर से भी जुड़ा है. शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में खेल की भूमिका अहम है. लगातार पढ़ाई करने के कई बार तनाव का सामना करना पड़ता है. ऐसे में खेलकूद में भाग लेने से तनाव दूर होता है. विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार माथुर ने खेल के महत्व पर प्रकाश डाला. कहा कि छात्रों के समग्र विकास के लिए खेल आवश्यक है. विभिन्न खेलों में भाग लेने से टीम वर्क, नेतृत्व, जवाबदेही, धैर्य और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है.



# जुलूस में फिलिस्तीन झंडा लहराने वाला गिरफ्तार



संवाददाता। साहिबगंज

मुहर्रम जुलूस में फिलिस्तीन झंडा लहराने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है. नगर थाना इंस्पेक्टर अमित गुप्ता ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मुहर्रम जुलूस के पश्चात एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक युवक रसूलपुर दहला के जुलूस में फिलिस्तीन झंडा लेकर जा रहा था. जांचोपरांत स्पष्ट हुआ कि उपरोक्त वीडियो रसूलपुर दहला के जुलूस का है. इस मामले में नगर थाना कांड दर्ज कर एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर एसडीपीओ किशोर तिर्की के नेतृत्व में गठित टीम ने अनुसंधान शुरू किया. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कांड के अप्राथमिक आरोपी मो अजहरुद्दीन को जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के साउथ कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की.

# विद्युत सज्जा से बढ़ी बाबा नगरी की सुंदरता

## श्रद्धालुओं को कर रहा अपनी ओर आकर्षित



संवाददाता। देवघर

राजकीय श्रावणी मेला, 2024 के अवसर पर देवघर शहर के साथ सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विद्युत सज्जा के साथ रंग-बिरंगे स्पाईरल लाईट से सुसज्जित करने का कार्य किया गया है. इसके तहत् मेला क्षेत्र के सभी विद्युत पोलों को रंग-बिरंगे स्पाईरल लाईट से सजाया गया है, जिससे विद्युत पोल की सुंदरता परस्पर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है.

इसके अलावा मेला क्षेत्र में रंग-बिरंगे छोटे-छोटे विद्युत बल्बों की लड़ी लगायी गयी है एवं आकर्षक तोरण द्वार (स्वागत द्वार) का निर्माण किया गया है. सिर्फ इतना हीं नहीं इसकी सुन्दरता रात्रि के समय देखने से ऐसा लगता है मानो किसी समारोह या उत्सव में पहुंचे हो. सम्पूर्ण मेला क्षेत्र के साथ-साथ मंदिर के आस-पास के क्षेत्र, शिवगंगा तट, नेहरू पार्क, बाजार, कावड़िया पथ व रुटलाइन के अन्य जगहों पर इन लाईटों को जगमगाते हुए आसानी से देखा जा सकता है.

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर के निर्देशानुसार राजकीय श्रावणी मेला, 2024 के अवसर पर इन लाईटों को लगाने का मुख्य उद्देश्य बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति प्रदान करना है, ताकि यहां के साज-सज्जा और सुन्दरता उनके मानस पटल में अविस्मरणीय रूप से लम्बे समय तक अंकित रह सके.

## महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**पीरटांड (गिरिडीह)।** पीरटांड थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के घोरचांची में शनिवार सुबह एक महिला ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली. मृतका की पहचान घोरचांची निवासी गंगो तुरी के 47 वर्षीय पत्नी मुनिया देवी के रूप में किया गया. मृतक महिला ने अपने पीछे पांच बच्चे को छोड़ गई हैं. जिसमें बताया जा रहा है कि दो बच्ची की शादी हो गई है. वहीं घटना के संबंध में बताया जाता है कि महिला की बीते शुक्रवार को गांव के ही किसी गोतिया के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था और गोतिया ने महिला के साथ मारपीट कर दी. इस बात के बाद से महिला आहत हो गई थी और शनिवार को महिला ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली. लोगों ने बताया कि मृतक महिला का पति पटना में रहकर काम करता है. वहीं घटने के संबंध में कुछ लोगों का कहना है कि कुछ घरेलू विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाई है. घर के पास कुछ दूर के जंगल में पेड़ से लटका हुआ महिला का शव बरामद किया गया है. जिसके बाद घटना की जानकारी पीरटांड़ थाना को दी गई. घटना की सूचना मिलने के बाद सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

## महिला से चेन छीनने वाले दो गिरफ्तार

**साहिबगंज।** शुक्रवार की सुबह एक महिला से सोने का चेन छीनने वाले दो स्नेचर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है. अनुमंडलीय कार्यालय में एसडीपीओ किशोर तिर्की ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि आज़ाद नगर निवासी एक महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने पुलिस लाइन के समीप सोने का चेन छीन लिया. फिर दोनों बाइक से फरार हो गए. सूचना मिलते ही एसपी कुमार गौरव ने एसडीपीओ किशोर तिर्की के नेतृत्व में जिरवाबाड़ी, नगर व मुफ़स्सिल थाना की पुलिस से शहर की नाकेबंदी करा दी. नगर थाना इंस्पेक्टर ने गोपालपुल के पास वाहन जांच के दौरान पवन यादव उर्फ चिंटू को रसूलपुर दहला से खदेड़ कर दबोच लिया. उसकी बाइक भी जब्त कर ली. उसके पास से खुजली का पाउडर, बाइक की डिक्की का लॉक तोड़ने का औजार, फर्जी आधार कार्ड व कपड़े बरामद हुए. पूछताछ में उसने बताया कि उसका सहयोगी मनिहारी जाने वाला है. पुलिस ने कांड के दूसरे आरोपी अजय यादव उर्फ गणेश यादव को मनिहारी के नदी किनारे से गिरफ्तार कर लिया. उसके पास से महिला से छीना गया चेन बरामद किया गया. दोनों ने स्वीकार किया कि देश के कई राज्यों में जाकर चेन व पैसों की छिनतई करता है. अजय उर्फ गणेश ने नेपाल में भी जाकर छिनतई की है. उनके पास से बरामद बाइक चोरी की है. दोनों ने साहिबगंज में विगत एक वर्ष से हुई छिनतई की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. दोनों ने गिरोह के अन्य सदस्यों की भी पुलिस को जानकारी दी है. मामले में जिरवाबाड़ी थाना में कांड दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. पवन कुमार यादव उर्फ चिंटू यादव उम्र 25 एवं गणेश उर्फ अजय यादव उम्र 40 बिहार, कटिहार जिला के रोतारा थाना क्षेत्र के नया टोला के निवासी हैं. उनके पास से एक टीवीएस अपाचे बाइक, 4 पीस बाइक व डिक्की का लॉक तोड़ने का औजार, 7 पुड़िया खुजली का पाउडर, एक सोने का चेन टूटा हुआ, 1 फर्जी आधार कार्ड व कपड़े बरामद हुए हैं. दोनों के ऊपर नगर थाना एवं जिरवाबाड़ी थाना में कांड दर्ज है.

## नरेंद्र सिन्हा की चौथी पुण्यतिथि पर लगा रक्तदान शिविर

**गिरिडीह।** कांग्रेस नेता स्व. नरेंद्र कुमार सिन्हा की चौथी पुण्यतिथि पर शनिवार को बरमसिया चिल्ड्रन पार्क में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. नरेंद्र सिन्हा मेमोरियल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. शिविर का उद्घाटन गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, नरेंद्र सिन्हा फाउंडेशन के अध्यक्ष सह अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा ने किया. रक्तदान शिविर समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सोनू ने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा दी गई रक्तदान से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है. कहा कि रक्तदान महादान की श्रेणी में आता है. रक्तदान करने से जरूरतमंद की मदद तो होती है, साथ ही रक्तदाता कार्ड प्राप्त करने से भविष्य में अपने या परिवार के लिए भी जरूरत पड़ने पर आसानी से रक्त प्राप्त किया जा सकता है.

## डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा में कार्यक्रम आयोजित

**कथारा।** नई शिक्षा नीति 2020 के चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर सीबीएसई की सभी विद्यालय में शिक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है. इसी कड़ी में डीएवी कथारा में सांस्कृतिक थीम के अंतर्गत लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया, जिसमें चारों सदनों के विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया . कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड जोन जी के निदेशक विपिन राय एवं वरिष्ठ शिक्षक प पी एन चौधरी, डॉ आर एस मिश्रा एवं जितेंद्र दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया. दयानंद सदन की ओर से राजस्थानी लोकगीत और बिन्दो सदन की ओर से मैथिली लोकगीत विवेकानंद सदन की ओर से सोहर गीत और श्रद्धानंद सदन की ओर से भोजपुरी लोकगीत प्रस्तुत किया गया.

## शहर के आधे दर्जन क्लिनिकों का औचक निरीक्षण

**गोड्डा।** शहर में चल रहे विभिन्न क्लिनिकों की जांच करने के लिए जांच दल ने दौरा कर निरीक्षण किया. क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत जिला नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में जांच दल पहुंची हुई थी. जांच दल में जिला आरसीएच पदाधिकारी गोड्डा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सदर प्रखंड एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम शामिल थे. टीम के द्वारा गोड्डा जिला अंतर्गत गोड्डा शहर के विभिन्न निजी स्वास्थ्य संस्थानों जिसमें डॉ० प्रिंस ईएनटी केयर गांधीनगर, विजिफर्ट नेत्र अस्पताल गांधीनगर, मानवी मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र, गांधीनगर, मद्रासी दवाखाना, रामनगर, गोड्डा का निरीक्षण किया गया. सभी संस्थानों में संस्थान का बोर्ड लगा था एवं संस्थान खुला पाया गया, लेकिन संस्थान के बोर्ड पर अंकित डॉक्टर उपस्थित नहीं थे. संस्थान क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकृत भी नहीं किया गया था. संस्थान के संचालक भी उपस्थित नहीं थे.

## ग्राम सभा में योग्य लाभुकों का चयन करें : बीडीओ

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड मुख्यालय के सभागार बीडीओ निशांत अंजुम की अध्यक्षता में शनिवार को एक बैठक आयोजित की गई. जिसमें प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव ने भाग लिया. बैठक में शामिल मुखिया और पंचायत सचिव को निर्देश देते हुए बीडीओ निशांत अंजुम ने कहा कि झारखंड सरकार का महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास का समीक्षा किया गया. साथ ही सत्र 2024/25 के लिए जिला से लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं. जिसके तहत गांडेय प्रखंड को 4772 अबुआ आवास बनाने का लक्ष्य दिया गया है. जिसके तहत 29 से 31 जुलाई तक प्रखंड के सभी पंचायतों में ग्राम सभा कर योग्य लाभुकों का चयन कर प्रखंड कार्यालय भेजा जाएगा. बीडीओ ने कहा कि योग्य लाभुकों का चयन किया जायेगा.

### ब्रीफ खबरें

## नकली शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाला स्पिरिट जब्त

**पथरगामा।** पथरगामा पुलिस ने शराब निर्माण में होने वाले स्पिरिट की बड़ी मात्रा बरामद किया है. पुलिस को मिले गुप्त सूचना के आधार पर अवर निरीक्षक राम विनय कुमार सिंह ने ग्राम चिलकारा के समीप नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाला स्पिरिट को जब्त किया. स्पिरिट एक बड़े से जार में भरकर बालू के ढेर पर लावारिस स्थिति में फेंका हुआ मिला.

## आप के प्रदेश प्रवक्ता ने दिया इस्तीफा

**गिरिडीह।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने शनिवार को पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया. उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी के झारखंड प्रदेश संयोजक डीएन सिंह को भेज दिया है. त्यागपत्र में उन्होंने कहा है कि पार्टी आला कमान ने जनवरी में ही प्रदेश प्रभारी के मनोनयन व संगठन विस्तार का आश्वासन दिया था, पर बार-बार आश्वासन के बाद भी संगठन विस्तार पर कोई ध्यान नहीं दिया गया. आलाकमान पर झारखंड में संगठन की अनदेखी का आरोप लगाया.

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**महगामा।** आबकारी निरीक्षक निलेश कुमार सिन्हा ने आबकारी पुलिस के सहयोग से महागामा के दो विभिन्न स्थानों से दो अलग अलग टेंपो में लोड कर अन्यत्र खपाने के नियत से ले जा रहे 400 बोतलों में भरा हुआ करीब 185 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब को बरामद कर लिया गया. इसके साथ ही भागलपुर निवासी राणा मोहन एवं दबेल को भी मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया. अवैध अंग्रेजी शराब को ढोने के प्रयोग में लाए गए दोनों टेंपो को भी जब्त कर लिया गया.

## बरामद तीन कछुओं को नदी में छोड़ा

**साहिबगंज।** वन विभाग ने जलीय जीवों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है. गुप्त सूचना पर वन प्रमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में आरपीएफ व नगर थाना पुलिस के सहयोग से शुक्रवार की देर शाम साहिबगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेन में छापामारी कर तीन कछुआ बरामद किया गया. आज उपायुक्त हेमंत सती, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने संयुक्त रूप से उन कछुओं को साहेबगंज के गंगा नदी में छोड़ा.

## कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बोकारो।** स्वदेशी जागरण मंच, बोकारो के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा के आवास पर एक बैठक संपन्न हुई. जिसमें कारगिल विजय दिवस पर अपने अदम्य साहस और वीरता से भारत माता की आन और तिरंगे की शान बरकरार रखने वाले कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि और वीर जवानों को नमन किया गया. नवनियुक्त जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि शहीदों की शहादत के कारण हम सब आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं. भारतीय सेना ने पाकिस्तानियों को ऐसा सबक सिखाया की आगे कभी घुसपैठ पर इस प्रकार की घटना को अंजाम देने का दूसाहस नहीं करेगा. क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि युद्ध में हमारी भी क्षति हुई थी लेकिन हम विजय हुए और उसकी विजय गाथा हमारे वीर सैनिकों ने लिखी. बैठक में ये निर्णय लिया गया कि सभी एक दूसरे को अभिवादन जय स्वदेशी या जय जय स्वदेशी से करेंगे.

# आदिवासी गांव भलगोड़ा में डायरिया का प्रकोप, डेढ़ दर्जन से अधिक बीमार

## प्रखंड अधिकारियों ने लिया जायजा, चिकित्सा सेवा आरंभ

**खास बातें**

- 3 की स्थिति गंभीर, सदर अस्पताल में भर्ती
- गांव में ही स्लाइन चढ़ाने की हुई व्यवस्था



संवाददाता। गोड्डा

गोड्डा जिला के बोआरीजोर प्रखंड अन्तर्गत आदिवासी बहुल गांव भलगोड़ा में डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है. जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक लोग बीमार हैं. जिसमें तीन की स्थिति गंभीर होने की वजह से उन्हें सदर अस्पताल गोड्डा में भर्ती करवाया गया है. जिला मुख्यालय से करीब पचास किमी दूर इस आदिवासी पहाड़िया बहुल गांव में चिकित्सीय सुविधा तो दूर मूलभूत सुविधा का भी अभाव है. ठीक खान पान और नियमित देखभाल के अभाव में डायरिया का प्रकोप इन जंगली क्षेत्र में ज्यादा देखने को मिलता है. मामले की जानकारी अधिकारियों तक मिलने के बाद प्रखंड मुख्यालय से अधिकारियों ने गांव पहुंच कर चिकित्सा सेवा आरंभ किया. प्रभारी चिकित्सक उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने पीड़ित ग्रामीणों का चिकित्सा आरंभ किया और गांव में ही स्लाइन की व्यवस्था कर दिया जा रहा है.

इस मामले में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बाबूलाल हांसदा ने बताया कि गांव में नियमित डॉक्टर नहीं आने की वजह से झोला छाप डॉक्टर के भरोसे रहना पड़ता है. जिसके कारण ग्रामीणों का समुचित इलाज नहीं हो पाता है. चिकित्सा सुविधा का लाभ समय पर नहीं मिलने से बात बिगड़ जाती है.

## छात्र ने प्रोफेसर पर लगाये गंभीर आरोप

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित नीमाडीह पंचायत के बिश्नीतिकर निवासी कुंदन कुमार पिता अभिलेष पांडेय ने प्राधानाचार्य को आवेदन देकर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पर अभद्र व्यवहार, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. कुंदन आदर्श कॉलेज राजधनवार में पीजी चतुर्थ सेमेस्टर का छात्र है. कहा कि विगत दिनों कॉलेज टूर के दौरान भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष के द्वारा गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई. छात्र का दोष यह था कि उसने टूर का शुल्क दो हजार लेने का विरोध किया था. उसे टूर पर तो ले जाया गया, लेकिन होटल के कमरे में ही उसे बन्द कर दिया गया. बाद में लौटते समय गाड़ी रोककर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई. सभी छात्रों को धमकी दी गई कि मेरे खिलाफ कॉलेज या अन्य कहीं भी शिकायत करने पर पूरे क्लास को एक साल के लिए पीछे कर देंगे व प्रैक्टिकल में भी फैल कर देंगे. छात्र के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी का वीडियो भी वायरल हुआ है. वहीं चरित्र को भी उत्तम नहीं लिखेंगे. घटना के बाद छात्र काफी डरा सहमा है.

मामले में कॉलेज के प्रिंसिपल विमल मिश्रा ने कहा कि छात्र के द्वारा आवेदन मिला है. इसके लिए एक जांच टीम का भी गठन किया गया है. जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पर करवाई की जाएगी.

# किसानों में अरहर बीज का वितरण



संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)

सरिया प्रखंड के मोकामो पंचायत के बकराडीह गांव में एटीआइसी सेंटर द्वारा किसानों के बीच एनएफएसएम योजना के अंतर्गत अरहर का बीज शत प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया गया.

जानकारी देते हुए सहायक तकनीकी प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि यह बीज डेमोंस्ट्रेशन के लिए किसानों को दिया गया है. ताकि वो इसकी खेती आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करके अपने पैदावार को बढ़ाएं और साथ ही साथ दूसरे किसानों को भी प्रेरित करें. जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो.

बताया कि आज के समय में सिर्फ धान की खेती न करके दलहन, तेलहन और मोटे अनाजों के फसलों पर जोर देने की बात भी कही गई.

मौके पर उपमुखिया, वार्ड सदस्य एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक मनीष कुमार मंडल, अविनाश कुमार, प्रभासिश कुंडू समेत दजनों किसान उपस्थित थे.

## खुदरा विक्रेताओं के लिए ऊर्जा संरक्षण पर एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित

# ऊर्जा बचाने के अन्य माध्यमों पर ध्यान दें : जेके व्यास

संवाददाता। बोकारो

झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (जरेडा) और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन शुक्रवार को खुदरा विक्रेताओं के लिए ऊर्जा संरक्षण तथा स्टैंडर्ड एवं लेबलिंग कार्यक्रम पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया. कार्यक्रम में 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में विक्रेताओं को स्टार लेबल के बारे में प्रशिक्षण जे के व्यास, ऊर्जा विशेषज्ञ के द्वारा किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर की. शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, कुंदन कुमार उपाध्याय, राज्य अध्यक्ष, जे एसटीएसबीईए एवं विश्वजीत कुमार, सीईओ उजाला एंटरप्राइज इस कार्यक्रम के अतिथि थे.



जे के व्यास ने कार्यशाला के उद्देश्य को समझाते हुए कम ऊर्जा खपत वाले उपकरण अपनाने व साथ ही ऊर्जा बचाने के अन्य माध्यमों पर ध्यान देने के लिए कहा. उन्होंने सभी रिटेलर्स और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बिजली उपकरणों का उचित उपयोग करने और जागरूक होने को कहा. कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण कैसे हो, स्टार रेटिंग की क्या महत्ता है, एनर्जी कंसर्वेशन बिल्डिंग कोड, एस एंड एल इंस्पेक्शन प्रक्रिया के बारे में सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की. अतिलेश गौतम, एसडीए प्रभारी जरेडा झारखंड, अतुल निगम, ऊर्जा विशेषज्ञ, जरेडा सहित अन्य गणमान्य इस कार्यक्रम में मौजूद थे.

## उत्साह डीवाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल सीबीएसई से प्लस टू तक संबद्ध

# न्यूनतम फीस, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्कूल की खासियत : सिंह

**खास बातें**

- अगले सत्र से होगा बोर्डिंग स्कूल प्रारंभ
- सभी सुविधाओं से लैस है विद्यालय



संवाददाता। बोकारो

चंदनकियारी, तालगरिया रोड स्थित डीवाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल को सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा +2 स्तर तक संबद्धता प्रदान की गई है. इस संदर्भ में शनिवार को स्कूल प्रांगण में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई.

कॉन्फ्रेंस को स्कूल के चेयरमैन पंकज कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि न्यूनतम शुल्क में गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करना स्कूल की खासियत है. आसपास के सभी स्कूलों की तुलना में डीवाई पाटिल स्कूल में शुल्क कमतर है. उन्होंने आगे कहा कि डीवाई पाटिल शिक्षा के क्षेत्र में एक जाना-माना ब्रांड है और स्कूल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है. यह पहले से ही ग्रामीण आबादी तक पहुंचने वाला एकमात्र स्कूल होने के कारण अपनी पहचान बना चुका है, जो छात्र बहुत प्रतिभाशाली हैं और अच्छे स्कूलों में पढ़ने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन कई कारणों से अच्छे स्कूलों तक नहीं पहुंच पाए हैं. जिन्होंने पहले ही प्रवेश ले लिया है और असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. ऐसे बच्चों के माता-पिता इस अवसर को अपने बच्चों के लिए वरदान मानते हैं.

उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही स्कूल में लड़कों के लिए छात्रावास की सुविधा शुरू की जाएगी, जो उन अभिभावकों के लिए अधिक मददगार होगी जो अपने बच्चों को छात्रावास में रख कर पढ़ाना चाहते हैं.

स्कूल की प्रिंसिपल शीला लाल ने कहा कि स्कूल की मुख्य जिम्मेदारी अपने छात्रों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करना है. उन्हें अच्छे नैतिक मूल्यों से जोड़ना चाहिए है, जो इन दिनों बिगड़ता प्रतीत हो रहा है.

उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक छात्रों को लक्षित शिक्षा प्रदान करने के स्कूल के मिशन और विजन को प्राप्त करने में बहुत मेहनत करते हैं. प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय पूरी तरह से सभी सुविधाओं से लैस है. जैसे अत्याधुनिक कंप्यूटर, कम्पोजिट, फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी प्रयोगशालाएं, 4000 से भी अधिक पुस्तकों से भरी हुई लाइब्रेरी , विद्यालय में लिफ्ट तथा रैंप की भी सुविधा स्पेशली अनेबल छात्रों के लिए उपलब्ध है. ये विद्यालय 25 एकड़ में हरे भरे वातावरण में स्थित है. शहर के शोर-गुल और भीड़-भाड़ से बिकुल अलग एक सौम्य और शांत वातावरण में विद्यार्थी पूरी तन्मयता से पढ़ाई करते हैं. विद्यार्थियों के खेलने के लिए बड़ा खेल का मैदान भी है. फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और क्रिकेट का मैदान भी है, जो विद्यार्थियों को आकर्षित करता है.

प्रेस वार्ता में प्रिंसिपल शीला लाल, अकादमिक निदेशक मोहनन के पी और प्रशासनिक समन्वयक सी के सिंह भी मौजूद थे.

## मदरसा इमदादिया में मंत्री ने किया कंप्यूटर सेंटर का उदघाटन

# मुसलमानों को इस्लाम पर अमल करना जरूरी : अंसारी

**खास बातें**

- मदरसा में एक अल्पसंख्यक हॉस्टल निर्माण का किया एलान
- विधायक ने चाहरदीवारी कराने का किया घोषणा

संवाददाता। गिरिडीह

पचम्बा में संचालित मदरसा इमदादिया में बच्चों को दीनी तालिम के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा देने की शुरुआत की गई. मदरसा इमदादिया में कंप्यूटर सेंटर का उदघाटन झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण शहरी विकास युवा, खेल मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने किया. मौके पर गिरिडीह विधायक सुदिब्य कुमार सोनू बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे. मौके पर मंत्री ने कहा कि मुसलमानों को इस्लाम पर अमल करना सख्त जरूरी है. इस्लाम हमें सांप्रदायिक सद्भाव, गरीबों की सेवा और देशभक्ति सिखाती है. उन्होंने मदरसा में एक अल्पसंख्यक हॉस्टल निर्माण करने की घोषणा की.

मौके पर गिरिडीह सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू ने कहा कि यह देश विविधताओं में एकता का देश है. भारत को पूरी दुनिया विश्व गुरु मानती है.

यहां सभी धर्म के लोग अपने धर्म में विश्वास रख उसका पालन करते हुए एक दूसरे के धर्म का सम्मान करते हैं. जो पूरी दुनिया में कहीं देखने को नहीं मिलता. कहा हम सौभाग्यशाली हैं कि हमने भारत में जन्म लिया. मौके पर उन्होंने मदरसा की चाहरदीवारी कराने का घोषणा की.

वहीं अमीरुद्दीन अहमद एवं युवा समाजसेवी मोहम्मद सनी ने इरशाद अहमद वारिस मदरसा में एक-एक कंप्यूटर देने की घोषणा की.

मदरसा के सचिव इमरान आलम ने बताया कि इस मदरसे में एक सौ छात्र आवासीय व्यवस्था में तालीम हासिल कर रहे हैं. जिन्हें तालीम के साथ तकनीकी शिक्षा एवं खेल का प्रशिक्षण दिया जाता है.

उन्होंने कहा कि मदरसा में आलिम की तालिम शुरू होने से अब यहां के बच्चों को उच्च दीनी तालिम हासिल करने झारखंड से बाहर नहीं जाना होगा.

कार्यक्रम में डॉक्टर रियाज अहमद, इश्तियाक अहमद लालो, शाहनवाज अंसारी, इरफान उल हक, मुखिया शब्बीर आलम, इरफान आलम, जिला परिषद प्रतिनिधि अनवर अंसारी, करहरबारी मुखिया मुमताज अंसारी, शाहनवाज अंसारी, सिकदारडीह मुखिया प्रतिनिधि, मोमिन सोसाइटी के सदर युसूफ अंसारी, तेलोडीह चौरासी के सदर हदीस अंसारी, मोहम्मद मतीन राइन, सैफ अली गुड्डू समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे.

# अंडाल में सरकारी जमीन को चिह्नित कर लगाया बोर्ड

## 12 से 14 स्थानों पर अतिक्रमण को लेकर विवाद, भूमि विभाग सख्त

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर जमीनों को कराया जा रहा है अतिक्रमणमुक्त

**उखरा क्षेत्र के कई स्थानों पर लगा बोर्ड**



**संवाददाता । अंडाल**

अंडाल प्रखंड में सरकारी जमीन बचाने के लिए भूमि विभाग ने कदम उठाया है. प्रखंड के कुछ पंचायत क्षेत्रों में सरकारी जमीन को चिन्हित कर बोर्ड लगा दिया गया है, जिस पर लिखा है कि इस जमीन का अतिक्रमण या हस्तांतरण कानूनी रूप से प्रतिबंधित है. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर गुस्सा जाहिर किया था और प्रशासन को जमीन शीघ्र बरामद करने का आदेश दिया था. मुख्यमंत्री का निर्देश मिलने के बाद भूमि विभाग ने सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की पहल की है. इस संबंध में अंडाल प्रखंड का भूमि एवं राजस्व विभाग सक्रिय हो गया है. दस्तावेजों को देखकर सरकारी जमीन को चिह्नित कर लिया गया है और उस जमीन पर बोर्ड लगाने का काम शुरू हो गया है. पिछले कुछ दिनों में प्रखंड के अंडाल, मदनपुर, उखरा पंचायत क्षेत्र में 12 से 14 स्थानों पर ऐसे बोर्ड लगाये गये हैं. अंडाल ब्लॉक के भूमि विभाग के अधिकारी कौशिक मुखोपाध्याय ने कहा कि ब्लॉक के विभिन्न हिस्सों में अन्य सरकारी जमीनों पर भी बोर्ड लगाये जायेंगे. सुकोपुकुर, गोकुल तालाब तट सहित उखरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में कुछ स्थानों पर इसी तरह के बोर्ड लगाए गए हैं, जिसे लेकर बहस छिड़ी हुई है. इन संपत्तियों को उखरा जमींदार घरों की देवत्तर संपत्तियों के रूप में जाना जाता है. लेफ्ट के दौर में सरकार ने इन संपत्तियों को खास घोषित कर दिया था. मालिक ने मालिकाना हक वापस पाने के लिए काउंटर कोर्ट में केस दायर किया, जो एलआरटीटीई कोर्ट में लंबित है. शोवन कुमार लाल सिंह हांडे ने कहा कि सुकोपुकुर, गोकुल पुकुर ये जमीनें उखरा फॉरेस्ट एंड फिशरीज लिमिटेड की संपत्ति हैं. संस्था की ओर से जमीन का मालिकाना हक वापस पाने के लिए केस दायर किया गया है, जिसकी अगली सुनवाई की तारीख अगस्त में है. उन्होंने दावा किया कि सरकार किसी भी विचाराधीन संपत्ति पर एक तरफा बोर्ड नहीं लगा सकती. उन्होंने गुरुवार को भूमि कार्यालय को लिखित रूप से सूचित किया और कहा कि यदि बोर्ड नहीं खोला गया तो इससे कानूनी तरीके से निपटा जाएगा.

## अदानी फाउंडेशन, दामोदर सीमेंट वर्क्स लगाएंगे 3000 पेड़



### नितुरिया में वृक्ष से विकास कार्यक्रम की शुरुआत



**नितुरिया ।** नितुरिया में सांतुड़ी प्रखंड के बालितोड़ा ग्राम पंचायत के सुनुड़ी स्थित तेलकुपी बारनी समिति में अदाणी फाउंडेशन और दामोदर सीमेंट वर्क्स की ओर से कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) परियोजना के तहत वृक्ष से विकास कार्यक्रम की शुरुआत की गई. इस कार्यक्रम के माध्यम से 5 एकड़ भूमि पर 3000 पेड़ लगाकर हरा-भरा किया जाएगा. कार्यक्रम में दामोदर सीमेंट वर्क्स के प्रतिनिधियों, तेलकुपी बारनी समिति के सदस्यों, सामुदायिक विकास अधिकारी, सांतूरी ब्लॉक, सांतूरी थाना प्रभारी, आईडीओ सांतूरी, एसई (स्कूल) सांतूरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. अतिथियों ने कहा कि यह मौसम पौधों के विकास के लिए अच्छा है, लेकिन पौधों की देखभाल करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है.

**डिसरगढ़ में चला ट्रॉफिक जागरूकता अभियान**

# ट्रॉफिक पुलिस ने छात्रों को दी नियमों की जानकारी



**संवाददाता । नियामतपुर**

**बराकर।** यातायात नियमों और यातायात सुरक्षा उपाय के संबंध में सुरक्षित ड्राइव जीवन बचाओ मिशन को सफल बनाने के लिए नियामतपुर उप टीजी क्षेत्राधिकार के तहत डिसरगढ़ एसी इंस्टीट्यूशन में एक एसडीएसएल स्कूल इंटरैक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में नियामतपुर सब टीजी के प्रभारी शिव दुबे, ट्राफिक गॉर्ड के स्टाफ, स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक उपस्थित थे. उक्त कार्यक्रम में लगभग 150-200 छात्र उपस्थित थे. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को यातायात के नियमों और उनके पालन करने से होने वाली सुरक्षा के बारे में बताया गया. सभी को नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने, वाहन चलाते समय हेडफोन का व्यवहार नहीं करने, हेलमेट का व्यवहार करने तथा नशा करके गाड़ी नहीं चलाने की हिदायत दी गई.

### सीआईएल मुख्यालय में डीपी से मिले रिटायर्ड कर्मचारी संघ

**धनबाद।** कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता में सेवानिवृत कोयला खदान मजदूर संध ने अपनी आधा दर्जन मांगों को लेकर सीआईएल डीपी से वार्ता किया.इस दौरान सेवानिवृत संध ने रिटायर्ड कर्मी का ग्रेच्युटी पेमेंट भुगतान, केशलेश मेडिकल इलाज की व्यवस्था,मेडिकल इलाज का निर्धारित राशि को आठ लाख से बढ़ाने जैसे प्रमुख मांगों को डीपी विनय रंजन के सामने रखा.संध के नेता बिंदेश्वरी प्रसाद ने इस बाबत बताया की सीआईएल डीपी ने सभी मांगों को विचार विमर्श कर पूरा करने का भरोसा दिया.

### आम बजट में पश्चिम बंगाल को वंचित रखाः हरेराम सिंह



**जामुड़िया।** जामुड़िया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जामुड़िया ब्लॉक दो तृणमूल कांग्रेस के द्वारा शनिवार को खास केंदा में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ धिक्कार जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया. जुलूस का नेतृत्व जामुड़िया के विधायक हरेराम सिंह ने किया. इस दौरान विधायक हरेराम सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आम बजट में पश्चिम बंगाल को वंचित रखा गया है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीति के खिलाफ तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी लगातार आंदोलन कर रही हैं. उन्होंने कहा कि बजट में केवल बिहार और आंध्रप्रदेश को तवज्जो दिया गया है, जबकि बंगाल के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है. केंद्र सरकार बंगाल को सड़क, घर और 100 दिनों का कार्य का पैसा नहीं दे रही है, बंगाल के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है. इस मौके पर ब्लॉक सभापति सिद्धार्थ राना, पंचायत प्रधान असित मंडल, पूनम झा आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे.

# शहीदों के सम्मान में देश भक्ति के गानों पर झूमा आसनसोल

## विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने कार्यक्रम में लिया भाग



**संवाददाता । आसनसोल**

कारगिल विजय दिवस के मौके पर पश्चिम बंगाल के आसनसोल में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकाला गया, जो यात्रा आसनसोल हाटन रोड से शुरू हुई और नजरुल मंच तक जाकर समाप्त हुई, जहां भाजपा द्वारा आयोजित शहीदों के सम्मान में देशभक्ति से जुड़े कई कार्यक्रम व गाने पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने प्रस्तुत किए. जिसे देख कार्यक्रम में उपस्थित हर कोई मंत्र मुग्ध हो गया. वहीं नजरुल मंच के बाहर कारगिल युद्ध में शहीद हुए हमारे देश के जवानों की जंग से जुड़ी कुछ तसवीरें प्रदर्शित की गई थी. जहां लोगों की भारी भीड़ देश के लिए शहीद हुए जवानों की प्रदर्शित की गई तस्वीरों के पास खड़े होकर सेल्फी ली. देश के लिए शहीद हुए जवानों की याद में उनके सम्मान मे आयोजित कार्यक्रम में कुछ पूर्व सेना के जवानों को भी निमंत्रित किया गया था. जिनको कार्यक्रम में सम्मानित भी किया गया. वहीं इस कार्यक्रम के शुरूआती दौर में देश के लिए शहीद हुए जवानों को याद भी किया गया. उनको भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी गई. इस मौके पर भाजपा के राज्य स्तरीय नेता कृषनेन्दु मुखर्जी, देबतानु भट्टाचार्य, कैप्टन अहमद चक्रवर्ती, कैप्टन अनुपम बैनर्जी, समीर घोष कारगिल वारयर, अतनु भट्टाचार्य सहित कई गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित थे.

**खास बातें**

- नजरुल मंच के बाहर कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों की तस्वीरें की प्रदर्शित

**न्यूज अपडेट**

### डीटीपीएस में फुटबॉल मैच का आयोजन

**दुर्गापुर।** 26 जुलाई को दामोदर घाटी निगम के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर डीवीसी डीटीपीएस फुटबॉल मैदान में एक मित्रतापूर्ण फुटबॉल मैच आयोजित किया गया. इस मैच में चार टीमों ने भाग लिया, जिसमें आरएआईसी कंपनी ने डीवीसी डीटीपीएस टीम के खिलाफ खेला. जिसमें डीवीसी डीटीपीएस की टीम ने 4 गोल करके जीत हासिल की. इसके अलावा, डीवीसी डीटीपीएस हाई स्कूल और अंगदपुर हाई स्कूल के बीच मैच हुआ, जिसमें अंगदपुर हाई स्कूल ने 2 गोल से मैच जीत लिया. जोगिंदर मरांडी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया, जबकि संजय शर्मा और सुप्रिया सरकार ने दो-दो गोल किए. डीजीएम प्रशासन समीर कुमार साहा ने डीवीसी डीटीपीएस के वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख सुकुमार साहा को पौधा देकर स्वागत किया और अंजन कुमार रजक डीटीपीएस थाना के इंस्पेक्टर को भी पौधा देकर स्वागत किया.

इस मित्रतापूर्ण फुटबॉल मैच को संबोधित करते हुए वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख सुकुमार साहा ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही धन है, फुटबॉल खेलकर स्वस्थ रहा जा सकता है.

जीवन में खेल को प्राथमिकता देनी चाहिए.

### श्रीरामपुर महंती पारा में सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन

**रानीगंज।** रानीगंज के विधायक तापस बनर्जी ने डीवीसी अंडाल के मुख्य महाप्रबंधक और परियोजना प्रमुख संचयन साहा के साथ मिलकर आदिवासी फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक नए सामुदायिक शौचालय ब्लॉक का उद्घाटन किया. इस कार्यक्रम में उत्साही समुदाय के सदस्यों, स्थानीय नेताओं और समर्थकों की एक बड़ी भीड़ उमड़ी. विधायक तापस बनर्जी ने खेलों में महिलाओं का समर्थन करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि यह सुविधा न केवल हमारी आदिवासी लड़कियों को सशक्त बनाएगी बल्कि भावी पीढ़ियों को खेल और शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी. इसके अलावा, श्रीरामपुर गांव, महंती पारा में एक नए सांस्कृतिक मंच के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हुआ. विधायक तापस बनर्जी और डीवीसी अंडाल के सीजीएम एवं परियोजना प्रमुख श्री संचयन साहा ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. श्री तापस बनर्जी ने ग्रामीण क्षेत्रों में सांस्कृतिक विकास के महत्व पर प्रकाश डाला और नए मंच को ग्रामीणों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए एक मंच के रूप में बताया.

## झरिया-बाघमारा-निरसा

# ट्रेजरी सॉफ्टवेयर में हुए बदलाव का दिया गया प्रशिक्षण

## एस.एन.ए. स्पर्श के संबंध में पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



**संवाददाता । धनबाद**

ट्रेजरी बिलिंग सिस्टम में लागू किए जाने वाली नई प्रणाली झारखंड एस.एन.ए. स्पर्श (सिंगल नोडल एजेंसी) को लेकर शनिवार को जिला कोषागार पदाधिकारी सह मास्टर ट्रेनर पंकज कुमार ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया. जिला कोषागार पदाधिकारी ने बताया कि ट्रेजरी सॉफ्टवेयर में परिवर्तन किया गया है. केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए अन्य राज्यों की तरह झारखंड में एस.एन.ए. स्पर्श लागू किया जाना है. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की पब्लिक फाइनेंसियल मैनेजमेंट सिस्टम (पी.एम.एफ.एस.) से फंड मैनेजमेंट किया जाता था. वहीं राज्य सरकार द्वारा इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (आई.एफ.एम.एस.) से फंड का अलॉटमेंट और बजट कोषागार द्वारा किया जाता था. इसके बाद ई - कुबेर से रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा भुगतान किया जाता था. अब पी.एम.एफ.एस., आई.एफ.एम.एस. और ई - कुबेर के स्थान पर झारखंड एस.एन.ए. स्पर्श लागू किया जाएगा. ट्रेजरी बिलिंग की नई प्रणाली से केंद्र एवं राज्य सरकार, दोनों का नियंत्रण रहेगा और डाटा का आसानी से सत्यापन किया जा सकेगा. प्रशिक्षण में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, कोषागार के आकाश कुमार, सतेन्द्र कुमार के अलावा आपूर्ति, भवन, मत्स्य सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे.

# झामुमो ने किया सांसद निशिकांत का पुतला दहन



**संवाददाता । धनबाद**

झामुमो जिला अध्यक्ष लखी सोरेन की अध्यक्षता में शनिवार को रणधीर वर्मा चौक पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का पुतला दहन किया गया. जिला सचिव मन्नु आलम ने बताया कि निशिकांत दुबे ने लोकसभा में झारखंड के संथाल परगना, बिहार एवं बंगाल के जिलों को मिलाकर केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग किया था. जिसके विरोध में निशिकांत दुबे एवं भाजपा का पुतला दहन एवं नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, संयुक्त सचिव तपन तिवारी, महानगर अध्यक्ष मंटू कुमार चौहान, सचिव अबु तारिक, फरीद मल्लिक, सद्दाम हुसैन, परीक्षित दा, मो० शमीउर्रहमान, किशोर मुर्मू, लालचंद महतो, राजू प्रमाणिक, सुजीत सिंह, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# धनबाद रेल मंडल ने चलाया मेगा टिकट चेकिंग अभियान

## ईसीआर जॉन में 54 लाख 40 हजार वसूली



**संवाददाता । धनबाद**

धनबाद रेल मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया .इस दौरान कुल 1092 बेटिकट यात्रियों से चार लाख 73 हजार 500 रुपया जुर्माना वसूला गया.टिकट चेकिंग अभियान में धनबाद, गोमो,कोडरमा, पारसनाथ,सिंगरौली सहित मंडल के सभी प्रमुख स्टेशन शामिल था.जहां मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में बिना टिकट सफर कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया.कुल 174 टिकट चेकिंग स्टाफ जिसमे जीआरपी,आरपीएफ ,मुख्य टिकट चेकिंग अधिकारी ,टीटीआई को शामिल किया गया था. पूर्व मध्य रेल ने शनिवार को सबसे ज्यादा 54 लाख 40 हजार जुर्माना राशि वसूला.इसको लेकर चलाया गया विशेष टिकट चेकिंग अभियान में पूर्व मध्य रेल के सभी पांचों मंडल के विभिन्न स्टेशनों से 09 हजार 580 यात्रियों को पकड़ा गया.

### रेल लाइन किनारे अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

**मैथन।** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के चार व पांच नंबर रेलवे गेट के बीच शनिवार दोपहर डाउन रेल लाइन किनारे से एक अधेड़ व्यक्ति (45) का शव पुलिस ने बरामद किया है. शव की पहचान नहीं हो पायी है. पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये धनबाद भेज दिया. साथ ही शव की पहचान कराने में जुट गयी है. संभावना जतायी जा रही है कि ट्रेन से गिरने से उसकी मौत हुई है. यह जानकारी ओपी प्रभारी नीतिश कुमार ने दी.

### सांसद ने जीएम को सौंपा मांग पत्र

**तेतुलमारी।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 के महाप्रबंधक को पत्र देकर अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों की समस्या से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान करने की मांग की. बताते चलें कि लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत तेतुलमारी कोलियारी के चन्दौर बस्ती के ग्रामीण रैयत शेखर वर्मा एवं अन्य की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र में वर्णित समस्या पर सांसद ने महाप्रबंधक को पत्र देकर जल्द समाधान करने की मांग की है.

**कांड्रा की फैक्टरी से बैटरी चोरी का मामला**

# चोरों को शीघ्र पकड़ा जाएः राजीव



**संवाददाता । धनबाद**

कांड्रा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पूरब ग्राफिक्स फैक्टरी से चोरी हुए 40 बैटरी मामले में संलिप्त चोरों की गिरफ्तारी के लिए जीटा के महासचिव राजीव शर्मा ने वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा. राजीव शर्मा ने बताया कि 19 जुलाई की रात पांच छह की संख्या में चोर फैक्ट्री में घुस आए और यूपीएस से 40 बैटरी चुरा ले गए. उन्होंने बताया कि बरवाअड्डा पुलिस ने मामले में लिप्त चोरों की पहचान कर ली है. इसके साथ ही जिस टेम्पो से बैटरी ले जायी गयी उसे भी चिन्हित कर लिया गया है. बैटरी को किस दुकान में बेचा गया, इसकी भी जानकारी पुलिस को हैं. इसके बावजूद मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. इस संबंध में जीटा ने वरीय पुलिस अधीक्षक से मामले में संलिप्त सभी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है. सूत्रों की माने तो बरवाअड्डा पुलिस ने चोर समेत उक्त टेम्पो को भी पकड़ा था, जिससे बैटरी ले जायी गयी थी लेकिन दोनों को बाद में छोड़ दिया गया था. जिस दुकान में बैटरी बेची गई थी चोरों की निशानदेही पर पुलिस उस दुकान में छापेमारी करने पहुंची थी पर दुकान बंद मिली , चोरी के सामान की बरामदगी नहीं होने के कारण चोर समेत टेम्पो को पुलिस ने छोड़ दिया था.

# एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग के खिलाफ रैयतों ने दिया धरना



**संवाददाता । धनबाद**

ऐटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग के खिलाफ सुरूंगा मौजा के रैयतों ने रणधीर वर्मा चौक पर शनिवार को धरना दिया. रैयतों ने आउटसोर्सिंग कम्पनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन के सहयोग से यह कंपनी रैयती जमीन पर जबरन ओबी गिरा रही है. जिसे लेकर बीसीसीएल प्रबंधन से कई बार वार्ता हो चुकी है. ओबी नहीं गिराने का लिखित आश्वासन भी दिया गया है. बावजूद इसके ऐटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग रैयती जमीन पर ओबी गिरा रही है. रैयतों के मुताबिक जबरन ओबी गिराने के मुद्दे पर बलियापुर के पूर्व अंचलाधिकारी ने आउटसोर्सिंग कंपनी एवं बीसीसीएल प्रबंधन पर कांड संख्या 79/2024 के तहत मामला दर्ज कराया था. केस दर्ज होने के बावजूद कंपनी ओबी गिराना बंद नहीं कर रही है. ओबी गिराने बंद करने के अलावा रैयतों ने और भी पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया. मांगों में शामिल है- लोदना जाने वाले रास्ते को पूर्ववत खोला जाए. आउटसोर्सिंग कंपनी में सरकार के नियमानुसार 75 फीसदी स्थानीय लोगों को नियोजन दिया जाए. आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाए. सुरूंगा में सामुदायिक भवन एवं विवाह भवन का निर्माण कराया जाए. लाभुक समिति का गठन कर सुरूंगा बड़ा तालाब का जीर्णोद्धार कराया जाए. साथ ही दस चापाकल एवं दो पेयजल कूप की व्यवस्था की जाए.

# लापता युवक को खोजने गई पुलिस पर हॉस्टल के छात्रों ने किया हमला



**संवाददाता । पाकुड़**

लापता युवक को खोजने गयी पुलिस पर हॉस्टल के छात्रों ने हमला कर दिया. इस घटना में पुलिसकर्मी समेत कई लोग घायल हो गये. यह घटना पाकुड़ जिले के टाउन थाना क्षेत्र के केकेएम कॉलेज में शुक्रवार की देर रात हुई है. घटना की पुष्टि करते हुए एसपी प्रभात कुमार बताया कि एक शख्स के लापता होने की सूचना पर उसके फोन लोकेशन के आधार पर पुलिस केकेएम कॉलेज पहुंची थी. कॉलेज के मैदान में एक छात्र बैठा था. पुलिस की गश्ती टीम जब उक्त छात्र से पूछी कि किसी को देखे हो तो छात्र कहने लगा तुम कैंपस कैसे घुसे. इसके बाद उसने हल्ला कर बाकी लोगों को बुलाया. करीब तीन दर्जन लोग हॉकी स्टीक लेकर निकले. गश्ती में शामिल दो पुलिसकर्मी भागकर अपने वाहन में बैठे, तब तक छात्रों ने वाहन के पास पहुंचकर उनपर हमला कर दिया. कुछ देर बाद थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे तो उस पर भी हमला किया गया. इस झड़प में दोनों तरफ के करीब एक दर्जन लोग चोटिल हो गये. फिलहाल स्थिति सामान्य है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** धन के लिए समय उत्तम है. रुके कार्य पूर्ण होंगे. अध्यात्म में रुचि रहेगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में उचित लाभ हो सकेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. संकट मोचन का पाठ करें.

**वृषभ** बाहरी लोगों पर खर्च होगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा. आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी. मित्रों की मदद से महत्वपूर्ण कार्य पूरे होने के आसार हैं. दान के रूप में कंबल और चावल किसी जरूरतमंद को दें.

**मिथुन** कार्य में अकड़न समाप्त होगा. साथ ही आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. घर-बाहर पूछ-परख बढ़ेगी. कार्यसिद्धि होगी. व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. आत्मविश्वास बढ़ने से व्यापारिक लाभ अधिक होने के योग हैं.

**कर्क** धन के आगमन से मन खुश होगा. कोई अच्छी खबर मिलेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. व्यापार अच्छा चलेगा. पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहेगा. मानसिक तनाव कम करने के लिए दुर्गा के मंत्रों से हवन करें.

**सिंह** लेन-देन में सावधानी रखें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. विवाद न करें. आर्थिक समस्या रह सकती है. नए कामों में सफलता मिलेगी. व्यापार अच्छा चलेगा. स्वास्थ्य में सुधार होगा. सूर्य को जल दें, साथ ही अन्न और मिठाई का दान करें.

**कन्या** रोजगार में वृद्धि होगी. यात्रा सफल रहेगी. प्रसन्नता बनी रहेगी. अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखना चाहिए. श्रम अधिक करना होगा. आपके कार्यों की समाज एवं परिवार में आलोचना हो सकती है. पितरों के नाम पर भोजन दान करें.

**तुला** सम्भव हो तो ऋण लेने से बचें. छोटी यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर बढ़ेंगे. जोखिम न लें. आवास संबंधी समस्या रहेगी. रचनात्मक कामों का प्रतिफल मिलेगा. पूर्व में किए गए कार्यों का शुभ फल प्राप्त हो सकेगा.

**वृश्चिक** समय उत्तम है. संतान के कार्य में गति मिलेगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा. बड़े लोगों से भेंट होगी, जिसका लाभ भविष्य में मिलेगा. शत्रु परास्त होंगे.

**धनु** शेयर बाजार में लाभ मिलेगा. बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. दिन प्रतिकूल रह सकता है. सामाजिक स्तर में परिवर्तन एवं प्रतिष्ठा को लेकर चिंतित रहेंगे. दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा. अन्न दान करें.

**मकर** माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. भागदौड़ अधिक होगी. थकान रहेगी. वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है. माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा. दिन प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा. व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी.

**कुंभ** पराक्रम से सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. थकान रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. विवाद से बचें. नए कार्यों में लाभ होने की संभावना है. परिवार की तरक्की होगी. अन्न और मिठाई का दान करें.

**मीन** किसी से विवाद हो सकता है. संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं. बड़ा लाभ होगा. जल्दबाजी न करें. प्रमाद से बचें. दूरदर्शिता एवं बुद्धिमानी से कई रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है. खर्चों में कमी करनी होगी.

## शास्त्री से मिले रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शनिवार की सुबह नई दिल्ली में श्रीबागेश्वर धाम सरकार के प्रमुख पीठाधीश्वर श्रद्धेय धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से औपचारिक मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया.

## बिहारियों की तुलना बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों से करने पर भड़की भाजपा

**रांची ।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें विधायिका ने बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों की तुलना बिहार से आकर बसे लोगों से कर दी है, प्रतुल ने कहा विधायक को समझना चाहिए कि बांग्लादेश के मुस्लिम घुसपैठियों दूसरे देश से अवैध तरीके से संथाल एवं झारखंड के अन्य क्षेत्र में आकर बसे हैं, जबकि बिहार से आकर यहां लोग अपने देश के कानून के तहत बसे हैं। इन दोनों की तुलना कर उन्होंने ओछी राजनीति का परिचय दिया है, कांग्रेस का मुस्लिम वोटों के तुष्टिकरण और वोट बैंक के राजनीति करने का पुराना इतिहास ही रहा है. संथाल में आदिवासियों की आबादी 16% घट गई और मुसलमानों की आबादी 13% बढ़ गई है. इस पर तमाम कांग्रेसी चुप है. लेकिन मुस्लिम घुसपैठ पर प्रश्न होते ही उनके उनकी खीज दिखने रखती है. लंबे समय से तुष्टिकरण में लिप्त शक्तियों ने इन घुसपैठियों को वोटर आई कार्ड और सरकारी दस्तावेज दिलाने का कार्य किया है.

### झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के चयन के लिए सरकार लगाएगी कैंप

# 48 लाख महिलाओं को योजना का लाभ देना सरकार का लक्ष्य

ब्यूरो। रांची

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए तीन से 10 अगस्त के बीच पंचायतों में कैंप लगाए जाएंगे. कैंप के माध्यम से लाभुकों का आवेदन लिया जाना है. राज्य सरकार ने 48 लाख महिलाएं को योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा है. राज्य सरकार महिलाओं के रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए आर्थिक सहायता देने पर काम कर रही है. योजना के तहत प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार लाभुकों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में 1000 रुपये की आर्थिक सहायता देगी.

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

- तीन से 10 अगस्त के बीच लाभुकों से लिए जायेंगे आवेदन, पंचायत भवन में लगेगा कैंप
- आवेदकों को मोबाइल लाना होगा जरूरी, एक मोबाइल से पांच लाभुकों का किया जा सकता है निबंधन
- 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए हेमंत सरकार देगी आर्थिक सहायता

योजना को लेकर महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने सभी जिला के उपायुक्तों को कैंप की तैयारी करने को कहा है. योजना को लेकर विभाग के स्तर पर सभी समाज कल्याण पदाधिकारी को कैंप में आवेदन पत्र उपलब्ध कराने को कहा गया है. आवेदन पत्रों का वितरण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी की देखरेख में आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से किया जाएगा. वैसे क्षेत्र, जहां आंगनबाड़ी नहीं हैं, वहां अंचल अधिकारी और नगर निकाय के पदाधिकारी अपने-अपने कर्मियों को वार्ड स्तर पर प्रतिनियुक्त करेंगे. आवेदन पत्रों की सॉफ्ट कॉपी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी, लेकिन इस तरह केडाउनलोड या जेरॉक्स आवेदन पत्र से मान्य नहीं होंगे.

योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रपत्र प्राप्ति और इसे ऑनलाइन करने की कार्रवाई ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत भवन से एवं शहरी क्षेत्र में उपायुक्त की ओर से निर्धारित स्थल पर कैंप में किया जाना है. शहरी क्षेत्र में कैंप आयोजन का स्थल चिह्नित कर 31 जुलाई के पहले तक विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है.

**कैंप में मोबाइल लेकर आना जरूरी है :** लाभुकों को योजना का लाभ लेने के लिए अपने मोबाइल नंबर का निबंधन कराना होगा. एक मोबाइल से अधिकतम पांच आवेदक को जोड़ा जा सकता है. इसलिए आवेदकों को कैंप में अपना मोबाइल साथ लेकर आना जरूरी होगा. योजना का लाभ देने के लिए जिनका बैंक खाता नहीं है, उनका बैंक खाता भी खोला जाएगा. कैंप में एक बैंक प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे.

### कौन-कौन से जरूरी दस्तावेज की जरूरत होगी

आवेदन पत्र के साथ जो दस्तावेज की आवश्यकता होगी, उसमें आवेदक की ओर से दिया गया घोषणा पत्र , आवेदन की मूल प्रति, आधार लिंक सिंगल बैंक खाता की छाया प्रति, मतदाता पहचान पत्र की छाया प्रति और राशन कार्ड .

### उपायुक्तों को कैंप के लिए करनी है यह व्यवस्था

पंचायत भवनों में जनरेटर सेट, पेयजल, इंटरनेट शौचालय आदि की व्यवस्था करनी है . किसी पंचायत भवन में स्थान की कमी रहने पर वार्ड, पंचायत स्तरीय शिविर के स्थान का चयन उपायुक्त के स्तर से किया जाना है .

### जामताड़ा विस स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# हेमंत सरकार की विदाई का समय आ गया : सुदेश महतो

प्रमुख संवाददाता। जामताड़ा/रांची

राजशाही व्यवस्था को समाप्त कर हम वास्तविक लोकतांत्रिक व्यवस्था को पार्टी के मजबूत आधार चूल्हा प्रमुख के माध्यम से स्थापित करेंगे. सभी चूल्हा प्रमुख जामताड़ा का नेतृत्व करेंगे. राज्य सरकार को अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों का बोध नहीं है. यह इनकी विदाई का समय है. सरकार जनता से किए एक भी वादे को पूरा नहीं कर पाई. नियोजन व स्थानीय नीति लाने का वादा करने वाली सरकार आज अपने हाथों से दूसरे राज्य के लोगों को नियुक्ति पत्र बांट रही है.

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने यज्ञ मैदान जामताड़ा में आयोजित जामताड़ा विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में कही. मौके पर उपस्थित सभी चूल्हा प्रमुखों ने शपथ ग्रहण की. इस दौरान कई स्थानीय युवाओं ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की.

**सरकार ने ग्राम सभा के मूल्य को समाप्त कर दिया :** सुदेश महतो ने कहा कि पांच सालों में सरकार को महिलाओं, गरीबों, शोषितों और वंचितों की याद नहीं आई अब चुनाव सामने आता देख सरकार महिलाओं को एक हजार रुपए देने की बात कह रही है. इस घोषणा के माध्यम से यह लोग फिर एक बार जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं. इन्होंने सरकारी अधिकारियों को उनके दायित्व और कर्तव्य से दूर कर दिया है जिसका खामियाजा आम गरीब इंसान को भुगतना पड़ रहा है. सरकार ने ग्राम सभा के मूल्य को समाप्त कर दिया है. नतीजन अबुआ आवास आज बबुआ आवास बन कर रह गया है. उन्होंने कहा कि सरकार को यह बताना चहिए कि उन्होंने इन पांच सालों में आदिवासी, मूलवासी अल्पसंख्यक के कल्याण के लिए क्या किया है? काम पर नहीं समाज के नाम पर वोट हासिल करना इनका उद्देश्य. राजनीति किसी एक व्यक्ति या विचार से चलने वाला विषय नहीं है. राजनीति सामूहिकता का नाम है.

**हर एक व्यक्ति आज प्रदेश की वर्तमान स्थिति से है हताश व निराश :** दुमका में आयोजित मिलन समारोह में सुदेश महतो ने कहा कि राज्य के हित में सोचने वाला हर एक व्यक्ति आज प्रदेश की वर्तमान स्थिति से हताश व निराश है. राज्य को फिर से विकास की पटरी पर लाने के लिए नेतृत्व परिवर्तन की आवश्यकता है जिसके लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना है. आप सभी के पार्टी में शामिल होने से इस क्षेत्र में संगठन को मजबूती मिलेगी. आप सभी जनता के बीच रहकर उनके सुख दुःख के साथी बनें और सरकार की वदाख़िलाफियों को जन जन तक पहुँचाने का काम करें. इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

**इन्होंने ली सदस्यता:** जामताड़ा में घराधन दास, संतोष मंडल, सांत पंडित, राम दास, गुरचरण मंडल, रामजीवन पंडित, गौतम मंडल, उत्तम मंडल, शंकर, लीला देवी, सुनीता देवी, प्रियंका देवी, शिक्षिता और दुमका में एचीन कुशवाहा, एपण देहरी, रायसेन टुडु, आनंद मांझी, दिलीप मंडल, एतेन मंडल, अर्जुन साहू, कुंदन पंजियारा, श्याम सुंदर राय, मंटू महतो, मीढु पंजीयारा, अशोक पंजियारा, अगबंधु मंडल, विजय पंजियारा, विनय मांझी, जय गोपाल कापरी, नारायण बैध, गंगाधर पंजियारा, श्रीकांत मांझी समेत कई नेताओं, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

दुमका के मिलन समारोह में कई लोगों ने थामा आजसू पार्टी का दामन



शपथ ग्रहण समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सुदेश महतो.

**खास बातें**

- सरकार को राजनीतिक जिम्मेदारियों का बोध नहीं
- जनता से किए वादे पूरे नहीं किए अब फिर से भ्रम जाल फैला रहे

### चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आज

**रांची।** आजसू पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है . इसी के तहत 28 जुलाई को चंदनकियारी विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा . यह कार्यक्रम पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक के नेतृत्व में किया जा रहा है . इस कार्यक्रम से पूर्व रांची के बोड़ेया स्थित गोल्डन मोमेंट बैंक्वेट हॉल में मिलन समारोह का आयोजन किया गया है . इस मिलन समारोह में केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में युवा समाजसेवी निर्मल उरांव अपने कई समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे . इन दोनों कार्यक्रमों में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे . कार्यक्रमों की तैयारी पूरी कर ली गयी है . चंदनकियारी के चंडीपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में सुदेश कुमार महतो सभी चूल्हा प्रमुखों को पद की शपथ दिलाएंगे और पार्टी की मजबूती के लिए आगे की कार्ययोजना और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे .

## लोहसिंघना कब्रिस्तान की चहारदीवारी शीघ्र बनेगी



सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ योजनाओं पर चर्चा करते साजिद अली

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष साजिद अली खान ने आज सर्किट हाउस हजारीबाग में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हेदायत उल्लाह खान और उपाध्यक्ष शमशेर आलम से मुलाकात की. यह बैठक हजारीबाग के सर्किट हाउस में आयोजित की गई थी, जहां साजिद अली खान ने जिला अंतर्गत अल्पसंख्यक मुद्दों को गंभीरता से लेने और उनके शीघ्र समाधान की मांग की. उन्होंने सरकारी सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि अल्पसंख्यकों का सामाजिक और न्यायिक उत्थान सुनिश्चित हो सके.इस बैठक में पंद्रह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्राथमिकता के आधार पर लोहसिंघना कब्रिस्तान में भूमि को रेखांकित करते हुए.

चारदीवारी के निर्माण की मांग की गई है. इसके अलावा, हजारीबाग नगर निगम के अंतर्गत छेदी तालाब की भूमि का रेखांकन और सुंदरीकरण, नवाबगंज में हजरत दाता मदारासा के मजार शरीफ का सुंदरीकरण, लाखे क्षेत्र में अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण, बजरिया स्कूल को मॉडल स्कूल में परिवर्तित करने, खिरगांव और मटवारी में उर्दू बालिका उच्च विद्यालय के निर्माण, खिरगांव कब्रिस्तान का सौंदर्यीकरण, खिरगांव शमा लाइब्रेरी की भूमि का सौंदर्यीकरण, और अर्धनिर्मित छात्रावास का पूर्ण निर्माण शामिल है.अन्य मांगों में कटकमदाग के सुल्ताना और कटकमसांडी के पेलावल में उर्दू बालिका उच्च विद्यालय का निर्माण, हजारीबाग जिले के सभी मर्ज किए गए उर्दू स्कूलों का पुनः सुचारू संचालन, और कटकमसांडी में ऐतिहासिक छड़वा मोहर्रम मेले के मेला टांड का चारदीवारी निर्माण शामिल है.आवेदन प्राप्ति के बाद, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करने की बात कही है.

आयोग ने कहा कि वह शीघ्र ही संबंधित पदाधिकारियों को इन कार्यों के लिए निर्देशित करेगा. इस आश्वासन ने स्थानीय अल्पसंख्यक समुदाय के बीच उम्मीदें जगा दी हैं कि उनकी मांगों पर तेजी से कार्यवाही की जाएगी.इस अवसर पर हजारीबाग के 15 सूत्री समिति के सदस्य निसार खान, शाहनवाज खान, संजर मलिक, परवेज आलम, बाबर अंसारी, मोहम्मद रब्बानी, अधिवक्ता इजहर हुसैन, शाहिद शेख, और अख्तर हुसैन प्रमुख रूप से उपस्थित थे. इन सभी ने अल्पसंख्यक समुदाय के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया है.

## अभिनय के क्षेत्र में अपना नाम रौशन कर रहा है अमरदीप मोदनवाल

आशीष टैगोर। लातेहार



कहते हैं कि अगर मन में कुछ करने की ललक व दृढ़ इच्छा हो तो सफलता अवश्य कदम चूमती है और यह साबित कर दिया है अमरदीप मोदनवाल ने. शहर के अंबाकोठी निवासी 24 वर्षीय अमरदीप मोदनवाल आज किसी परिचय के मोहताज नहीं है. यू-ट्यूब में आज अमरदीप के दर्जनों वीडिओ हैं और सभी धमाल मचा रही है. हालिया रिलीज जाना पड़ेगा श्मशान वीडिओ काफी सूर्खी बटोर रही है. इसके अलावा अमरदीप के जहर, कबर, लातेहार के थनवा आदि वीडिओ एलबम काफी पसंद किये गये हैं. लेकिन अमरदीप को यह सफलता रातो रात नहीं मिली है. इसके पीछे उनका एक लंबा संघर्ष है. उसे अभिनय शौक बचपन से ही था. इसके लिए उसने यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म को अपना जरिया बनाया. अमरदीप 2016 से यूट्यूब और टिकटोक पर अपने अभिनय के वीडिओ अपलोड करता था. हालांकि प्रारंभ में उसे उपहास का सामना करना पड़ा. लेकिन कहते हैं मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है. उसकी भी मेहनत रंग लायी. वर्ष 2018 मे मुंबई से टीवी इंडस्ट्री में काम करने का ऑफर दिया गया. लेकिन घर में आर्थिक तंगी के कारण अमरदीप के पास मुंबई जाने के पैसे नहीं थे. बाद में जनवरी 2019 मे अमरदीप मुंबई गये. वहां उन्होंने कलर्स टीवी के चंद्र गुप्तामोर्या, केसरी नंदन और झांसी की रानी नामक सीरियल में साइड रोल का काम किया. लेकिन साल 2020 में कोरोना काल आया तो अमरदीप फिर से जीरो पर आये गये. कोरोना काल खत्म होते ही फिर से उसने अभिनय की दुनिया मे उड़ान भर दी. इस बार बाबा विश्वनाथ की नगरी बनारस में आ कर अपने सपनों को साकार करने में लग गये.

## दो अगस्त तक बारिश के आसार

संवाददाता। रांची

झारखंड में दो अगस्त तक बारिश की संभावना है. मौसम विभाग द्वारा जारी डाटा के अनुसार 2 अगस्त तक राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है. इस दौरान राज्य में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री से. की गिरावट हो सकती है. पिछले 24 घंटे में राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई जबकि राज्य में कहीं- कहीं पर भारी बारिश भी हुई. राज्य में मॉनसून गतिविधि सक्रिय रही. सबसे अधिक वर्षा 77 एमएम दारू (हजारीबाग) में दर्ज की गयी. उच्चतम तापमान 37.4 डिग्री से. गोड्डा में जबकि न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री से. चाईबासा में दर्ज किया गया. शनिवार को दिन में सबसे अधिक बोकारो में 49.5 एमएम बारिश हुई.

### आज खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार 28 जुलाई को खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, पलामू और गढ़वा में भारी बारिश की संभावना है . वहीं 30 और 31 जुलाई को राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां में मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है . 31 जुलाई और एक अगस्त को राज्य के उत्तर-पश्चिमी एवं उत्तर-पूर्वी भागों गढ़वा, पलामू , लातेहार, चतरा, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, दुमका और देवघर में भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है .

### बारिश से भर रहे गड्ढे, भूगर्भ में नहीं बढ़ा पानी

राजधानी में 1 जून से 27 जुलाई तक 314 मिलीमीटर बारिश हुई है . जिससे शहर के ड्रेनेज सही नहीं होने के कारण गड्ढे ही भरे है . कई शहरी क्षेत्रों में भूगर्भ जल का लेबल नहीं बढ़ा है . जिससे गर्मी के कारण सूखे हुए बोरवेल बरसात में भी चालू नहीं हो पाये हैं . अगर रांची में आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई तो जल संकट की स्थिति बन सकती है .

## खूंटी के सायको में युवक की गला काटकर हत्या

**खूंटी ।** जिले के सायको थानांतर्गत छोटा जिऊरी गांव स्थित फुटबॉल मैदान के समीप स्थित एक खेत से पुलिस ने शनिवार को एक युवक का शव बरामद किया. युवक की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की गई है. शव की पहचान सायको के कुदा गांव निवासी भोंज मुंडा 26 वर्ष के रूप में हुई है. मृतक के स्वजनों ने कहा कि भोंज मुंडा शुक्रवार शाम हड़िया दारू पीने जिऊरी गांव गया था.


### कोर्ट नोटिस

ब,
अदालत,
सिविल जज सिनियर डिविजन,
द्वितीय, लातेहार।
मूल वाद संख्या 181/2016
सोमा उरांव .................... वादी
बनाम्
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार ......................प्रतिवादी
नोटिस,
बनाम्
1. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार पो०+ थाना लातेहार, जिला- लातेहार

चूँ वजरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने आपके विरूद्ध यह वाद मेरे न्यायालय में दायर किया है। इसमें आप प्रतिवादी है। जिसमें अग्रिम तिथि 3/8/24 मुकरर है तथा इस वाद में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।
अतः इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता को समय है कि दिनांक 3/8/24 समय 11.00 बजे स्वयं अन्यथा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद में एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।
इसे ताकिद सख्त जानें।
आज दिनांक 23/4/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया जाता है।

हस्ताक्षर
सिविल जज
सिनियर डिविजन, द्वितीय
लातेहार।


**अनियमितता** | राजाबेड़ा गांव के आंगनबाड़ी भवन निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

# पिलर के लिए कम गड्ढा खोदा, पतला कंक्रीट से तैयार किया बेस

शैलेश सिंह | किरीबुरु

नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल स्थित छोटानागरा पंचायत अंतर्गत राजाबेड़ा गांव में आंगनबाड़ी भवन निर्माण में अनियमितता की जांच की मांग ग्रामीणों ने की है.

ग्रामीण मुंडा जामदेव चाम्पिया, जूरा चाम्पिया आदि ग्रामीणों ने कहा कि इस भवन निर्माण में काफी अनियमितता है. आंगनबाड़ी भवन निर्माण के पिलर के लिए बहुत ही कम गड्ढा किया गया है. थोड़ा बालू डालकर ऊपर पतला कंक्रीट के मिश्रण से बेस तैयार किया गया है. उस बेस के ऊपर मानक से काफी पतला सरिया डालकर चारों तरफ से काली ईंट से जोड़ाई कर बीच में कंक्रीट का मिश्रण डाल पिलर खड़ा किया जा रहा है. इस पिलर में लगी काली ईंट ढाई-तीन फीट की ऊंचाई से गिराने पर टूट जा रही है. इस कार्य को देखने कोई अधिकारी या कनीय अभियंता कार्य स्थल पर नहीं आते हैं. ग्रामीणों ने कहा कि ऐसा आंगनबाड़ी भवन नहीं चाहिए, क्योंकि इस भवन में गांव के बच्चे पढ़ेंगे.

कब यह भवन छत के साथ पीलर को तोड़ते हुए जमींदोज हो जाये और दर्जनों बच्चे इसके नीचे दब कर काल के गाल में समा जायें, यह कहा नहीं जा सकता है. अगर ऐसी घटना हो गई तो इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा. ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है. जिला प्रशासन हमें यह लिखित दे कि आने वाले लगभग 20 वर्षों के दौरान इस भवन को कुछ नहीं होगा, तभी हम इसे बनने देंगे, अन्यथा नहीं.





पिलर बनाने में बेस कमजरो व पतला बनाने का आरोप लगाते हुए विरोध करते मुंडा व ग्रामीण.

**पेज एक का शेष**

### मुझे बोलने तक नहीं दिया...

**माइक बंद करने की बात सच नहीं:** निर्मला सीतारमणः केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ममता बनर्जी ने दावा किया है कि उनका माइक बंद कर दिया गया था, जो सच नहीं है. उन्हें झूठ पर आधारित कहानी गढ़ने के बजाय इसके पीछे का सच बोलना चाहिए.

**स्टालिन ने किया ममता का समर्थन :** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ममता बनर्जी के समर्थन में सामने आए हैं. स्टालिन ने एक्स पर कहा, क्या यही सहकारी संघवाद है? क्या मुख्यमंत्री के साथ व्यवहार करने का यही तरीका है? केंद्र की भाजपा नीत सरकार को यह समझना चाहिए कि विपक्षी दल हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं और उन्हें दुश्मन नहीं समझा जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि सहकारी संघवाद के लिए संवाद और सभी आवाजों का सम्मान जरूरी है.

**नीतीश ने भी किया बैठक से किनारा:** बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी बैठक में शामिल नहीं हुए. हालांकि बिहार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा बैठक में मौजूद थे. स्टालिन (द्रमुक), केरल के मुख्यमंत्री और माकपा नेता पिनराई विजयन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान (आम आदमी पार्टी), कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी तथा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन (झामुमो) बैठक में शामिल नहीं हुए. विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि हाल ही में लोकसभा में पेश किए गए केंद्रीय बजट में उनके शासित राज्यों की अनदेखी की गई है.

# आए हम सब शरण तुम्हारी, शिव शंभू भोले भंडारी!



कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय



विरह का गीत

तुम्हारी याद में खुद को बिसारे बैठे हैं.
तुम्हारी मेज़ पर टँगरी पसारे बैठे हैं.
गया था शाम को मिलने मैं पार्क में मिस से,
वहाँ पर देखा कि वालिद हमारे बैठे हैं.
ज़रा-सा रूप का दर्शन तो दे दो आँखों को,
बहुत दिनों से ये भूखे बेचारे बैठे हैं.
ये काले बाल औ' इनमें गुँथे हुए मोती,
ये राजहंस क्या जमुना किनारे बैठे हैं?
गया जो रात बिता घर तो बोल उठे अब्बा,
इधर तो आओ हम जूते उतारे बैठे हैं?

- कांतानाथ पांडेय 'चोंच'

**सत्यं** शिवं सुंदरं. यह एक आर्ष वचन है. इसका आशय है- सत्य, शिव और सुंदर में अभिन्न संबंध है. सत्य परम ब्रह्म है, अनादि, अनंत, अभेद्य और अवेद्य है. सत्य अत्यंत प्रखर है. उसपर आंखें नहीं टिकतीं. चौंधिया कर बंद हो जाती हैं. ऐसे में स्वाभाविक ही है कि सत्य का रूप अप्रिय भी हो जाये. उसे देखना या सुनना अच्छा नहीं लगता, शिव सदा ही मंगलमय है. वह कभी अप्रिय हो ही नहीं सकता. सत्य निर्गुण और निराकार होता है और धर्म की स्थापना के लिए सगुण साकार रूप भी धारण कर लेता है-धर्मं संस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे. शिव को भी निर्गुण, निराकार, अनादि और अनंत माना गया है. शिव भी सगुण साकार होकर अपने भक्त जनों का उद्धार करते हैं. यह सनातन मान्यता है, किंतु इस सगुण साकार रूप में शिव तत्व की प्रमुखता होती है. सर्वमान्य तथ्य यह है कि जब शिव सत्यमय हो जाता है तो उसका रूप अत्यंत सुंदर और मनोरम होता है. सत्य के बिना न तो शिव का कोई अस्तित्व है और न ही शिव के बिना सत्य का. सगुण साकार रूप में दोनों एकाकार हो जाते हैं. तब सत्य शिवमय होकर सुंदर हो जाते हैं और यह मंत्र साकार हो जाता है-सत्यं शिवं सुंदरं. जो सत्य और शिव के बीच भेदभाव रखते हैं, उनके लिए भगवान रामचंद्र कहते हैं- शिव द्रोही मम दास कहावा, ते नर मोहि सपनेहुं नहीं भावा. शिव को आशुतोष भी कहा जाता है, क्योंकि वे थोड़ी सी भक्ति होने के बाद भी किसी भक्त पर शीघ्र ही प्रसन्न जो जाते हैं. श्रावण मास को भगवान शिव का ही मास समझा जाता है. आकाश में काली-काली घटाएं मंडराती हैं, घहराती हैं, मधुर फुहार की वर्षा करती हैं, चारों ओर हरियाली छा जाती है तो मन प्रफुल्लित हो जाता है. श्रावण मास भक्ति और शृंगार का अद्भुत संगम है. रांची की कवयित्री शेफालिका सिन्हा भगवान शिव की भक्ति में लीन हैं और जब रचना करती हैं तो उसमें शिव की झलक मिल ही जाती है. शेफालिका कहती हैं-



शिव ही सत्य है, शिव ही सुंदर शिव मय संसार, हैं वे पालनहार.
शिव की भक्ति में लगे सब सावन आया द्वार
कुछ मंदिर में, कुछ घर में, कुछ मन में करें प्रणाम ,
शिव करते सब स्वीकार अक्षत, चंदन, बेलपत्र
और धतूरे से है उनको प्यार.
शिव ही सत्य है,शिव ही सुंदर शिवमय संसार, हैं वे खेवनहार.

श्रावण मास के पदार्पण के साथ ही पूरे झारखंड में बोल बम के नारे गूंजने लगे. राजधानी रांची से लेकर देवघर तक चारों ओर शिव ही शिव तथा शिवभक्त कांवरियों की टोलियां. बोल बम का घोष. भक्ति इस रूप में प्रशंसनीय है, जिसमें नंगे पांव सौ-दो सौ किलोमीटर चलने के बाद भी कांवरियों में भक्ति की लौ मद्धिम नहीं होती. शिव शंभू हैं, भोले हैं, भंडारी हैं, जो शरण में आता है, उसका उद्धार करते हैं. भक्ति के मूल में यही विश्वास है, जिसका पोषण कर रही रांची की कवयित्री रंजना वर्मा उन्मुक्त की यह रचना, जिसका शीर्षक है- शिव शम्भू भोले भंडारी.



आए हम सब शरण तुम्हारी. शिव शंभू भोले भंडारी..
सकल जगत गुण तेरा गावें. शरण सभी चरणों में पावें.
बाबा विनती सुनो हमारी. शिव शंभू भोले भंडारी...
पुण्य महीना श्रावण मानो. करें कृपा प्रभु भोले जानो..
आस पूर्ण करना तुम सारी. शिव शंभू भोले भंडारी...
प्रभु की महिमा कहे अनंता तन मन अर्पित करते संता..
रक्षक महादेव त्रिपुरारी. शिव शंभू भोले भंडारी...
बेलपत्र जल भंग चढ़ावे. कहे धतूरा प्रभु मन भावे..
हैं गौरीनाथ जटाधारी. शिव शंभू भोले भंडारी...
शिव जटा पे गंग बिराजे. माथे पर चंदा अति साजे..
संग सदा हैं गौरा प्यारी. शिव शंभू भोले भंडारी...
नाग हार करते हैं धारण. शंकर सकल जगत के तारण.
महादेव की महिमा न्यारी. शिव शंभू भोले भंडारी...
प्रभु को कहे कैलाश वासी. उमानाथ तो हैं अविनाशी..
कष्ट दूर कीजै अब सारी. शिव शंभू भोले भंडारी...
प्रभु सबकी अब सुधि लीजै. मनवांछित वर सबको दीजै..
कर जोड़े हैं सब नर नारी. शिव शंभू भोले भंडारी...

रंजना जी ने चौपाई छंद में बांध कर इस रचना को शिवमय ही नहीं, सुंदर भी बना दिया है. श्रावण का भक्ति पक्ष तो सुंदर और आकर्षक है ही, इसका शृंगार पक्ष भी उतना ही मनोरम है. अर्थात् श्रावण के पास सबके लिए बहुत कुछ है. जिसके पास श्रद्धा और विश्वास है, उसके लिए भक्ति मार्ग आनंददायक है तो जिसके पास आस्था का अभाव है उसके लिए श्रावण माह की मनोरम झांकियां हैं, जिनमें प्रकृति मन को मोहती रहती है. शृंगार रस की व वषार्षा होने लगती है. शृंगार की पूर्णता अनंग के बिना संभव नहीं है. अनंग यानी मदन यानी कामदेव कैसे पूरी सृष्टि को नचाता रहता है, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है. वह खुद तो कहीं दिखता नहीं, लेकिन अलक्षित होते हुए भी छलपूर्वक सबको अपने वश में कर लेता है. जिसे पता चल जाता है, वह तो मदन को संबोधित करते हुए कह उठता है-मोसे दल किये जाये. जी हां यही शीर्षक है जमशेदपुर की कवयित्री सविता सिंह मीरा की इस रचना का, जिसे हम प्रस्तुत करने जा रहे हैं-



छला तुमने हमारा दिल, मदन तुम हो बड़े छली.
हमारा मन क्या उपवन है, बने फिरते हो तुम अलि.
जहां पाते हो तुम खुशबू चले जाते हो मंडराते
सुमन को पार्श्व में भरने चले जाते हो उस गली.
मंडराना बाग में तेरा, जहां देखे कोई कली.
कहीं जूही कहीं चम्पा कहीं बेली कहीं लिली
मुझे भाये नहीं तेरा फिसलना हर फूलों पर
कदर तुमको नहीं मेरा मैं जो तुमको हूं मिली.

कामदेव ने तो भगवान शिव को भी नहीं छोड़ा. परिणाम क्या हुआ? भगवान शिव का कोपभाजन बना. अपने सुंदर मोहक शरीर से हाथ धो बैठा और हो गया अनंग. अब अदृश्य होकर सबपर अपनी शक्ति को आजमाता रहता है. शिव को गुरुओं का भी गुरु कहा जाता है, लेकिन बिना किसी गुरु के महागुरु शिव के समीप जा पाना मुश्किल ही नहीं, असंभव भी है. गोस्वामी तुलसीदास ने भी गुरु को शंकर का रूप बताया है-वंदे बोधमयं नित्यं गुरुं शंकर रूपिणं. यदि गुरु की कृपा प्राप्त हो जाये तो संकट में भी भय को टिकने का स्थान नहीं मिल पाता. शिव ऐसे गुरु हैं, जो शब्द, भाषा, छंद, ताल, राग, सुर, नर्तन सबपर राज करते हैं. ऐसे में मेरे हृदय में विधाता छंद इस प्रकार मचल उठता है-



तरंगित तार वीणा की मधुर झंकार मचती है.
वही वीणा प्रफुल्लित हो विधाता छंद रचती है.

मेरा संकेत जमशेदपुर की कवयित्री वीणा नंदिनी की ओर है, जो विधाता छंद में बांध कर गुरुभक्ति की झंकार इस रूप में प्रस्तुत कर रही हैं-

कभी डरना न संकट में सदा गुरुवर सहारे हैं.
जताकर ज्ञान गुरुवर भरते नहीं जीवन संवारे हैं.
सहज स्वभाव है गुरुदेव का नित रखे मन निश्छल.
सृजक साधक शरण आये लगाये वो किनारे हैं..
सदा वो सीख नूतन दे हरें अज्ञानता गुरुवर.
निशानी छोड़ अपनी वो हृदय बसते हमारे हैं..
सुरक्षक बन दिखे गुरुवर हटाते विघ्न रचना का.
कहीं राहें फिसल जाए पकड़ उंगली सुधारे हैं..
समझ मतिमूढ़ करते वो नित क्षमा वो गलतियां सारी.
दिखे जब दोष मुझमें नित तभी गुरुवर पुकारे हैं..
सधा अब शिल्प लेकर अब यहां रचना दिखे निखरी.
अनुग्रह प्राप्त कर उनका बचाते नित उबारे हैं..

यह तो सर्वविदित हो चुका है कि वीणा जी छंद पर अच्छी पकड़ रखती हैं. विधाता छंद में बंधी स रचना के शब्द-शब्द में इनका भाव प्रकट हो रहा है. गुरु के प्रति इनकी आस्था सराहनीय है. ऐसी आस्था सबमें हो तो सबकी प्रगति के मार्ग प्रशस्त हो जाएंगे. कभी कोई मार्ग से भटक नहीं पायेगा. इन्हीं शब्दों के साथ दीजिए आज्ञा. जय हिंद! जय झारखंड!!

# सबसे बड़ी शक्ति जनसंख्या





चौराहा
प्रमोद कुमार झा

**भारत** संप्रति दुनिया का सबसे बड़ी आबादी वाला लोकतंत्र है. किसी लोकतंत्र में संख्या ही सबसे बड़ी शक्ति है. युग परिवर्तन के साथ साथ मान्यताएं बदलती हैं, योग्यताएं बदलती हैं. मुझे याद आता है अपने बचपन का वह समय जब खेतों में धनरोपनी के समय बड़ी तादाद में महिलाएं आतीं थीं. इसमें बहुत सारी छोटी बच्चियां भी होती थीं. उस मौसम में आवश्यकता के अनुरूप धान रोपने वालों को दिन में दाल-रोटी-अचार के अलावा शाम को नकद मजदूरी भी मिल जाया करती थी! किसी परिवार से छः सात लड़कियां भी रहती थीं. कभी अगर कोई बुजुर्ग उन बच्चियों की मां को कहते कि इतना बड़ा परिवार क्यों होने दिया तो वे हंस कर कहतीं कि एक लड़की मतलब दो हाथ और. सब कमाते और खाते हैं. जितनी आबादी उतना वोट! जिस जाति, समुदाय, वर्ग, धर्म के लोगों की आबादी जितनी ज्यादा उतना शक्तिशाली. सत्ताधीश उसे उतना ज्यादा महत्व देते हैं. देश की संपत्ति, सुविधा, शिक्षा, रोजगार पर उनका उतना ज्यादा हक! भारत एक ऐसा देश है, जहां शिक्षा, रोजगार, सुविधा इत्यादि के क्षेत्र में कहीं कहीं सतासी प्रतिशत आरक्षण है. सामान्य जन के लिए अवसर मात्र तेरह प्रतिशत है! सर्वोच्च न्यायालय यूं अपने को संविधान का संरक्षक मानता है, पर विधायिका के सामने लाचार है और भारतीय संविधान के 'समानता' के अधिकार की बात का बार-बार हनन होता मौन होकर देखता रहता है. जाति, धर्म, सम्प्रदाय, राज्य, क्षेत्र के नाम पर होने वाले किसी भी विशेष सुविधा की दीर्घकालीन व्यवस्था तो समानता के अधिकार का उल्लंघन ही तो है न. दुनिया के किसी भी देश में सब लोग शताब्दियों से समान नहीं रहे हैं. सामाजिक, आर्थिक और व्यावहारिक तौर पर अनेक प्रकार की असमानताएं रही हैं, पर कहीं भी 'वंचित' लोगों के लिए लगभग एक सदी तक आरक्षण का प्रावधान नहीं रहा! अमेरिका और अन्य देशों की व्यवस्था देखने पर पता चलता है कि कुछ सीमित समय के लिये पूर्ण अवसर का एक छोटा प्रतिशत तथाकथित 'वंचित' लोगों के लिए आरक्षित रहता है. भारत में जो वास्तव में वंचित समुदाय है, उसे इस विशेष आरक्षण से बहुत लाभ नहीं हुआ है, बल्कि पूरे देश में इन लाभार्थियों की संख्या कुछ लाख तक होगी. कोई परिवार पिछले छह पुश्तों से इस आरक्षण का लाभ उठा रहा है. कई व्यक्ति जीवन में पंद्रह बार आरक्षण का लाभ उठाते हैं तो किसी वंचित व्यक्ति को एक भी अवसर नहीं मिलता! देश के दसों लाख परिवार के लोग इससे वंचित हैं, क्योंकि सारे लाभ कुछ पुश्तैनी 'वंचित' लोग ले जाते हैं! अल्लामा इकबाल ने लिखा था : जम्हूरियत ब तर्ज़े वह हुकूमत है, जिसमें इंसान को गिनते हैं, तौला नहीं करते! संख्या और जनसंख्या बढ़ाने से शक्ति बढ़ेगी यही आधुनिक युग का मूलमंत्र है! वैसे जानते समझते तो सभी हैं, पर बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे!

# शिव मंदिर, नेपालिया छावनी, कोनहारा घाट




यायावर
डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय



**हाजीपुर** के निकट कोनहारा घाट में एक शिव मंदिर है, जो अनुपम एवं अद्वितीय है. इस मंदिर के चारों कोनों पर छोटे-छोटे मंदिर हैं, जिसमें शिव परिवार की प्रतिमाएं स्थापित हैं.यह मंदिर अप्रतिम सौन्दर्य एवं कलात्मक शिखरोत्कर्ष के साथ सत्यम् शिवम् सुंदरम एवं पुरुषार्थ को चरितार्थ करने वाला एक चाक्षुष दस्तावेज है. यह मंदिर धर्म अर्थ काम मोक्ष से संयोजित होकर वैदिक व्याख्यायित जीवन के चार आश्रमों में अपनी भूमिका के निर्वहन से इहलोक का दर्शन कराता है. उक्त मंदिर के विषय में कहा जाता है कि राजा विशाल के शासन काल में नेपाल की कोई युवती पाटलिपुत्र दर्शन के लिए जा रही थी. उसी क्रम किसी राजकुमार ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया.उसके दुर्व्यवहार से दुखित होकर वह सौंदर्यवती युवती न्याय के लिए राजा विशाल के दरबार में गई. राजा ने उसकी सुरक्षा के लिए कोनहारा घाट के शिव मंदिर में जगह दे दी. इसकी सूचना नेपाल नरेश को मिल गई. नेपाल महाराज ने अपने मंत्री और सिपाही को भेजा. मंत्री और सिपाही ने अपना कारीगर बुलवाकर मंदिर के चारों तरफ छावनी बनवाई, जिसे नेपालिया छावनी के नाम से जाना जाता है.

उक्त छावनी के खंभों में कारीगर ने वात्स्यायन के कामसूत्र का पूर्ण अंकन किया है. उसमें कामासक्त प्रतिमाओं का अंकन कर मैथुन और आलिंगन की भाव भंगिमाओ का चित्र बनाया है, जो दर्शकों के चित्त को आकर्षित कर लेता है. उक्त छावनी के खंभों पर बने चित्र से यह ध्वनित होता है कि भोग हेय नहीं, वह हमारे जीवन की ग्रंथियों को सुलझाने का सशक्त आधार है. साथ ही साथ उसमें अंकित काम क्रिया के अंकित चित्र यह संदेश देने की कोशिश करते हैं कि ये क्रियाएं आनंद और परमानुभूति की क्रियाएं हैं, कोई अपराध की नहीं. नेपाल नरेश ने कोनहारा घाट पर स्थित शिव मंदिर में काम शास्त्र का वस्तु चित्र शिल्पकारों के द्वारा इसलिए बनवाया होगा कि लोगों को काम का ज्ञान प्राप्त हो सके. काम का ज्ञान इसलिए जरूरी है कि सृष्टि निर्माण में काम का बहुत बड़ा योगदान है.इसी कारण हमलोग वैवाहिक रूप से वर बधू को जोड़ते हैं. उक्त मंदिर की छावनी में मानव जीवन को संचालित करने वाली शक्ति, स्नेह कलात्मक ढंग से वास्तुकला द्वारा प्रदर्शित हैं, जो कहीं से भी नकारात्मक और निषेधात्मक प्रतीक नहीं है. शृंगार रस से रिक्त संभोग कला से सुसज्जित छावनी के खंभों में अंकित चित्र भारतीय संस्कृति की विरासत के अद्वितीय एवं अनोखे उपादान हैं. हमने दर्शन किये और विश्व मंगल की कामना की.

# ये बजट बिगाड़ने वाले लोग



नश्तर
सुधीर राघव



**बजट** बनाया जाता है. बजट बिगाड़ा जाता है. बजट संवारा जाता है और बजट जोड़ा जाता है. नेता जब बजट बनाता है तो जनता का बजट बिगड़ जाता है. पति बजट जोड़ता है तो पत्नी बजट संवारती है. बजट इसलिए बनाया जाता है, ताकि पांव चादर के अंदर रहें. रुपया आता सबको दिखता है मगर जाता दिखाई नहीं देता. खाली जेबें बिगड़े बजट की गवाह बनती हैं. घर में बच्चों की हालत वही है, जो देश में जनता की है. जैसे देश का बजट जनता के नाम पर बनता है, वैसे ही घर का बजट बच्चों के नाम पर.

किसी महीने पापा के दो दोस्त पार्टी के नाम पर वेतन का बड़ा हिस्सा चट कर जाएं तो पूरे महीने बच्चों के बजट में कटौती होती है. जिस तरह हर बजट सत्र हंगामेदार होता है, उसी तरह घर में भी बजट को लेकर पूरे महीने हंगामा होता है. सबसे पहले सब्जी से टमाटर गायब होता है. बच्चे हंगामा करते हैं तो घरेलू वित्तमंत्री आंखें तरेर कर समझाती है कि मैं टमाटर नहीं खातीं. टमाटर खाने से पत्थरी होती है. टमाटर से शुरू हुई कटौती जब लहसुन-प्याज से होते हुए बच्चों के खिलौनों तक पहुंचती है तो सदन में हंगामा और बढ़ता है. बच्चों की नजर में पापा के दोस्त नीतीश और नायडू की तरह खटकते हैं. मगर परिवार चलाने वाला आदमी हो या सरकार चलाने वाला आदमी, दोनों को लगता है कि दोस्तों के बिना गुज़ारा नहीं. सबको मदद की जरूरत पड़ती है, इसलिए दोस्तों की जरूरत का ख्याल रखना चाहिए.

सरकार चलाने वाला और परिवार चलाने वाला, दोनों चादर के अनुसार पैर फैलाना चाहते हैं. मगर कुछ सिर चढ़े दोस्तों का मुंह बड़ा होता है. वे बजट बनने से पहले दिल्ली आ जाते हैं. सरकार चलाने वाले को उनकी सुननी ही पड़ती है. वह समझता है कि बस इनसे हमारी दोस्ती है. ये ही उसकी सरकार बचाएंगे. वह भूल जाता है कि बाकी भी उसके दुश्मन नहीं हैं, वे भी उसकी जनता हैं. उनकी जरूरतों का ख्याल भी उसे ही रखना है. बेचारी वित्तमंत्री का भी मन करता है कि टमाटर, प्याज सब खाएं. मगर यह तभी संभव है, जब नीतीश और नायडू जैसे दोस्तों को ज्यादा मुंह न फाड़ने दिया जाए.

# धर्मजय की कलाकृतियों में वन्य जीवों का लालित्य




कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार











**भारतीय** दृष्टि में कला यदि संवाद है तो रूप उसकी भाषा. यह रूप जब पत्थर को तराश कर उनसे बने शिल्पों के माध्यम से आंखों के सामने उतरता है तो यह रूप कलाकार की उस चेतना की परिणति होता है, जो घनीभूत हो अभिव्यक्त होने को आतुर हो उठती है. कला तो कलाकार के भावों की अभिव्यंजना होती है. कलाकारों का नया-नया प्रयोग भी सामने आ रहा है. ऐसे ही प्रयोग में लगे हुए हैं रांची के धर्मजय कुमार. धर्मजय कुमार की कलाकृतियों में दिखता है वन्य प्राणियों के प्रति अगाध प्रेम. जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से एमएफए करने वाले धर्मजय कुमार ने पत्थर की सैकड़ों मूर्तियां बनाया है, जिसमें से एक मूर्ति अमेरिका, एक मूर्ति आस्ट्रेलिया और एक मूर्ति नेपाल में भी पहुंच चुकी है. इसके साथ ही मुम्बई, चंडीगढ़, दिल्ली, पटना, आरा, रांची, देवरिया में भी इसकी कलाकृति की मांग होती रही है. अब ये एक नया प्रयोग के तौर पर 52 एकड़ भूमि में फैले राज्य वन प्रशिक्षण संस्थान परिसर में जंगल के बीच नई कलाकृति को आकार दे रहे हैं. पत्थर की तलाश में पहुंचे रांची के वरिष्ठ कलाकार धर्मजय कुमार को, जब यह चट्टान दिखा तो ये यहां के निदेशक विजय शंकर दुबे से जाकर मिले. इसे आकर्षक बनाने का प्रस्ताव रखा. सहमति मिलने पर अपने छह सहयोगियों के साथ 45 दिनों से जंगल के बीच 300 वर्ग फीट के एक बड़ी चट्टान में वन्य जीवों की आकृति को उकेर कर जीव जन्तु के प्रति प्रेम को दिखाने का प्रयास कर रहे हैं. इसके लिए इन्होंने राजस्थान से चार, मध्यप्रदेश से एक और झारखंड के एक सहयोगियों को बुलाया और अपने छह सहयोगियों के साथ 45 दिनों से जंगल के बीच इस 300 वर्ग फीट के बड़ी कठोर ग्रेनाइट पत्थर पर वन्य जीवों के आकृति को उकेरने में जुट गये. इन्होंने नया प्रयोग के तौर पर जंगल के बीच नई कलाकृति को आकार दिया. धर्मजय इस कलाकृति के माध्यम से यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि सृष्टि को संतुलित रखने के लिए जीव जंतु को बचाना आवश्यक है. इसलिए इस कलाकृति में एक वनरक्षी को जीव जंतु से प्रेम करते हुए दिखाया गया है. कलाकृति के केन्द्र में हाथी के दो बच्चे हैं. हाथी के एक बच्चे को अपना आहार बनाने के लिए मगरमच्छ आता है. अपने बच्चे को बचाने के लिए हथिनी दौड़ पड़ती है तो हाथी के दूसरे बच्चे के पीछे शेर आ जाता है, वहीं एक हिरण के पीछे अजगर पहुंच जाता है. एक ओर पेड़ की छांव में जिराफ आराम कर रहे हैं तो एक मगरमच्छ खुली जगह पर सुस्ता रहे हैं. एक तरफ हाथी और हिरण से प्रेम करते हुए एक वनरक्षी को दिखाया गया है. इस कलाकृति के माध्यम से धर्मजय कुमार यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि मानव ही जीव जंतु के अस्तित्व को बचाये रख सकते हैं. पत्थरों में इनकी कला सिर्फ एक सूक्ष्म लय को ही प्रदर्शित नहीं करते हैं, बल्कि कलाप्रेमी को कभी विराम भी नहीं देते हैं. अपनी कल्पना और प्रतिभा से झारखंड में बिखरे पड़े पत्थरों को तराश कर सुंदर आकार दे रहे हैं.

# क्रांतिकारी न थे प्रेमचंद

31, जुलाई को प्रेमचंद की जयंती आती है और चली जाती है. पूड़ियां छनती हैं, जश्न मनते हैं. इन अवसरों पर प्रेमचंद के कथन दोहराए जाते हैं किंतु दुर्भाग्यवश कोई नई बात नहीं होती जिससे साहित्य के प्रति युवा लेखकों की वैचारिक समझ बढ़े. यह तो बार-बार कहा जाता है कि "हमारी कसौटी पर वही साहित्य खरा उतरेगा जिसमें उच्च चिंतन हो, स्वाधीनता का भाव हो, सौंदर्य का सार हो, सृजन की आत्मा हो, जीवन की सच्चाइयों का प्रकाश हो - जो हममें गति, संघर्ष और बेचैनी पैदा करे, सुलाए नहीं क्योंकि अब और सोना मृत्यु का लक्षण है" किंतु इन सूक्त वाक्यों और आप्त वचनों के निहितार्थ बताए नहीं जाते और न प्रेमचंद की परंपरा को आगे ले जाने की चेष्टा ही होती है.



रामचंद्र ओझा

### • मायने रखता रचना का सौन्दर्य

'सौन्दर्य क्या है' इसे प्रेमचंद ने कहीं परिभाषित नहीं किया है. हमारा फर्ज था, इसे परिभाषित करना. सौन्दर्य तात्विक है या महज एक अनुभूति है! यदि तात्विक है तो वह कौन सा तत्व है जिसमें सौन्दर्य का सार छुपा हुआ है. यदि सौन्दर्य तात्विक नहीं तो इस कथन का औचित्य ही क्या है? ये कुछ बुनियादी सवाल हैं, जिनका उत्तर खोजने की चेष्टा नहीं होती, कथनों के भूल-भूलैए में भटकने के लिए युवाओं को छोड़ दिया जाता है.

वस्तुतः सौन्दर्य वह है जो बगैर उपयोगिता और बिना विचारधारा के सुन्दर लगे. तर्क यह कि जिन चीजों से हमारा स्वार्थ सिद्ध होता है, वे स्वभावतः सुंदर लगती हैं. घी का लड्डू टेढ़ा भी भला लगता है. किंतु सौन्दर्य स्वार्थ और उपयोगिता से परे की चीज है.

यदि कोई कृति हमें इसलिए पसंद है कि कृति उस विचारधारा का पोषण करती है, जिससे हम जुड़े हैं तो यह रचना की नहीं बल्कि विचारधारा की प्रशंसा कहलायेगी. विदित हो कि लेखक की चुनौती दूसरे वैचारिक कुनबे के लोग हैं. चुनौती उनको खुश करना है. वे आपके विचारधारा की अनदेखी कर सकते हैं किंतु वे रचना के सौन्दर्य की अनदेखी नहीं कर सकते. फूल चाहे आपके बगीचे के हों या किसी और के, यदि वे सुंदर हैं तो ध्यान जाएगा ही.



### भाव विभोर करती हैं प्रतिक्रियावादी कहानियां भी

ऐसा नहीं कि विचारधारा और परिवर्तनगामी रचनाएं अच्छी नहीं होती, वे भी अच्छी हो सकती हैं. दृष्टांत के तौर पर प्रेमचंद का गोदान, कफन या सद्गति सामाजिक कुरितियों पर प्रहार करती है और उनमें परिवर्तन की कामना है किंतु रचना का गुणस्तर वैसे ही श्रेष्ठ है जैसे उनकी अन्य कहानियों के. बड़े घर की बेटी और निर्मला परंपरावादी कहानियां है जिन्हें हम आज के संदर्भ में प्रतिक्रियावादी कहेंगे किंतु उन कहानियों को पढ़कर भी हम वैसे ही भाव विभोर हो उठते हैं. प्रेमचंद ने मनुष्य की प्रायः सभी वृत्तियों और हर मनोदशा पर रचनाएं की हैं. यदि उनकी झोली में आदर्शवादी कहानियां हैं तो ऐसी रचनाएं भी है जिनसे अंधविश्वासों का महिमा मंडन होता है. जहां पंच परमेश्वर निष्पक्षता का आदर्श प्रस्तुत करती है. यह एक आदर्शवादी कहानी है. वहीं उनकी कहानी 'मूठ' अंधविश्वास के रंग में रंगी है.

तात्पर्य कि मनुष्य का जीवन एकमुखी नहीं बल्कि बहुमुखी, विविध और बहुरंगी है. यहां महत्वपूर्ण बात यह है कहानी को पढ़कर अंधविश्वासों में जी रहे पात्रों के प्रति नफरत का भाव पैदा नहीं होता बल्कि सहानुभूति होती है. यह कमाल है सौन्दर्य और रचना कौशल का. चूड़ियां जहां खनके मोल उसके खनकने का है. इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कहानी का गुणस्तर प्रगति, प्रगतिशीलता, बदलाव और क्रांति या किसी वाद पर निभर नहीं, बल्कि इनसे परे और स्वायत्त है.

वस्तुतः मुख्य सवाल रचना की गुणवत्ता का है जो उपयोगिता और विचारधारा स्वायत्त है. प्रेमचंद की कहानी ईदगाह, आत्माराम और पूस की रात में कहीं कोई विचारधारा दिखाई नहीं देती किंतु ये कहानियां विश्व की श्रेष्ठ कहानियों में शुमार हैं.

### • कला पक्ष पर निर्भर रचना का गुण स्तर

सवाल है कि आखिर किन कारणों से रचनाएं अच्छी नहीं हो पाती. इसका उत्तर हम प्रेमचंद के कथन से देते हैं. 'जो रचनाएं कला पक्ष को ध्यान में रखकर नहीं रची जातीं, वे अपने पद से गिर जाती हैं.' यानी रचना का गुण स्तर उसके कला पक्ष पर निर्भर है. जो उद्देश्य कला का है वही उद्देश्य साहित्य की विविध कलात्मक विधाओं का हैं.

निष्कर्षतः सौन्दर्य का कोई निश्चित पैमाना नहीं है. सौन्दर्य किसी वस्तु की प्रतिक्रिया में मन की अनुभूति है. यह कोई तत्व नहीं बल्कि भावनाओं के प्रवाह से उत्पन्न मन की वह सुखद स्थिति है जिसमें हम बने रहना चाहते हैं. जो उत्साह भरे और प्रीतिकर लगे.

### • स्वराज्य विजय की कामना

प्रेमचंद उस समय थे, जब देश गुलाम था और स्वाधीनता संग्राम चल रहा था. अतः उनके जीवन की आकांक्षाओं में एक प्रबल आंकांक्षा स्वराज संग्राम में विजयी होने की थी. प्रेमचंद जैसे मनस्वी लेखक में यदि राष्ट्र प्रेम न होगा तो किसमें होगा! कहते भी थे कि 'मोटर और बंगले की हविश मुझमें नहीं. हा! यह जरूर चाहता हूं कि दो चार कोटि की पुस्तकें लिखूं, पर उनका उद्देश्य भी स्वराज्य विजय ही हो.' प्रेमचंद एक मौलिक रचनाकार थे. जो कुछ भी लिखा, दिल की गहराइयों से निकाल कर लिखा. अपने व्यक्तितव का सत्व रखा. वस्तुतः साहित्य का सत्य, धर्मा में व्यक्त 'सदा सत्य बोलना चाहिए' वाला सत्य नहीं, बल्कि जो लिखा जाए उसका साक्षी हमारी आत्मा हो, वह सत्य है.

### • आस-पास के पात्र और प्रसंग

प्रेमचंद ने आज के कतिपय साहित्यकारों की तरह फार्मूलाबद्ध लेखन नहीं किया और न बनावटी पात्र और प्रसंग गढ़े बल्कि पात्रों का चयन और प्रसंग भारतीय सामाजिक जीवन से किया. यही कारण है कि उनकी कहानियों के पात्र कहीं न कहीं हमारे अपने सगे-संबंधी लगते हैं. परिवेश भी अपना लगता है. वस्तुतः प्रेमचंद एक अनोखे रचनाकार हैं जिनकी कहानियों में न दोहराव नजर आता है और न किसी दूसरे देशज या विदेशी लेखकों की छाप ही दिखती है. वे मौलिक लेखक थे. उनके ही कथन के अनुसार उनकी रचनाओं में सृजन की आत्मा है.

प्रेमचंद ने सामाजिक विसंगतियों पर बेशक उंगली रखी किंतु वे क्रांतिकारी न थे. भारतीय संस्कृति और परंपरा में उनकी अटूट श्रद्धा थी. उनका मानना था कि 'राज्य परिवर्तन होते रहते हैं, किंतु राष्ट्र के आदर्शों में कोई परिवर्तन नहीं होता. अगर उसके आदर्श बदल जाएं, तो उसकी परंपरा नष्ट हो जाती है और वह राष्ट्र अपना व्यक्तित्व खो बैठता है.'

---

व्यंग्य ›› बर्बरीक

# न खाता न बही, जो चाची कहे वही सही




चचा छक्कन बहुत बिगड़े हुए हैं. कह रहे हैं कि हर बार जब मुल्क का बजट पेश होता है वह काफी उम्मीदें पाल लेते हैं. मौसम गुलाबी गुलाबी होने लगता है. लगता है कि जिन्दगी की सारी मुसीबतें बस खत्म होने ही वाली है. सुबह से टीवी के सामने जम जाते हैं कि कुछ हमारे काम की बात होगी. इसी उम्मीद में बस सुनते जाते हैं जाने क्या क्या. जीडीपी, मुद्रा स्फीति, फॉरेक्स,एम एस एम ई -आधी से ज्यादा बातें समझ नहीं आती. हर दस पांच मिनट में बताया जाता कि हमारा देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है. दुनिया की अर्थव्यवस्था में पोजीशन ला चुका है. गर्व करने का मन भी होता है लेकिन जब दावा सुनते हैं कि हमारी हालत 2047 में सुधरेगी तो चचा छक्कन का दिल बैठ जाता है. कौन जाने 2047 तक इस धरती पर वह रहेंगे या नहीं. शायर कह गए हैं न - कौन जीता है तेरी ज़ुल्फ़ के सर होने तक. वादों और दावों की हव मिठाई खाने में चचा का बिलकुल यकीन नहीं है. उन्हें तुरंत रिजल्ट चाहिए.

क्या मांगते हैं वो देश के वित्तमंत्री से- खाने पीने की चीजें, सस्ती हों, खटारा स्कूटी में सस्ता पेट्रोल भरा लें, बिजली गैस के कम पैसे देने पड़ें, आलू प्याज टमाटर की सब्जी बन सके. तो चचा इसी बात से नाराज है कि खुद तो बजट के पहले हलुआ बांटती खाती है और उनकी बारी आए तो कह देती है कि भले प्याज महंगा हो जाए, मैं तो प्याज नहीं खाती. कल कह देगी कि मैं टमाटर भी नहीं खाती इससे पथरी होती है.

नया भारत विकसित भारत सुन सुनकर थक चुके हैं. उन्हें तो नया भारत दिखाई नहीं देता. रामू अभी भी चाय की टपरी पर जूठे गिलास धोता है, उसकी मां खांसती हुई घर-घर चौका बरतन करने जा रही है, पड़ोस वाले शर्मा जी सब्जी का थैला लेकर लौटते हुए महंगाई को कोस ही रहे हैं, उनका ग्रेजुएट बेटा अभी भी बेरोजगार घूम रहा है- न तो कुछ नया दिख रहा न विकसित. शहर में कुछ फ्लाईओवर ज़रूर बन रहे हैं पर उससे चचा छक्कन को क्या. बेल पकने पर कौए को भला क्या फायदा. वैसे भी बजट मतलब आंकड़ों की हेराफेरी ही तो होती है. जो होता नहीं है उसे दिखाने की कोशिश का नाम ही तो होता है बजट- ऐसा चचा छक्कन मानते हैं. बल्कि वो तो यहां तक कहते हैं कि न खाता न बही, जो चाची कहें वही सही. और चाची का मतलब चचा छक्कन की घरवाली नहीं. देश का खाता बही दुरुस्त करने वाली चाची के बारे में कहना चाहते हैं शायद.

---

## पुस्तक समीक्षाएं

# संवेदनशीलता की उड़ान हैं अनुराग अन्वेषी की कविताएं

इधर कुछ लंबे समय से टले काम हुए जिसमें अनुराग अन्वेषी के काव्य संग्रह "चिड़िया का है बहेलिए से रिश्ता आधुनिक" का रसास्वादन भी शामिल है. समीक्षा तो हर हफ्ते आखर पर सजती है पर किसी समीक्षक की कलम से. इस बार आग्रह के स्वर कुछ ऐसे थे कि मेरी झिझकती कलम उठी और विशुद्ध पाठक की नजर से कविताओं पर कुछ पंक्तियां लिखी गईं. झिझकती इसलिए कि समीक्षा पर संभवतः पहली बार मैंने कलम उठायी है. मेरी नजर में भाषा-साहित्य के जानकार को ही आलोचना या समीक्षा जैसी विधा पर कलम उठानी चाहिए. बहरहाल, बात इस काव्य संग्रह की. संग्रह की कविताएं चार खंडों में विभाजित हैं-शर्मस्थल, मर्मस्थल, धर्मस्थल और कर्मस्थल. इन खंडों में कुल 103 कविताएं संकलित हैं. चारों खंड तेवर और कलेवर में साफ अलग नजर आते हैं और इसके साथ इन खंडों में नजर आते हैं कवि के भाव और भाषा के विस्तृत आयाम.

सबसे पहले बात शर्मस्थल की जहां कवि के विद्रोह के स्वर गूंजते हैं. इस खंड में संवेदनशील मन की चोट है तो एक पत्रकार के सवाल और पड़ताल भी. व्यवस्था और राजनीति पर तल्खी के साथ शब्दों के प्रहार हैं. धर्म-धर्म के शोर में हमारी मौलिक जरूरतों के स्वरों को दबाने की जो कोशिश मौजूदा दौर में की जा रही है, उस पर चोट है. इन पंक्तियों पर गौर करें-

**आओ, इस मरघटी सन्नाटे में/ हम धर्म-धर्म खेलें/हम कुंभ मना लेते हैं तू अपनी ईद मना/ अस्पताल - अस्पताल का क्या रोना/पहले तो मस्जिद और मंदिर बना...**

समाज की विसंगतियों, एक एक चेहरे पर अटे-पटे कई-कई मुखौटे से, अच्छाई और बुराई की सुविधानुसार गढ़ी परिभाषाओं से कवि मन कई बार बेचैन हो उठता है और ये बेचैनी शर्मस्थल पर अंकित हो जाती हैं-

**कुल जमा राग अब यही है\कि कंक्रीट के इस जंगल में \ तमाम रिश्ते कारोबारी हैं\ आज इससे लगाव\कल उसके दरबारी हैं...**

इस खंड की कविताओं में तमाम आक्रोश, प्रहार और तीखे व्यंग्य के बावजूद जो एक चीज नोटिस होती है, वह है कवि के शब्दों की मर्यादा. कहीं भी वे सीमाओं को अतिक्रमित करते नहीं नजर आते. शब्दों की तल्खी विद्रोह का झंडा उठाए रहती है पर मर्यादा अपनी सीमा नहीं लांघती.

दूसरे खंड मर्मस्थल में प्रेम का सौन्दर्य है, स्मृतियों की सुरभि है, भावनाओं की गहराई है और है कवि का बावरा मन...

**मेरी यादों के पन्ने से\झरता है एक नाम\फड़फड़ा कर उड़ जाता है मेरी पहुंच से दूर...**

या फिर इन पंक्तियों को देखें-

**मैं तुम्हारी रगो में\ नदी की तरह बहना चाहता था\तुम्हारे सीने में हवा बन धड़कना चाहता था\ तुम्हारी जबान से\चिड़ियों की तरह चहकना चाहता था\तुम्हार देह में मछली बन उतर जाना चाहता था\मगर बड़ी बेस्वाद निकली जिंदगी...**

इन कविताओं के कवि के कोमल स्वर हैं, तरुणाई के भाव हैं पर भावनाएं गहराई में कहीं-कहीं गहरे पैठ करती नजर आती हैं.

तीसरा खंड धर्मस्थल है जिसकी समीक्षा के लिए साहित्यकार रश्मि शर्मा के शब्द उधार लेना चाहूंगी. बता दूं कि किताब की प्रस्तावना में उन्होंने ये पंक्तियां इस खंड के बाबत लिखी-

"संग्रह के इस हिस्से में मां-पिता, भाई-बहन, पत्नी और दोनों बच्चों को लेकर काफी मर्मस्पर्शी और कुछ शिकायती कविताएं भी हैं. इस खंड में कुछ ऐसी भी कविताएं हैं जिनके यहां होने का औचित्य मुझे समझ नहीं आया, या यूं कहें कि बेहतर होता अनुराग इन्हें संग्रह में शामिल करने से बचते."

इस खंड की कविताओं को पढ़ते हुए दिवंगत वरिष्ठ साहित्यकार उषा किरण खान की किसी सोशल मीडिया पर ही लिखी बात याद आती है कि लेखनी जब बालपन में होती है तो व्यक्तिगत भावों की अभिव्यक्ति सबसे पहले होती है और ज्यों-ज्यों कलम परिपक्वता की ओर बढ़ती है, समग्रता के अनुभव परिलक्षित होते हैं.

अंतिम खंड कर्मस्थल के अनुभवों, रोजी-रोटी के लिए जिंदगी की जद्दोजहद और इस क्रम में फिसलते सुकून-सुख के पलों की दास्तां है, दर्द है, गुमान है और साथ में हैं जीवन के पाठ...इन्हें पढ़ते हुए आप कई बार आईने में झांकते नजर आएंगे तो कई बार अपने बीते दर्द के हरेपन से त्रस्त होंगे.

**- चेतना झा**




कविता संग्रह : चिड़िया का है बहेलिए से रिश्ता आधुनिक
कवि : अनुराग अन्वेषी
मूल्य : 750
पृष्ठ संख्या : 240
प्रकाशक : संधीस पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, गाजियाबाद

# समकाल की आवाज : अशोक सिंह की चयनित कविताएं

समकालीन हिंदी कविता के क्षेत्र में अशोक सिंह का नाम जाना-माना है. विगत पच्चीस वर्षों में राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित कविताओं के माध्यम से मुझे उनकी रचनाओं से गुजरने का अवसर मिलता रहा और आलोचकों समीक्षकों द्वारा उनकी कविताओं की अनुकूल समीक्षाएं भी पत्र-पत्रिकाओं में आती रहीं. पिछले दिनों एक साहित्यिक मनीषी की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में दुमका जाने पर उनकी चयनित कविताओं की पुस्तक 'समकाल की आवाज' मिली.


ब्रज किशोर पाठक

पृष्ठावरण के परिचय से स्पष्ट है कि उन्होंने साहित्य क्षेत्र में काफी दूरी तय कर ली है और उन्हें यश के अतिरिक्त अनेक पुरस्कार एवं सम्मान भी मिले हैं. तेजी से बदलती परिस्थितियों और संबंधों को सूक्ष्मता के साथ महसूस करने और शब्दों के माध्यम से उन्हें अभिव्यक्त करने की दिशा में उनमें कोई दुविधा या असहजता नहीं है. वर्तमान के अधिसंख्य रचनाकार वादों के दायरे में रहने के कारण स्वतंत्र दृष्टि से किसी परिस्थिति की वस्तुपरक अभिव्यक्ति करने से बचते नजर आते हैं पर अशोक सिंह, इस मोह से मुक्त होकर प्रायः बेबाक अभिव्यक्ति कर पाते हैं.


किसी यथार्थ या सामाजिक रूढ़ि को समझने की दिशा में व्यक्ति अंधविश्वासी हो सकता है, परन्तु ऐसे अंधविश्वास से मुक्त होने के बावजूद सामाजिक एवं अंतरंग संबंध के चलते परम्परा के अंधानुकरण के पीछे गहन मानवीय संवेदना भी हो सकती है, यह तथ्य 'मां का ताबीज' कविता में उजागर होता है. ताबीज के चमत्कारी प्रभाव पर विश्वास नहीं होने के बावजूद ताबीज धारण करना कवि के इस विश्वास को उजागर करता है कि वह मां के विश्वास को चोट पहुंचाना नहीं चाहता और घोषणा करता है कि **"मैं ताबीज नहीं, तुम्हारा विश्वास पहन रहा हूं मां."**

सामाजिक अव्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने की घोषणा करने के बाद भी अव्यवस्था में कमी के स्थान पर इजाफा हो, तो जन सामान्य के साथ ही कवि भी भौंचक्का रह जाता है. 'नयी सरकार' शीर्षक कविता में कवि का यही मोहभंग उजागर होता है. घोषणा पत्र में लुभावने वादे होते हैं, **"जंगलों और पहाड़ों से पूरी तरह खत्म हो जाएगा आतंक/कुछ मुद्दे अब जड़ से हो जाएंगे समाप्त/हमेशा-हमेशा के लिए/कर लिया जाएगा समाधान/समस्याओं का इस कदर"** कुछ इसी तरह के ही लुभावने वादों से भ्रमित हो जनता नयी सरकार चुनती है और संवेदनशील कवि या पत्रकार से जब नयी सरकार के विषय में उसके मित्र उससे विचार पूछते हैं, तब वह असमंजस में पड़ जाता है **"क्या जवाब दूं मित्र को/जबकि हर दिन अखबार की सुर्खियों में/कोई बड़ी घटना हमें शर्मशार करती है."**

बचपन को पीछे छोड़ आने के बावजूद, कवि उन नेमतों, शरारतों और गुदगुदी लगाने वाली गलियों में भटकने के मोह को भूल नहीं पाया है, जिनका वह सहभागी और सहयात्री रहा है. बचपन में जो गेंद किसी झाड़ी में गुम हो गई, जो गुड़गुड़ी उम्र की ढलान से खाई में लुढ़क गई, जो गिल्ली उछल कर गुरु जी के माथे पर लगी और वह डण्डा जिसे गांव की गली में अनाम भय से छोड़कर शहर में भाग आया, वे सब उसके मस्तिष्क में शिद्दत से जीवंत हैं पर इनके साथ ही, बागीचे में लगे झूले की टूटी हुई रस्सी, जो पिता के सपने में थी, उसकी स्मृति भी कवि को विह्वल करती है. वह इमली की मिठास को भी नहीं भूलता जो समय की धूप में सूख गई और अब मात्र उसका खट्टापन बचा हुआ है. दादी के अंचरे में जतन से बांधी गई चवन्नी की चोरी तो दादी के साथ ही चली गई पर दादी की बातों की मिठास भी साथ चली गई, यह कवि के लिए यंत्रणाप्रद है. **"अचानक हाथ से छूट/गिर कर फूट गया स्मृतियों का वह गुल्लक/और उसमें इकट्ठी खुशियां/बाजार के शोर में गुम हो गयीं."** मेरी दृष्टि में, 'बचपन' इस संकलन की सर्वोत्तम कविताओं में है.

"रोती हुई स्त्री को देखना" अशोक सिंह की भावुक कवि दृष्टि को उद्घाटित करने वाली कविता है. **"रोती रही हैं स्त्रियां सदियों से/रोती हुई स्त्री को देखना/एक पूरी सदी को रोते हुए देखना है"** पर उसे देखने-सुनने के लिए आंखें और कान के अतिरिक्त हृदय भी चाहिए.


संग्रह में अशोक सिंह ने कुछ ऐसी प्रेम कविताएं सम्मिलित की हैं जो मानवीय संवेदना को छूकर मन को स्पंदित करती हैं. कवि भले ही प्रेम में आकण्ठ डूबा हो पर अपने इतर संबंधों और पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्व उसकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं. प्रेम-पात्र को संबोधित करते हुए वह घोषणा करता है कि मेरी दुनिया सिर्फ तुम तक सीमित नहीं. पिता के टूटे चश्मे की मरम्मती और बच्चे को स्कूल पहुंचाना या बीमार पड़ोसी की खोज-खबर लेना प्रेम-पात्र के साथ जाने से अधिक जरूरी है. प्रेम-पात्र के साथ मिल पाने में आने वाले व्यवधानों और विवशताओं की गिनती कराने में भी वह नहीं चूकता. संभव प्रेम-पात्र इन विवशताओं का आकलन नहीं कर उसके प्रति शिकायत का भाव रखे. ऐसी स्थिति में कवि प्रेम की अवस्थिति पर ही शंकाशील होकर कहता है **"क्या सचमुच प्रेम नहीं था/वह जो कुछ किया था हमने?"** इस प्रकार गहराई से प्रेम करने के बावजूद, वह उन भावों की विवेचना करता है जो उसे मथते हैं. प्रेम के अन्य मानवीय संवेदनाओं की भी पड़ताल अनेक कविताएं करती हैं. परन्तु, उन भावों की गहराई तक पहुंचने के लिए, संग्रह की कविताओं को पढ़ने और उनके




कविता संग्रह : 'समकाल की आवाज' : अशोक सिंह की चयनित कविताएं
कवि : अशोक सिंह
मूल्य : 225 रुपए
पृष्ठ संख्या : 128
प्रकाशक : न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, दिल्ली

## कविताएं

### अपनी तर्जनी लिए निकल पड़ते हैं वे


प्रकाश देवकुलिश

वे अपना मत बताना जानते हैं
वे हमें निरक्षर और बेवकूफ लगते हों
गूंगे से लगते हों
पर हमसे ज्यादा अच्छे से बोलना
जानते हैं.


हम डरते रहें,
फुसफुसाते रहें
मोबाइल पर चिन्ता जताते रहें
वे अपनी तर्जनी लिए
निकल पड़ते हैं.

हम कॉफी पीते हुए कविता लिखते रहें
सोशल साइट्स पर लच्छेदार बातें कहते रहें
अनुच्छेद और धारा,
न्यायविदों की टिप्पणी,
प्रस्तावना के 'स्पिरिट' पर बहस करते रहें
वे साधारण कपड़ों से तन ढंके
अपने रूखे हाथों से
संविधान बचाकर
हमारे हाथों में रख देते हैं.

बहसें हमसे कम करते हों
पर
काम हमसे ज्यादा करते हैं वे!




### कारगिल


अशोक प्रियदर्शी

वीर प्रसू भारत मां के बेटे बलिदानी
सरहद पर लिख गए शौर्य की अमर कहानी.
पक्के किए इरादे, ऊंचे पर्वत लांघे
ठेल शत्रु-दल, बढ़े सदा आगे ही आगे.
लहरा दिया तिरंगा औ' 'जन गण मन' गाया
घाटी की माटी पर अपना शीश चढ़ाया.
करगिल को दिल दिया, जान दी, दी कुर्बानी
सरहद पर लिख गए शौर्य की अमर कहानी.
वादा था, लौटेगा फौजी जंग जीत कर
जीता, लौटा, पर सैनिक के कांधे चढ़कर.
विह्वल जन-सैलाब उमड़ आया दर्शन को
'वीर शहीद अमर है' कह सश्रद्ध नमन को.
है कृतज्ञता-बोध और आंखों में पानी
सरहद पर लिख गए शौर्य की अमर कहानी.
मां कहती है- धन्य हो गई कोख हमारी
बापू कहते - मातृभूमि है सबसे प्यारी.
एक और बेटा होता, तो उसे पठाता!
मां-बापू का कंठ, मगर, है भर-भर आता.
जाना तो सबको है, दुनिया आनी-जानी
सरहद पर लिख गए शौर्य की अमर कहानी.
बीरन कहकर गया-लाम से अबकी आकर
चैन मिलेगा बहना की डोली सजवा कर
अपनी गुड़िया को वह ऊँचे घर भेजेगा
चुप है बहना, कौन भला उसकी सुध लेगा.
उमड़ रहा है मन में ज्यों दरिया तूफानी
सरहद पर लिख गए शौर्य की अमर कहानी.
आंखों में है शून्य, ताकती शून्य गगन को
अभी रो रही, अभी खो गई कहीं, मगन हो.
पागल सी वह कौन पड़ी चुप खड़ी वहां है
वहीं सिवाने पर जिसका लुट गया जहां है.
सीने पर गोली ली थी, थी धन्य जवानी
सरहद पर लिख गए शौर्य की अमर कहानी!

### सोंधी -सी सांझ


सत्या शर्मा 'कीर्ति'

इन दिनों
जैसे मैं कुछ अलग ही
लगने लगी हूं.

जैसे तिक्त निम्बोली
में भरी हो कोई मिठास
जैसे धीमी आंच पर
सिंकती
सोंधी-सोंधी सांझ.

जैसे कच्चे आम में
मीठा होता स्वाद
जैसे नदी की कलकल में
बजता कोई राग.
जैसे वसंत के
मधुमास में
कोयल की कूक
जैसे मीरा की आंख में
कृष्ण दर्शन की भूख.

जैसे तितलियों के
पंख पे बिखरे सारे रंग
जैसे बांसुरी पुकारे
कृष्ण-राधा को संग.

जैसे मांझी के
होठ पर प्यारी-सी तान
जैसे शिव के हृदय में
शक्ति के प्राण.
कहीं ये प्यार तो नहीं!

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## पेरिस ओलंपिक का रंगारंग आगाज : ओलंपिक कॉल्ड्रल और जगमग लाइटिंग शो से समारोह में लगा चार चांद...





### पेरिस ओलंपिक में आज भारत

**निशानेबाजी**

दोपहर 2 :45 बजे पुरुषों के क्वालिफिकेशन राउंड में संदीप सिंह और अर्जुन बबूता की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा बैडमिंटन : पीवी सिंधु का दोपहर 12 :50 बजे मालदीव की फतिमाथ नबाहा अब्दुल रज्जाक के साथ मैच, शाम 5 :30 बजे एचएस प्रणय का सामना जर्मनी के फैबियन रोथ से.

**टेबल टेनिस**

श्रीजा अकुला महिलाओं के राउंड ऑफ 64 मुकाबले में दोपहर 2 :15 मिनट से स्वीडन की क्रिस्टीना कॉलबर्ग के खिलाफ आमने-सामने होंगी, शरत कमल दोपहर 3 बजे स्लोवेनिया के डेनी कोजुल के खिलाफ खेलेंगे. शाम 4 :30 बजे मनिका बत्रा का सामना वेल्स की अन्ना हर्सी से होगा

**बॉक्सिंग**

निखत जरीन 50 किलोग्राम वर्ग में जर्मनी की मैक्सी कैरिना क्लोएत्जर के खिलाफ दोपहर 3 :50 में मैच.

**तीरंदाजी**

तीरंदाजी में भारतीय महिला टीम शाम 5 :45 में क्वालिफिकेशन मुकाबला खेलेगी

# बारिश में भी कम नहीं हुआ उद्घाटन का जलवा

## ▸ दुनिया के सभी कोनों से लोग शहर में उमड़ पड़े

एजेंसी। पेरिस

ओलंपिक खेलों के सभी मेजबानों की तरह पेरिस भी इस समय लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और लोगों में जबरदस्त उत्साह है.शुक्रवार रात उद्घाटन समारोह के दिन भारी बारिश भी दर्शकों के उत्साह को कम नहीं कर पाई. हजारों दर्शक दूसरे देशों से थे जो पहली बार स्टेडियम के बाहर आयोजित उद्घाटन समारोह को देखने के लिए सीन नदी के किनारे पर एकत्रित हुए थे. अर्जेंटीना से लेकर ब्राजील, त्रिनिदाद से लेकर हांगकांग और श्रीलंका तक, दुनिया के सभी कोनों से लोग शहर में उमड़ पड़े और इस एकीकृत थीम को अपनाया कि 'दुनिया एक छोटी जगह है और हम सभी समान हैं.'पेरिस में ऑस्टरलिट्ज ब्रिज से लेकर ट्रोकाडेरो तक नदी के किनारे इस पूरे क्षेत्र की इस अनूठी परेड के लिए घेराबंदी की गई थी जिसने शहर के दिल को खेल और संस्कृति के जीवंत उत्सव में बदल दिया. दोपहर में उद्घाटन समारोह शुरू होने से पहले लगातार बारिश होने के कारण कुछ लोगों ने आनंद लेने के लिए अगली सबसे अच्छी जगह चुनी - पब, जहां तेज आवाज में संगीत बज रहा था और विश्व प्रसिद्ध व्यंजन परोसे जा रहे थे.दर्शकों में एम्सटरडन के ईंट बनाने वाले आंद्रे बर्गर्स भी शामिल थे जो अपने पांच सदस्यीय परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाने और उद्घाटन समारोह देखने आए थे.

बर्गर्स ने पीटीआई से कहा, 'यह बहुत शानदार है. बाहर बारिश हो रही है इसलिए हम अंदर हैं. यह खूबसूरत है.'उन्होंने कहा, 'यह मेरे जन्मदिन का तोहफा है. हम सप्ताहांत पेरिस में बिताएंगे और वहां उद्घाटन समारोह है. अच्छा माहौल है, सभी देशों के लोग यहां हैं और हम बहुत अच्छा समय बिता रहे हैं. यह वास्तव में एक मजेदार अनुभव है.'लंदन के निर्माण उद्योग से जुड़े एक पेशेवर रॉबर्ट लुईस अपनी पत्नी के साथ नौकायन स्पर्धाएं देखने आए हैं. उनकी अपने गृहनगर में 2012 ओलंपिक देखने की यादें ताजा हैं और उन्हें पेरिस में एक मजेदार अनुभव भी मिला. उन्होंने कहा, ''हमें 2012 बहुत अच्छी तरह याद है और जब आप सभी देशों को एक साथ लाते हैं तो पूरा ओलंपिक भावना का एक अद्भुत अनुभव होता है. हर कोई खुश है और खेल का आनंद ले रहा है. यह अद्भुत है.' लुईस ने कहा, ''ओलंपिक की मेजबानी एक शानदार सम्मान है और हमारे लिए यह हमेशा हमारी यादों में रहेगा. हम इसके बारे में बहुत बात करते हैं, यह एक अद्भुत समय था. यहां आना और पूरी दुनिया को फिर से देखना बहुत अच्छा है.' सीन नदी के किनारे छह किलोमीटर तक फैले खिलाड़ियों के परेड मार्ग ने पेरिस के इतिहास और वास्तुकला के माध्यम से एक शानदार दृश्य प्रस्तुत किया. जार्डिन डेस प्लांटेस के पास ऑस्टरलिट्ज ब्रिज से शुरू होकर नाव पर हुई 'परेड' ऐतिहासिक पुलों के नीचे से गुजरते हुए पश्चिम की ओर बढ़ी और नोट्रे-डेम और लौवर जैसे प्रतिष्ठित स्थलों से गुजरी. इस मार्ग पर ओलंपिक स्थलों में शामिल एस्प्लेनेड डेस इनवैलिड्स और ग्रैंड पैलेस भी दिखे. परेड एफिल टॉवर के सामने ट्रोकाडेरो एस्प्लेनेड पर समाप्त हुई.उद्घाटन समारोह में नदी के किनारे पांच श्रेणियों के टिकट शामिल थे जिनकी कीमत 90 यूरो (शुरुआती बिंदु से श्रेणी ई) से लेकर 3000 यूरो (प्रीमियम श्रेणी ए, जो समापन बिंदु था) तक थी. यह सुनिश्चित करने के लिए कि अधिक से अधिक लोग भव्यता का अनुभव कर सकें इनमें से दो लाख टिकट मुफ्त दिए गए. कई लोगों ने अपने 'ड्रिंक्स'

### परेड ने खेल और संस्कृति के जीवंत उत्सव में बदल दिया



### मुकेश और नीता अंबानी भी बने समारोह का हिस्सा



रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने अपनी पत्नी नीता अंबानी के साथ पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया. मुकेश अंबानी और नीता अंबानी पेरिस में मौजूद एफिल टावर के सामने इस रंगारंग कार्यक्रम का हिस्सा बने.

### भारत की मनु भाकर फाइनल में पहुंचीं क्वालिफिकेशन में रहीं थर्ड

**पेरिस।** भारत की मनु भाकर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंची. रिदम सांगवान फाइनल में जगह बनाने में नाकाम. रविवार को उनका फाइनल मैच होगा.

**बारिस का खलल, स्पर्धाएं स्थगित :** परिस ओलंपिक के शुरू होने के बाद बारिश सबसे बड़ा चर्चा का विषय बन गयी है जिसके कारण शनिवार को यहां स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं स्थगित करनी पड़ी.स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं पेरिस के बाहरी क्षेत्र ला कॉनकॉर्ड अर्बन पार्क में होंगी. इस खेल की विश्व संस्था ने बताया कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण शनिवार को होने वाली स्पर्धाओं को स्थगित करना पड़ा.



आर्टिस्टिक जिम्नास्ट प्रतियोगिता में करतब दिखाते ग्रेट ब्रिटेन के लुईक व्हाइटहाउस.

### पेरिस ओलंपिक का पहला गोल्ड चीन की झोली में



**पेरिस।** फ्रांस के चेटेउरौक्स में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम प्रतियोगिता में पदक विजेता पदक समारोह से पहले चीन ने जीता पहला स्वर्ण पदक. दक्षिण कोरिया ने रजत और कजाकिस्तान ने कांस्य पदक जीता.

#### 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा

## मेडल राउंड तक नहीं पहुंच पायी रमिता-अर्जुन की जोड़ी

एजेंसी। पेरिस

भारतीय निशानेबाज शनिवार को यहां ओलंपिक खेलों के 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन चरण में बाहर हो गए. भारत की दो जोड़ियां इस स्पर्धा में भाग ले रही थी. रमिता और अर्जुन बाबूता 628.7 के कुल स्कोर के साथ छठे, जबकि इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह 626.3 के कुल स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे. रमिता और अर्जुन की जोड़ी ने एक समय उम्मीद बनाई थी. यह भारतीय जोड़ी तीन शॉट शेष रहते पांचवें स्थान पर थी, लेकिन आखिर में पदक राउंड के कट ऑफ से 1.0 अंक पीछे रह गई.अर्जुन ने दूसरी सीरीज में शानदार शुरुआत की और



10.5, 10.6, 10.5, 10.9 का स्कोर बनाया. रमिता ने दूसरी सीरीज में 10.2, 10.7, 10.3, 10.1 का स्कोर बनाया. इससे यह जोड़ी शीर्षक आठ में तो पहुंच गई लेकिन पदक राउंड में जगह बनाने के लिए यह स्कोर पर्याप्त नहीं था. पदक राउंड में पहुंचने के लिए शीर्ष चार में जगह बनाना जरूरी था. चीन, कोरिया और कजाकिस्तान की टीम क्वालीफिकेशन दौर में पहले तीन स्थानों पर रही.

### ओलंपिक कॉल्ड्रल हर रात पेरिस शहर के आसमान में दिखेगी

**पेरिस।** पेरिस खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान उड़ान भरने वाली ओलंपिक कॉल्ड्रल (ओलंपिक ज्वाला) दिन के दौरान जमीन पर रहेगी जबकि रात में यह आसमान में होगी. पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने कहा कि शनिवार से गुब्बारे से जुड़ी कॉल्ड्रल सूर्यास्त से लेकर रात दो बजे तक लौवर संग्रहालय के ग्लास पिरामिड के प्रवेश द्वार के पास तुइलरीज गार्डन से 60 मीटर (197 फीट) से अधिक ऊपर उड़ेगी. दिन के समय में रोजना इसे देखने के लिए 10,000 लोगों को पास जारी किये जाएंगे. ओलंपिक खेलों में यह पहली बार है, जब कॉल्ड्रल को जीवाश्म ईंधन के बिना जलाया गया. आयोजकों ने कहा कि बिजली की लौ को 40 एलईडी स्पॉटलाइट की मदद से प्रज्वलित किया गया है.

## ओलंपिक नौकायन : बलराज हीट में चौथे स्थान पर, रेपेचेज में पहुंचे

एजेंसी। चेटेरोक्स (फ्रांस)

पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारत के एकमात्र नौकायन (रोइंग) खिलाड़ी बलराज पंवार शनिवार को यहां पुरुष एकल स्कल स्पर्धा की पहली हीट (शुरुआती रेस) में चौथे स्थान पर रहे और अब रेपेचेज में हिस्सा लेंगे. पच्चीस साल के बलराज ने सात मिनट 7.11 सेकेंड का समय लिया. वह न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55.92 सेकेंड), स्टीफानोस एनतोस्कोस (सात मिनट 1.79 सेकेंड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5.06 सेकेंड) से पीछे रहे. प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. रेपेचेज के जरिए बलराज को सेमीफाइनल या



फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा. बलराज चीन में 2022 एशियाई खेलों में चौथे स्थान पर रहे थे और कोरिया में एशियाई तथा ओसियाना ओलंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में कांस्य पदक जीता था.

**टी20 क्रिकेट** महिला एशिया कप फाइनल मुकाबला आज, श्रीलंका से भिड़ेगी टीम इंडिया

## दबदबा बरकरार रखकर आठवां खिताब जीतने उतरेगा भारत

एजेंसी। दाम्बुला

मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखकर श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले फाइनल में जीत दर्ज करके रिकॉर्ड आठवां खिताब जीतने की कोशिश करेगी.भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है. उसने लीग चरण में पाकिस्तान को सात विकेट से, संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से और नेपाल को 82 रन से हराया था. सेमीफाइनल में उसने बांग्लादेश को 10 विकेट से पराजित किया था. भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अभी तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है. उन्होंने अभी तक अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को कोई मौका नहीं दिया है. सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है, लेकिन टीम प्रबंधन गेंदबाजों विशेषकर दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह के प्रदर्शन से काफी खुश होगा. दीप्ति ने टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक 9 विकेट लिए हैं जबकि रेणुका सात विकेट लेकर तालिका में तीसरे नंबर पर है. इन दोनों का इकोनॉमी रेट भी शानदार है, जिसका मतलब है कि उन्होंने विरोधी टीम के बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया है. इन दोनों की कसी गेंदबाजी का फायदा भारत के अन्य गेंदबाजों को भी मिला है. बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव इसका उदाहरण है, जिन्होंने अभी तक 5.5 के इकोनॉमी रेट से 6 विकेट लिए हैं. भारतीय टीम के लिए कोई विभाग चिंता का विषय नहीं है लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स को बल्लेबाजी के कम मौके मिलने से वह थोड़ा चिंतित हो सकता है. दूसरी तरफ श्रीलंका भी अभी तक अजेय रहा है. उसने टूर्नामेंट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी हासिल की है. श्रीलंका ने ग्रुप चरण में मलेशिया को 144 रन से हराया था. श्रीलंका की तरफ से कप्तान चमारी अटापट्टू ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है.



### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), पूजा वस्त्रकार, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजाना सजीवन.

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), अनुष्का संजीवनी, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अमा कंचना, उदेशिका प्रबोदानी, विशमी गुणरथने, काव्या कविंदी, इनोशी प्रियदर्शनी, सुगंधिका कुमारी, अचिनी कुलसूर्या, कवीशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, सचिनी निसानसाला, शशिनी गिम्हानी.

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे शुरू होगा.**

## द्रविड़ का गंभीर को संदेश : मुश्किल समय में सांस छोड़ें और एक कदम पीछे हटें

एजेंसी। नयी दिल्ली

पूर्व भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने अपने उत्तराधिकारी गौतम गंभीर को उन चुनौतियों से निपटने के लिए एक विशेष संदेश दिया है जिनका उन्हें सामना करना पड़ सकता है. द्रविड़ के संदेश से गंभीर भी भावुक हो गए. द्रविड़ ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में भारत के चैंपियन बनने के बाद मुख्य कोच का पद छोड़ दिया था. उनकी जगह गंभीर को मुख्य कोच नियुक्त किया गया था.भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक वीडियो एक्स पर जारी किया है, जिसमें द्रविड़ ने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम के एक कोच का दूसरे कोच को संदेशः सबसे मुश्किल समय में लंबी सांस छोड़ें और एक कदम पीछे हटें. मेरी आपको शुभकामनाएं गौतम. मुझे पूरा



विश्वास है कि आप भारतीय टीम को नई ऊंचाइयों पर ले जाओगे. उन्होंने कहा, भले ही यह आपके लिए मुश्किल हो, लेकिन मुस्कुराइए. जो कुछ भी होगा, वह लोगों को चौंका देगा. द्रविड़ के इस संदेश में गंभीर के चेहरे पर मुस्कान ला दी. गंभीर इस संदेश के लिए द्रविड़ का आभार व्यक्त करते समय भावुक लग रही थे.

गंभीर ने कहा, मैं आमतौर पर बहुत भावुक नहीं होता लेकिन इस संदेश ने वास्तव में मुझे बहुत भावुक कर दिया है. यह दिल को छूने वाला संदेश है. उन्होंने कहा, मैं एक महान व्यक्ति का उत्तराधिकारी हूं और उम्मीद है कि मैं उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरूंगा. उम्मीद है कि मैं पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपना काम करूंगा. मुझे आशा है कि मैं पूरे देश और विशेषकर उस व्यक्ति राहुल भाई को गौरवान्वित करूंगा, जिन्हें मैंने अपना आदर्श माना है. द्रविड़ को पूरा विश्वास है कि एक क्रिकेटर के रूप में गंभीर का कभी हार नहीं मानने का जज्बा कोच के रूप में भी दिखाई देगा. उन्होंने कहा, आपके साथी खिलाड़ी के तौर पर मैंने आपको मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देते हुए देखा है. मैंने आपकी दृढ़ता और कभी हार न मानने का जज्बा देखा है. आईपीएल के कई सत्र में मैंने आपकी जीत की इच्छाशक्ति और मैदान पर टीम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने की आपकी इच्छा देखी है.

## ब्रीफ खबरें

### तीन दिनों से लापता युवक का शव मिला

**पटना ।** राजधानी पटना में कई दिनों से लापता युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है. शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया. बताया जा रहा है कि युवक पिछले तीन दिनों से घर से लापता था. वहीं शनिवार को झाड़ियों के पास से उसका शव मिला है. दरअसल, पूरा मामला बायपास थाना क्षेत्र के मंडई इलाके का है. जहां जसवीर नामक युवक बुधवार की रात 8 बजे से लापता बताया जा रहा था. परिजनों ने इस मामले में बायपास थाना में मामला दर्ज किया था.

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, छानबीन शुरू

**भागलपुर ।** जिले के जोगसर थाना क्षेत्र के भगत सिंह साईं मंदिर के समीप शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है. शव मिलने के बाद स्थानीय दुकानदारों के द्वारा जोगसर थाना को इसकी सूचना दी गई. सूचना मिलने के बाद मौके पर जोगसर थाना के थाना अध्यक्ष कृष्णानंद कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया. उधर, शव की पहचान के लिए जिले के कई थाना क्षेत्र में मृतक का फोटो भेज कर पहचान किया जा रहा है. स्थानीय लोग एवं दुकानदारों का कहना है कि इससे पहले इनको हम लोगों ने नहीं देखा है.

### 30 बोतल देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**किशनगंज ।** लगातार शराबबंदी को शक्ति से लागू करने को लेकर जिलेभर में पुलिस द्वारा वाहन जांच और समय-समय पर छापेमारी भी की जा रही है,जिससे कि शराबबंदी को पूर्ण रूप से सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है. इसी दौरान जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत सुखानी थाना क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नेपाली देसी 30 बोतल शराब के साथ शिवा कुमार को गिरफ्तार किया है. इस संबंध में जानकारी देते हुए सुखानी थानाध्यक्ष धर्मपाल कुमार ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है.

# उमस भरी गर्मी के बीच 11 जिलों में किया गया बारिश का येलो अलर्ट जारी

## सारण, सीवान, गोपालगंज, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सुपौल, सहरसा और मधेपुरा में बारिश होगी

**संवाददाता । पटना**




बिहार में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं. सुबह से ही निकली तेज धूप लोगों को झुलसा रही है. इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के 11 जिलों में बारिश की संभावना जताई है. इनमें सीवान, सारण, गोपालगंज, भोजपुर, बक्सर, औरंगाबाद, अरवल, रोहतास, कैमूर, पश्चिमी चंपारण और पूर्वी चंपारण के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के अनुसार 30 जुलाई को सारण, सीवान, गोपालगंज, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सुपौल, सहरसा और मधेपुरा में बारिश हो सकती है. 31 जुलाई को सीवान, सारण, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, भोजपुर, रोहतास, बक्सर, भभुआ, अरवल और औरंगाबाद में झमाझम बारिश की संभावना है. एक अगस्त को भभुआ, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, गया, जहानाबाद, पटना भोजपुर, बक्सर, नालंदा, नवादा, बेगूसराय, भागलपुर, शेखपुरा, लखीसराय, बांका, जमुई, खगड़िया और मुंगेर में झमाझम बारिश की संभावना मौसम विभाग ने व्यक्त की है. मौसम विभाग ने मानसून की बारिश बिहार में एक बार फिर रफ्तार पकड़ने की बात कही है.

## फारबिसगंज के भदेश्वर नहर में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**फारबिसगंज ।** फारबिसगंज के भदेश्वर स्थित आरडी नहर में पांच दोस्तों के साथ नहाने गये 26 वर्षीय एक युवक की मौत शनिवार को हो गयी. मृतक युवक मंडल चौक वार्ड संख्या 27 बथनाहा निवासी अशोक मंडल का पुत्र राजा कुमार है. बताया जाता है कि युवक अपने चार पांच दोस्तों के साथ शनिवार को भदेश्वर बड़ी नहर में स्नान करने के लिए गया था. स्नान करने के दौरान अपने एक मित्र को डूबते देखकर सभी उसे बचाने चल गए. इसी क्रम में राजा पानी के तेज धार में डूब गया. युवक राजा कुमार को डूबते देखकर उनके दोस्तों ने हो-हल्ला किया. आवाज सुनकर कई लोग वहां पहुंचे. ग्रामीण तैराकों ने नहर में छलांग लगाया एवं नहर में उसको तलाशने लगे. ग्रामीण तैराकों ने घंटों कठिन परिश्रम के बाद डूबे हुए स्थान से काफी दूरी पर गहरे पानी से उसे बाहर निकाला. उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया. अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात अस्पताल उपाधीक्षक डॉ केएन सिंह, डॉ मनोज कुमार सहित अन्य चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया.

### जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र का शव तेतर डैम में पत्थर से बंधा मिला

**गया ।** गया जिले के तेतर डैम में शनिवार की सुबह शव तैरने की सूचना मिली. उसके बाद शव को बाहर निकाला गया तो शव में बड़ा पत्थर का टुकड़ा बांधा हुआ था. शव मिलने की सूचना के बाद अतरी थाना पुलिस बल मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त में जुट गई. शव की पहचान जवाहर नवोदय विद्यालय जेठियन के 11 वीं कक्षा के छात्र प्रिंस कुमार पिता दिनेश मिस्त्री के रूप में की गई है, जो गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के वभण्डी गांव का रहने वाला था.

तेतर डैम में मिले शव से तेतर डैम पर तैनात सुरक्षाकर्मियों पर भी कई सवाल खड़ा करता है कि आखिर डैम की सुरक्षा में दर्जनों सुरक्षाकर्मियों की तैनाती है इसके बावजूद डैम तक शव कैसे पहुंचा?

## पटना में तीन सगे भाइयों को मारी गोली, मचा हड़कंप

# एक की मौत, आक्रोशितों ने आरोपी के घर को जला डाला


आरोपी

**संवाददाता । पटना**

राजधानी पटना में एक बार फिर पटना में खूनी खेल खेला गया है, जहां तीन भाइयों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई. इसमें एक भाई की मौत हो गई, जबकि दो भाई अभी भी गंभीर स्थिति में इलाजरत है. मामला रामकृष्ण नगर थाने का है, जहां पिपराही गांव में शुक्रवार देर रात करीब 10 बजे वारदात को अंजाम दिया गया.

जानकारी के मुताबिक चार से पांच बाइक से तकरीबन 10 की संख्या में आए अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें राजेश, शिवम और गजेंद्र नाम के तीन व्यक्ति को गोली लगी और तीनों बुरी तरह घायल हो गए. तीनों को आनन फानन में निजी अस्पताल भेजा गया, जहां राजेश की मौत हो गई और शिवम और गजेंद्र गंभीर रूप से घायल हैं. पीड़ित के परिजनों के मुताबिक पास के शेखपुरा गांव के रहने वाले सोनू और मिट्टू सहित उसके गैंग के लोगों ने गोलीबारी की है. घटना से गुस्साए लोगों ने आरोपी सोनू के घर को भी जला डाला. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर रामकृष्ण नगर थाना की पुलिस सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंचे और किसी तरह आरोपी के घर में लगी आग को बुझाया और मामले को शांत कराया. पूर्वी डीएसपी भारत सोनी ने कहा कि इसमें इस घटना में शेखपुरा और पिपराही दोनों गांव के लोग संलिप्त हैं.

जानकारी मिली कि दोनों गांव से तकरीबन 10 की संख्या में अपराधी आए और घटना को अंजाम दिया हैं. उन्होंने बताया कि अपराधियों की पहचान हुई है. जल्द ही हम लोग सभी अपराधी को गिरफ्तार कर लेंगे. घटना की वजह क्या है वह अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है. इस घटना में शेखपुरा गांव के सोनू मुख्य आरोपी है. परिजनों के मुताबिक इस घटना को अंजाम देकर सभी बाइक से फरार हो गए.


**मृतक राजेश जमीन कारोबार का काम करता था :** बताया जाता है कि राजेश घर के पास ही कंस्ट्रक्शन का समान सरिया, सीमेंट बालू का व्यवसाय कर रहा था, जबकि दोनों भाई गजेंद्र और शिवम इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते थे. मृतक राजेश जमीन का भी कारोबार करता था. बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम घर के पास ही दिया गया है. पहले यह लोग दुकान में लूटपाट करने के लिए पहुंचे, जिसका विरोध किया गया तो फायरिंग शुरू कर दी. इस घटना में गजेंद्र का चाचा अनिल कुमार यादव की पिछले वर्ष गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. वह भी जमीन को कारोबारी थे.

### सारण में वार्ड सदस्य के बेटे की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**सारण ।** सारण में अपराधी बेखौफ हो चुके हैं. एक दिन पूर्व मसरख थाना क्षेत्र में ट्रक ड्राइवर को गोली मारी गई थी. शनिवार को बनियापुर थाना क्षेत्र के रजौली गांव की महिला वार्ड सदस्य के बेटे को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया है. परिजनों का आरोप है कि गांव के धूमल की साठ गांठ अपराधियों से है और पिछले कुछ दिनों से किसी बात को लेकर धूमल और सोनू के बीच विवाद चल रहा था. इसके बाद इस घटना को अंजाम दिया गया है फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. मृतक की पहचान बनियापुर थाना क्षेत्र के रजौली गांव निवासी अरविंद सिंह के 25 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार सिंह के रूप में हुई है. सोनू की मांबनियापुर प्रखंड अंतर्गत कामता पंचायत के वार्ड नंबर – 14 की वार्ड सदस्य हैं. परिजनों का कहना है कि रजौली गांव के अरविंद सिंह अपने दो पुत्र चंदन और सोनू के साथ अपने खेत में काम करने जा रहे थे. तभी गांव का ही धूमल नाम का युवक आया और सोनू से हाल चाल पूछते हुए कट्टा निकाल कर गोली मार दिया.

# ज्वेलरी दुकान से आठ लाख की चोरी

**संवाददाता । नालंदा**



नालंदा में आभूषण कारोबारियों के प्रतिष्ठान एक बार फिर से अपराधियों के निशाने पर हैं. शुक्रवार की रात चंडी थाना क्षेत्र के सतनाग मोड़ स्थित सविता ज्वेलर्स और बर्तन घर में गैस कटर से शटर को काटकर करीब आठ लाख रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली गई. चण्डी बाजार निवासी पीड़िता सविता कुमारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम दुकान बंदकर वह घर चली आईं. शनिवार की सुबह दुकान के पड़ोसी ने फोन कर दुकान में चोरी होने की सूचना दी. आनन-फानन में दुकान पहुंची तो देखा कि दुकान का शटर गैस कटर से कटा हुआ है और वहां रखी सोने-चांदी से भरी तिजोरी गायब है. तिजोरी में करीब सात किलो के लगभग चांदी और तीन सौ ग्राम सोना रखा हुआ था. इसके अलावा करीब डेढ़ लाख रुपये की कीमत के कांसा-पीतल के बर्तन भी चोरी कर लिए गए.

बदमाशों के इस रवैये से स्थानीय दुकानदारों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त हो गया है. बदमाश बेखौफ होकर गैस कटर से शटर को काटकर चोरी की घटना को अंजाम देते रहे और पुलिस चैन की नींद सोती रही. करीब 60 से 70 किलो बजनी तिजोरी को बड़े ही आराम से बदमाश लेकर फरार हो गए.

## नीतीश के आवास पर हुई बैठक

# झारखंड विस चुनाव की तैयारियों में लगा जदयू

**संवाददाता । पटना**

आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल तैयारी में लग गए हैं. ऐसे में बिहार में भाजपा की सहयोगी जदयू ने भी तैयारी शुरू कर दी है. इसी कड़ी में शनिवार को सीएम नीतीश कुमार ने आवास पर झारखंड जदयू के बड़े नेताओं के साथ बैठक की.

इस दौरान सीएम नीतीश कुमार ने पार्टी नेता से झारखंड चुनाव की तैयारी को लेकर भी जानकारी हासिल किया. इसके साथ झारखंड आने का भी भरोसा दिया. इस बैठक में इस बात पर मुहर लगी है कि जदयू झारखंड में भी गठबंधन के तौर पर चुनाव लड़ेगा.

मुख्यमंत्री के आवास पर झारखंड जदयू नेताओं की एक बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में खुद सीएम नीतीश कुमार मौजूद रहे. इसके साथ मंत्री श्रवण कुमार ने भी हिस्सा लिया. बैठक खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री आवास से वापस लौट रहे मंत्री ने कहा कि हम लोग झारखंड में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेंगे.

### सरकारी सप्लाई की दवा खाकर 40 बच्चे बीमार

**बेतिया ।** बेतिया में आयरन की गोली खाने से 40 छात्र-छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिनमें से आठ की स्थिति गंभीर बनी हुई है. सभी आठ विद्यार्थियों को गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर किया गया है. मामला बगहा पुलिस जिला स्थित रामनगर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय मुरेड़ा का है. जहां आयरन की गोलियां खाने से 40 छात्र-छात्राएं बीमार हो गए. घटना से गांव में हड़कंप मच गया. छात्र-छात्राओं की हालत बिगड़ने की सूचना मिलते ही रामनगर थानाध्यक्ष ललन कुमार और बच्चों के अभिभावक स्कूल पहुंचे. जहां से बच्चों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया.

## कारोबार

### अधिक वेतन पानेवाले सीईओ बने सी. विजय

**नयी दिल्ली ।** एचसीएल टेक के सीईओ सी विजय कुमार सबसे अधिक वेतन पाने वाले भारतीय सीईओ बन गए हैं. 22 जुलाई को जारी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 के लिए विजय कुमार का पारिश्रमिक लगभग 84.16 करोड़ रुपये रहा, इसमें सालाना आधार पर 190.75 प्रतिशत की वृद्धि है. कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार विजय कुमार को लगभग 1.96 मिलियन डॉलर (16.39 करोड़ रुपये) का बेसिक वेतन, 1.14 मिलियन डॉलर (9.53 करोड़ रुपये) का प्रदर्शन-लाइन बोनस मिला.

### पेप्सिको इंडिया की आय 217 करोड़ हुई

**नयी दिल्ली ।** पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स की एकीकृत परिचालन आय अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान 5,954.16 करोड़ रुपये और मुनाफा 217.26 करोड़ रुपये था. कारोबारी खुफिया मंच टोफ्लर ने यह जानकारी दी. टोफ्लर ने बताया कि इस दौरान कंपनी की कुल आय 6,094.70 करोड़ रुपये थी. कंपनी ने अपना वित्त वर्ष अप्रैल-मार्च से जनवरी-दिसंबर में बदल दिया है. इसलिए टोफ्लर के वित्तीय आंकड़ों में 2023 की तीन तिमाहियों का ब्यौरा है. पेप्सिको इंडिया जनवरी 2024 से कैलेंडर वर्ष के रूप में वित्त वर्ष का पालन कर रही है. उक्त नौ महीनों में घरेलू बाजार में बिक्री से कंपनी की आय 5,533.63 करोड़ रुपये थी.

### मनोज मित्तल ने सिडबी के सीएमडी का पद्भार संभाला

**नयी दिल्ली ।** मनोज मित्तल ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाल लिया है. उनकी नियुक्ति को केंद्र ने मंजूरी प्रदान की थी. इससे पहले वह भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (आईएफसीआई) के प्रबंध निदेशक थे. एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मित्तल को वित्तीय सेवा क्षेत्र में 33 साल से अधिक का अनुभव है. वे आईएफसीआई के एमडी और सीईओ तथा सिडबी में उप प्रबंध निदेशक के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं.

## जून तिमाही में एफआईआई ने अडाणी पोर्ट्स में अपनी हिस्सेदारी में 21 बीपीएस बढ़ायी

# इस साल अडाणी पोर्ट्स का प्रदर्शन रहा सबसे अच्छा

**भाषा । नयी दिल्ली**



**मिला फायदा**
- एफआईआई ने अपनी हिस्सेदारी 268 बेसिस पॉइंट कम की
- अडाणी पोर्ट्स के शेयर में कैलेंडर वर्ष में 45% तेजी आई

भारतीय कारोबारी गौतम अडाणी के शेयरों में उतार-चढ़ाव जारी रहता है. कभी नुकासन तो कभी फायदा होता है. लेकिन इसके बाद भी निवेशकों की नजर अडाणी के शेयरों पर रहती है. इसके लिए निवेशक अडाणी के शेयरों में चुनकर निवेश करते हैं. इसके लिए कभी हिस्सेदारी बढ़ाते हैं तो कभी हिस्सेदारी घटाते हैं. पिछले महीने कुछ ऐसा ही रहा.

जून तिमाही में जब अडाणी ग्रुप के शेयरों में तेजी आई तो विदेशी निवेशकों ने तेजी का फायदा उठाते हुए जमकर मुनाफावसूली की. ताजा आंकड़ों के मुताबिक विदेशी निवेशकों ने जून तिमाही में अडाणी ग्रुप की दस कंपनियों में से नौ में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी. इस दौरान देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी ने अंडरपरफॉर्म करने वाले अडाणी ग्रुप के दो शेयरों अडाणी एनर्जी और अडाणी एंटरप्राइजेज में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी.

इस साल अडाणी ग्रुप के शेयरों में अडाणी पोर्ट्स का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है. इस शेयर में इस कैलेंडर वर्ष में 45% तेजी आई है. इसके अलावा अडाणी पावर, अंबूजा सीमेंट्स और एसीसी ने भी अच्छा परफॉर्म किया है. जबकि एनडीटीवी, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विलमर ने निगेटिव रिटर्न दिया है. अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों के शेयरहोल्डिंग पैटर्न पर नजर डालें तो जून तिमाही में एफआईआई ने अडाणी एंटरप्राइजेज में अपनी हिस्सेदारी 268 बेसिस पॉइंट कम की है. इसी तरह उन्होंने अडाणी एनर्जी में 196 बीपीएस, अंबूजा सीमेंट्स में 150 बेसिस पॉइंट, अडाणी पावर में 118 बीपीएस और अडाणी ग्रीन एनर्जी में 124 बीपीएस हिस्सेदारी बेची है. विदेशी निवेशकों ने जून तिमाही में केवल अडाणी पोर्ट्स में अपनी हिस्सेदारी में 21 बीपीएस का इजाफा किया है. इस कंपनी पर निवेशकों की कड़ी नजर रहती है. उनकी नजरों में इसमें शेयर खरीदना फायदे का सौदा होता है.

दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी संस्थागत निवेशक एलआईसी ने एसीसी, अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी पोर्ट्स और अडाणी टोटल गैस में अपनी हिस्सेदारी बनाए रखी है. सरकारी बीमा कंपनी ने अंबूजा सीमेंट्स में अपनी हिस्सेदारी 62 बीपीएस घटाकर 5.07% कर दी है. अडाणी एनर्जी में एलआईसी की हिस्सेदारी 68 बीपीएस की बढ़ोतरी के साथ 3.68% हो गई है जबकि अडाणी एंटरप्राइजेज में यह 14 बीपीएस की बढ़ोतरी के साथ 4.07% पहुंच गई है. अडाणी एनर्जी का शेयर इस साल सपाट रहा है जबकि अडाणी एंटरप्राइजेज में चार फीसदी की मामूली बढ़ोतरी हुई है.

## तीन फाइनेंस कंपनियों पर आरबीआई ने लिया एक्शन

# ओला, मणप्पुरम व वीजा पर करोड़ों रुपये का लगाया जुर्माना

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

रिजर्व बैंक ने फाइनेंस सेक्टर से जुड़ी तीन कंपनियों पर कार्रवाई की है. आरबीआई ने जिन कंपनियों पर कार्रवाई की है, उनमें ओला फाइनेंशियल सर्विसेज, मणप्पुरम फाइनेंस और वीजा. सेंट्रल बैंक के द्वारा इस कार्रवाई में जुर्माना भी लगाया गया है. आरबीआई ने शुक्रवार को अलग-अलग आदेश में इन कार्रवाइयों की जानकारी दी. आरबीआई के एक आदेश के अनुसार, ओला फाइनेंशियल सर्विसेज के ऊपर 87.50 लाख रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगा है. कंपनी के ऊपर एक मामले में 33.40 लाख रुपये का जुर्माना लगा है. यह जुर्माना केवाईसी के प्रावधानों का पालन नहीं करने के लिए है. उसके अलावा पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम से जुड़े प्रावधान के अनुपालन में कमी के चलते 54.15 लाख रुपये का दूसरा जुर्माना भी लगा है.

**मणप्पुरम फाइनेंस पर 41.50 लाख का जुर्माना :** इसी तरह रिजर्व बैंक ने मणप्पुरम फाइनेंस के ऊपर 41.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. मणप्पुरम फाइनेंस के ऊपर की गई कार्रवाई केवाईसी के नियमों के अनुपालन में कमी के चलते है.

**वीजा के ऊपर लगभग 2.5 करोड़ जुर्माना :** सबसे तगड़ा जुर्माना वीजा के ऊपर लगा है. पेमेंट प्रोसेसिंग वाली मल्टीनेशनल कंपनी वीजा प्राइवेट लिमिटेड के ऊपर रिजर्व बैंक ने 2.4 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है. वीजा के ऊपर आरोप था कि उसने रिजर्व बैंक से नियामकीय मंजूरी के बिना पेमेंट ऑथेंटिकेशन सॉल्यूशन को इम्पलीमेंट किया.

**वीजा ने कहा नियमों का करती है सम्मान :** वीजा ने रिजर्व बैंक के एक्शन के बाद एक बयान में कहा कि वह अनुपालन के दिशानिर्देशों, नियमों और अपने परिचालन के सभी देशों के स्थानीय नियमों का सम्मान करती है व उनका अच्छे से पालन करती है. कंपनी ने स्वीकार करते हुए कहा कि वह भारत में रिजर्व बैंक के द्वारा तय नियमों व नियमों का पालन करेगी.

### नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता तैयार होगी : जोशी

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश में करीब 151 गीगावाट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं. उन्होंने कहा कि अगले तीन-चार साल में करीब 76.42 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता चालू हो जाएगी. जोशी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में मेरकॉम इंडिया रिन्यूएबल्स समिट 2024 के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, सरकार नवीकरणीय ऊर्जा को प्राथमिकता देने के लिए कई पहल कर रही है. करीब 151 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं लागू की जा रही हैं और 76.42 गीगावाट तीन-चार साल में चालू हो जाएंगी.

### विदेशी मुद्रा भंडार ऑलटाइम हाई पर पहुंचा

**नयी दिल्ली ।** लगातार तीसरे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार नए ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा है. बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने फॉरेक्स रिजर्व का डेटा जारी किया है जिसके मुताबिक पहली बार विदेशी मुद्रा भंडार 670.85 बिलियन डॉलर के ऑलटाइम हाई पर जा पहुंचा है. इससे पहले हफ्ते में ये 666.85 बिलियन डॉलर रहा था. तीन हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में 19 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी आई है जबकि ये लगातार नौवां हफ्ता है जब रिजर्व 650 बिलियन डॉलर के ऊपर बना हुआ है. भारतीय रिजर्व बैंक ने 19 जुलाई, 2024 को समाप्त हुए सप्ताह के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का आंकड़ा जारी किया है.

## मंत्री ने रास में दी जानकारी | भारत में 1.40 लाख से अधिक स्टार्टअप्स योजना चल रही है

# सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में, गुजरात से आगे उत्तर प्रदेश

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



भारत में स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1.4 लाख से अधिक हो गई है. केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा में यह जानकारी दी. मंत्री की ओर से शुक्रवार को सदन में दिए गए लिखित जवाब के अनुसार, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की संख्या से पता चला है कि महाराष्ट्र 25,044 पंजीकृत स्टार्टअप के साथ सूची में सबसे ऊपर है. कर्नाटक 15,019 पंजीकृत स्टार्टअप के साथ दूसरे स्थान पर है, इसके बाद दिल्ली 14,734 स्टार्टअप के साथ है. उत्तर प्रदेश ने 13,299 स्टार्टअप के साथ चौथा स्थान हासिल किया है, जबकि गुजरात 11,436 स्टार्टअप के साथ पांचवें स्थान पर है. मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार ने देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने और समर्थन देने के लिए विभिन्न प्रयास किए हैं. उन्होंने कहा कि सरकार ने नवाचार, स्टार्टअप को बढ़ावा देने और देश के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के उद्देश्य से 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की.

मंत्री ने यह भी कहा कि स्टार्टअप इंडिया एक्शन प्लान में 19 कार्य वस्तुएं शामिल हैं, जो सरलीकरण और हैंडहोल्डिंग, फंडिंग सपोर्ट और इंसेंटिव्स और इंडस्ट्री-एकेडमिया पार्टनरशिप एंड इनक्यूबेशन जैसे क्षेत्रों में फैली हुई हैं. कार्य योजना ने देश में एक जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए परिकल्पित सरकारी सहायता, योजनाओं और प्रोत्साहनों की नींव रखी.

**एक अन्य योजना में स्टार्टअप इंडिया :** आगे का रास्ता में स्टार्टअप्स के लिए व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने, विभिन्न सुधारों को निष्पादित करने में प्रौद्योगिकी की बड़ी भूमिका, हितधारकों की क्षमता निर्माण और डिजिटल आत्मनिर्भर भारत को सक्षम करने के लिए कार्रवाई योग्य योजनाएं शामिल हैं. सरकार ने स्टार्टअप्स की फंडिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स की भी स्थापना की है. डीपीआईआईटी निगरानी एजेंसी है और सिडबी एफएफएस के लिए परिचालन एजेंसी है. योजना की प्रगति और धन की उपलब्धता के आधार पर 14 वें और 15 वें वित्त आयोग के चक्रों में कुल 10,000 करोड़ रुपये प्रदान करने की परिकल्पना की गई है. सरकार ने न केवल शुरुआती चरण, बीज चरण और विकास के चरण में स्टार्टअप के लिए पूंजी उपलब्ध कराई है.


उद्घाटन

**नई दिल्ली ।** शनिवार को नई दिल्ली में एक आभूषण शोरूम के उद्घाटन के दौरान अभिनेत्री अदिति राव हैदरी.

▼ ब्रीफ खबरें

## पीएम नेतन्याहू मिले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की खबर है. नेतन्याहू ने शुक्रवार को फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में डोनाल्ड ट्रंप के निजी आवास पर उनसे मुलाकात की. दोनों नेताओं ने लगभग चार साल में पहली बार मुलाकात की. नेतन्याहू ने इस मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि वह चाहते हैं कि अमेरिका की मध्यस्थता में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई का समझौता सफल रहे.

## विमान हादसा में कई लोगों की मौत

**जिलेट।** अमेरिका के व्योमिंग प्रांत में एक विमान दुर्घनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार कई लोगों की मौत होने के साथ ही जंगल में भीषण आग लग गई. कैंपबेल काउंटी के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा तब हुआ जब विमान व्योमिंग की सीमा के पास स्थित जिलेट शहर में उड़ान भर रहा था. हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है. कैंपबेल काउंटी के अंडरशेरिफ क्वेंटिन रेनॉल्ड्स ने जिलेट न्यूज रिकॉर्ड को बताया कि हादसे से पहले विमान के पायलट ने आपात संदेश भेजकर बताया था.

## चार मंजिली इमारत ढहने से एक की मौत

**मुंबई ।** महाराष्ट्र में नवी मुंबई के बेलापुर इलाके में शनिवार तड़के चार मंजिला एक आवासीय इमारत के ढह जाने की घटना में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि मलबे में दबे अन्य दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब चार बजकर 10 मिनट पर शाहबाज गांव में हुआ. उन्होंने बताया कि इमारत में रह रहे कुछ लोगों ने उसमें दरारें पड़ने की शिकायत की थी, जिसके बाद अग्निशमन विभाग के एक दल को वहां भेजा गया था.

## जंगली हाथी के हमले में दो भाइयों की मौत

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में जंगली हाथी के हमले में दो सगे भाइयों की मौत हो गई. अधिकारियों ने बताया कि जशपुर के तपकरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत केरसई गांव में शुक्रवार देर रात जंगली हाथी के हमले में दो सगे भाइयों कोकडे राम और पड़वा राम की मौत हो गई. अधिकारियों के मुताबिक, जंगली हाथियों ने देर रात लगभग तीन बजे केरसई गांव में हमला बोला और वहां मकानों को तोड़ना शुरू कर दिया. उन्होंने बताया कि जब दोनों भाई जान बचाने के लिए वहां से भागने लगे, तब एक को हाथी ने अपनी सूंड से पकड़ लिया और कुचलकर जान ले ली.

## कार गिरी खाई में आठ लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से पांच बच्चों समेत एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गयी. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में एक पुलिसकर्मी, दो महिलाएं और छह से 16 वर्ष की आयु के पांच बच्चे शामिल हैं. अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित किश्तवाड़ से सिंथन टॉप होते हुए मारवाह की ओर जा रहे थे तभी उनका वाहन के डक्सुम में सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से यह हादसा हो गया. उन्होंने बताया कि परिवार के आठ सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई

## भूस्खलन होने से 15 मकान मलबे में दबे

**देहरादून ।** उत्तराखंड के कई इलाकों में भारी बारिश के चलते जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है. भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गईं. शनिवार को टिहरी के तिनगढ़ गांव में एक बार फिर भूस्खलन हुआ. इसमें 15 आवासीय मकान मलबे में दब गए. हालांकि प्रशासन ने सुबह ही इन घरों को खाली करा लिया था, जिसके कारण कोई हताहत नहीं हुआ. ग्रामीणों को विनकखाल इंटर कॉलेज में शिफ्ट किया गया है. डीएम ने बताया कि आपदा को देखते हुए कक्षा एक से 12वीं तक के सभी स्कूल सोमवार, मंगलवार और बुधवार तक बंद रहेंगे.

# पीएम मोदी ने भाजपा के मुख्यमंत्रियों व उपमुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की

एजेंसी । नयी दिल्ली




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया. भाजपा द्वारा नियमित अंतराल पर आयोजित की जाने वाली मुख्यमंत्री परिषद का उद्देश्य राज्यों में प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करना, सर्वोत्तम शासन प्रथाओं का पालन करना और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी पहल का क्रियान्वयन करना है. मोदी के अलावा, यहां दो दिवसीय बैठक के पहले दिन केंद्रीय मंत्री अमित शाह और जेपी. नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी समेत अन्य नेता शामिल हुए. मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, हरियाणा, मणिपुर और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी विचार-विमर्श में शामिल थे. यह बैठक केंद्रीय बजट प्रस्तुत किये जाने के बाद हो रही है, जिसमें विपक्ष ने सरकार पर बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है. लोकसभा चुनाव के बाद यह पहली बैठक है. लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पार्टी ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया. हालांकि, पार्टी नेताओं ने कहा कि बैठक में चर्चा के केंद्र में शासन संबंधी मुद्दे थे. ऐसी पिछली बैठक फरवरी में हुई थी.

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बैट का हमला नाकाम

# सेना का जवान शहीद, एक पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर

एजेंसी। श्रीनगर



भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के कमकारी सेक्टर में शनिवार को पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) के हमले को नाकाम कर दिया. हालांकि, इस दौरान छिड़ी मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया और एक कैप्टन सहित चार अन्य सैन्यकर्मी घायल हो गये. सेना के सूत्रों ने यह जानकारी दी. सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया भी मारा गया. बैट में आम तौर पर पाकिस्तानी सेना के विशेष बल के जवान और आतंकवादी शामिल होते हैं. सूत्रों के अनुसार, भारतीय सेना के सतर्क जवानों ने आज सुबह कमकारी सेक्टर में बॉर्डर एक्शन टीम के हमले को नाकाम कर दिया. उसने कहा, 'मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया. सूत्रों ने बताया कि घंटों चली भीषण गोलीबारी के बीच दो घुसपैठिये पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भाग गये.

### मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में स्कूल पर इस्राइली हमला

# 30 लोग मारे गये, 100 से ज्यादा लोग घायल भी हुए

एजेंसी। गाजा



फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा किया कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में एक स्कूल पर इस्राइल के हमले में कम से कम 30 लोग मारे गए. वहीं, इस्राइली सेना ने दावा किया कि उसने हमास के कमांड सेंटर को निशाना बनाया है. गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय और हमास द्वारा संचालित मीडिया कार्यालय ने दीर अल-बलाह में स्कूल पर हमले में मारे गए लोगों की संख्या 30 बताई. यह गाजा के विस्थापित परिवारों की सबसे बड़ी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है.

मीडिया कार्यालय के मुताबिक, इस हमले में सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं. इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने एक बयान में दावा किया कि उसने मध्य गाजा के खदीजा स्कूल परिसर के अंदर हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया है. बयान में कहा गया है कि स्कूल का इस्तेमाल उनके सैनिकों पर हमले करने और हथियारों को जमा करने के लिए किया जा रहा था. आईडीएफ ने कहा कि उसने हमले से पहले वहां के नागरिकों को चेतावनी दी थी.

### घायलों को अल-अक्सा अस्पताल में भर्ती कराया गया

घायलों को एंबुलेंस के जरिए दीर अल-बलाह के अल-अक्सा अस्पताल में ले जाया गया. कुछ घायल पैदल भी पहुंचे, जिनके कपड़े खून से सने थे. इससे पहले इस्राइली सेना ने हमास पर आरोप लगाया था कि वह नागरिकों की आड़ में हमले कर रहा है और घनी आबादी वाले इलाकों, स्कूलों और अस्पतालों से हमलों को अंजाम दे रहा है. हालांकि हमास ने हमेशा इससे इनकार किया है. शनिवार को फलस्तीनी आधिकारिक मीडिया ने जानकारी दी कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में सुबह से इस्राइल के हमलों में 14 फलस्तीनी मारे गए और उनके शवों को नासिर मेडिकल कॉम्पलैक्स लाया गया. आईडीएफ ने हाल ही में फलस्तीनियों को खान यूनिस के दक्षिणी इलाकों को अस्थायी रूप से खाली करने को कहा था. ताकि वहां सैन्य अभियान चलाया जा सके. उन्हें अल-मवासी में एक क्षेत्र में स्थानांतरित होने के लिए कहा.

### युद्ध में 39 हजार से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद से 39 हजार से ज्यादा फलस्तीन लोग मारे जा चुके हैं. इस्राइली अधिकारियों का अनुमान है कि हमास और इस्लामिक जिहाद समूहों के करीब 14 हजार आतंकवादी मारे गए हैं. युद्ध तब शुरू हुआ था, जब पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने दक्षिण इस्राइल पर हमला किया. इस हमले में करीब 1200 इस्राइली मारे गए थे. जबकि 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था.

# नासा के साथ आईएसएस की यात्रा करेगा एक अंतरिक्ष यात्री

एजेंसी । नयी दिल्ली



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा को बताया कि गगनयान मिशन के लिए प्रशिक्षण ले रहे चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साथ सहयोगात्मक प्रयास के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाएगा. सिंह ने एक प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि नासा ने निजी संस्था एक्सिओम स्पेस की पहचान की है और इसरो ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए संयुक्त मिशन के लिए अमेरिकी कंपनी के साथ अंतरिक्ष उड़ान समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने घोषणा की थी कि भारत और अमेरिका 2024 में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को आईएसएस पर भेजने के लिए सहयोग कर रहे हैं. भारत के अंतरिक्ष यात्री चयन बोर्ड ने गगनयान मिशन के लिए भारतीय वायुसेना के परीक्षण पायलटों के समूह से चार अंतरिक्ष यात्रियों का चयन किया था. गगनयान मिशन अगले साल होने वाली भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान है. सिंह ने कहा, सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों ने रूस में अंतरिक्ष उड़ान के बुनियादी मॉड्यूल पर प्रशिक्षण लिया है. वर्तमान में, अंतरिक्ष यात्री गगनयान मिशन के लिए बेंगलुरु में इसरो के अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण प्रतिष्ठान (एटीएफ) में प्रशिक्षण ले रहे हैं. मंत्री ने कहा कि गगनयात्री प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन सेमेस्टर में से दो पूरे हो चुके हैं जबकि स्वतंत्र प्रशिक्षण सिमुलेटर और 'स्टैटिक मॉकअप सिमुलेटर' का निर्माण किया जा चुका है.

## अमित शाह ने स्थापना दिवस पर बधाई दी

**नयी दिल्ली ।** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्थापना दिवस पर बल के जवानों और उनके परिवार के सदस्यों को बधाई दी. शाह ने कहा कि सीआरपीएफ के बहादुर जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पूरी ताकत लगा दी और हर बार विजयी बनकर उभरे. सीआरपीएफ देश का प्रमुख केंद्रीय पुलिस बल है, जिस पर आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी है. इसकी स्थापना 27 जुलाई 1939 को मूल रूप से 'क्राउन रिप्रेजेंटेटिव्ज पुलिस' के रूप में की गई थी. शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सीआरपीएफ कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को बल के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं. सीआरपीएफ ने अपनी स्थापना के बाद से ही राष्ट्रीय सुरक्षा को मिशन के रूप में लिया है. उन्होंने कहा, बल के बहादुर जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी और हर बार विजयी बनकर उभरे.

## बेंगलुरु पीजी हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने 23 जुलाई को यहां एक पेइंग गेस्ट आवास में एक युवती की हत्या के मुख्य संदिग्ध को भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है. वह कृति कुमारी की कथित तौर पर हत्या करने के बाद भोपाल भाग गया था. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि हां, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. इस खौफनाक घटना का एक वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर सामने आया था. पुलिस के अनुसार, अभिषेक पेइंग गेस्ट आवास में घुसा और बिहार की कृति कुमारी की हत्या कर दी. कृति कुमारी एक अन्य युवती के साथ रह रही थी. वीडियो में, व्यक्ति एक पॉलीथीन बैग पकड़े हुए पेइंग गेस्ट आवास के गलियारे में जाता हुआ दिखायी देता है. फिर वह दरवाजा खटखटाता है और बाद में एक युवती को बाहर खींचता है. युवती हमले का विरोध करती है लेकिन हमलावर शीघ्र ही उस पर काबू कर लेता है.

### छत्तीसगढ़ के कबीरधाम का मामला

# 13 लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी। कबीरधाम



तीन राज्यों में वांछित 13 लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में आत्मसमर्पण कर दिया. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि हिड़मे कोवासी उर्फ रानीता (22) पर छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में पांच-पांच लाख रुपये तथा मध्य प्रदेश में तीन लाख रुपये का इनाम रखा गया था. उन्होंने कहा कि महिला नक्सली मध्य प्रदेश के बालाघाट में माओवादी हिंसा की 19 घटनाओं और छत्तीसगढ़ में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में हिंसा की तीन घटनाओं में शामिल रही है. अधिकारी ने बताया कि महिला नक्सली ने वरिष्ठ नक्सलियों द्वारा किए गए अत्याचारों और अमानवीय एवं खोखली माओवादी विचारधारा के कारण आत्मसमर्पण किया है. उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाली इस नक्सली को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत वित्तीय सहायता और अन्य सुविधाओं के रूप में 25,000 रुपये दिए जाएंगे.

## 1,700 से अधिक श्रद्धालु अमरनाथ के लिए रवाना

**जम्मू ।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 1,700 से अधिक श्रद्धालु शनिवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच जम्मू के एक आधार शिविर से रवाना हुए. अधिकारियों ने बताया कि अब तक 4.45 लाख से अधिक श्रद्धालु 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं. पिछले साल 4.5 लाख से अधिक भक्तों ने हिम शिवलिंग के दर्शन किए थे और आज श्रद्धालुओं की संख्या के इस आंकड़े के पार जाने की उम्मीद है. श्रद्धालुओं का 30वां जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच 63 वाहनों में तड़के तीन बजकर 25 मिनट पर जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ. अधिकारियों ने बताया कि 999 तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए 48 किमी लंबा पारंपरिक पहलगाम मार्ग चुना है, जबकि 772 तीर्थयात्री अपेक्षाकृत छोटे लेकिन कठिन बालटाल मार्ग से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आगे बढ़ेंगे.

### स्टालिन की मोदी सरकार को चेतावनी

# गलती पर गलती करेंगे तो आगे भी चुनावों में मिलेगी हार

एजेंसी। चेन्नई



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट को लेकर भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला किया है. स्टालिन ने इस बजट को भाजपा द्वारा देश से लिया गया 'बदला' बताया. इतना ही नहीं उन्होंने भाजपा पार्टी को कड़ी चेतावनी भी दी. उन्होंने कहा कि अगर ऐसे ही 'गलतियों पर गलतियां' करेंगे तो पार्टी को आगे भी चुनावों में हार का सामना करना पड़ेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नयी दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने के अपने फैसले के बारे में स्टालिन ने कहा कि वह बजट में तमिलनाडु के प्रति दर्शाये गये 'भेदभावपूर्ण रवैये' के कारण न्याय की मांग के साथ जन मंच पर बोलने के लिए 'मजबूर' हैं. स्टालिन ने कहा कि 37,000 करोड़ रुपये की आपदा राहत और चेन्नई मेट्रो रेल के दूसरे चरण के लिए निधि दिए जाने की राज्य की अपील पर ध्यान नहीं दिया गया.

तमिलनाडु के सीएम ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक मकसद से सरकार चला रही है. स्टालिन ने कहा कि 23 जुलाई को पेश किया गया बजट इसका सबूत है.

## पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री विश्वनाथ चौधरी का निधन

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री विश्वनाथ चौधरी का शनिवार सुबह कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में निधन हो गया. वह 82 वर्ष के थे और लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया, चौधरी को पिछले सप्ताह एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था और आज सुबह छह बजकर 42 मिनट पर उनका निधन हो गया. रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के नेता चौधरी दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट सीट से आठ बार विधायक रहे थे. वह 1987 से 2011 तक पश्चिम बंगाल सरकार में जेल एवं समाज कल्याण मंत्री रहे थे. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूर्व मंत्री चौधरी के निधन पर दुख जताया और उनके सम्मान में राज्य सरकार के सभी कार्यालयों में आधे दिन की छुट्टी का एलान किया.



उमड़ा जनसैलाब

शनिवार को कांवरिया (भगवान शिव भक्त) श्रावण के पवित्र महीने में अपनी तीर्थयात्रा के दौरान हरिद्वार में हर की पौरी घाट पर गंगा नदी से पवित्र जल लेने के लिए इकट्ठा हुए.

### आफत | राजस्थान में कई जगहों पर बहुत अधिक बारिश हो रही है : मौसम विभाग

# पिछले 24 घंटे में चित्तौड़गढ़ में सबसे अधिक आठ सेमी बारिश हुई

एजेंसी। जयपुर



मानसून की सक्रियता से राजस्थान में बारिश का दौर जारी है जहां बीते 24 घंटे में कई स्थानों पर बहुत अधिक वर्षा हुई है. मौसम विभाग के अनुसार शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में चित्तौड़गढ़ में सबसे अधिक आठ सेंटीमीटर (सेमी) बारिश हुई. उसके मुताबिक इस दौरान सहाड़ा (भीलवाड़ा), बामनवास (सवाई माधोपुर) और सैपऊ (धौलपुर) में छह -छह सेमी, शाहपुरा (भीलवाड़ा), आमेट (राजसमंद), महवा (दौसा), छबड़ा (बारां) एवं बसेड़ी (धौलपुर) में पांच-पांच सेमी तथा कई अन्य स्थानों पर पांच सेमी से कम वर्षा हुई. पश्चिमी राजस्थान में भी कई स्थानों पर दो सेमी तक बारिश दर्ज की गई.

मौसम केंद्र (जयपुर) के अनुसार पूर्वी राजस्थान के अनेक स्थानों पर आगामी एक सप्ताह मानसून सक्रिय रहने तथा अधिकतर स्थानों पर बारिश जारी रहने की संभावना है. इस दौरान कोटा, उदयपुर संभागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा एवं एक-दो स्थानों पर बहुत अधिक बारिश होने की संभावना है. भरतपुर, जयपुर, अजमेर, बीकानेर एवं जोधपुर संभागों के भी कुछ भागों में मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना है. इसी तरह पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर एवं बीकानेर संभागों के अनेक स्थानों पर 29 से 31 जुलाई तक बारिश में बढ़ोतरी होने तथा अनेक स्थानों पर हल्के से मध्यम एवं कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना है.

### खास बातें

- 29 से 31 जुलाई तक बारिश में बढ़ोतरी होगी
- आगामी एक सप्ताह मॉनसून के सक्रिय रहने की उम्मीद

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का मामला

# हैरिस ने आधिकारिक तौर पर उम्मीदवारी की घोषणा की

एजेंसी । वाशिंगटन



उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शनिवार को अपने फॉर्म पर हस्ताक्षर कर अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक रूप से घोषणा की और विश्वास व्यक्त किया कि वह पांच नवंबर को होने वाले चुनाव में जीत हासिल करेंगी. भारतीय-अफ्रीकी मूल की कमला हैरिस (59) ने 'एक्स' पर कहा, आज, मैंने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा करते हुए फॉर्म पर हस्ताक्षर किए. मैं हर वोट हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करूंगी. डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार ने पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपने चुनावी मुकाबले का जिक्र करते हुए कहा, नवंबर में, हमारा जन-संचालित अभियान जीतेगा. राष्ट्रपति जो बाइडन (81) ने रविवार को घोषणा की थी कि वह राष्ट्रपति पद का आगामी चुनाव नहीं लड़ेंगे. इसके साथ ही उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के तौर पर उपराष्ट्रपति हैरिस के नाम का अनुमोदन किया था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)